उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम

न्याय सब के लिए

ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन / फैक्स 05942–236552, ई–मेल : **slsa-uk@nic.in, ukslsanainital@gmail.com**

उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत
एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम

भाग–1
विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम – 1987

1. अधिनियम की संक्षिप्त जानकारी
2. अधिनियम का उद्‌देश्य

भाग–2
अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित मुख्य कृतकारियाँ°

1. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण
2. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
3. उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति
4. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति
5. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
6. तहसील विधिक सेवा समिति

भाग – 3
निःशुल्क कानूनी सहायता कार्यक्रम

1. निःशुल्क कानूनी सहायता का अभिप्राय
2. निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के कौन अधिकारी है।

भाग – 4
लोक अदालत :

1. लोक अदालत पंच परमेश्वर का ही एक रूप है।
2. न्यायालय में लंबित मुकदमों एवं अन्य सभी झगड़ों को लोक अदालत में निस्तारण कराया जा सकता है।
3. लोक अदालतों का आयोजन
4. लोक अदालत में झगड़ों के निस्तारण की प्रक्रिया
5. लोक अदालत का अवार्ड या अधिनिर्णय अब न्यायालय की डिक्री के समान होंगे।
6. लोक अदालत की शक्तियाँ°
7. लोक अदालत द्वारा सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित लंबित वाद में लोक न्यायालय में जमा कोर्ट फीस वापिस मिल जायेगी।
8. लोक अदालत के सुलहकर्ता दल द्वारा अवार्ड कैसे तैयार किया जायेगा।

भाग – 5
स्थाई लोक अदालत संबंधी नये प्रावधान :

1. सिविल प्रक्रिया संहिता की नई धारा 89 के अनुसार लंबित मुकदमों को लोक अदालत द्वारा मध्यस्थता या सुलह समझौते से तय करने संबंधी नये प्रावधान।
2. मुकदमेबाजी से पहले सुलह समझौते से झगड़ा तय करने बावत् स्थाई लोक अदालत सम्बन्धी अधिनियम की धारा 22–क के अधीन नई व्यवस्था।
3. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अन्तर्गत स्थाई लोक अदालत की स्थापना।

भाग – 6
उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों में कानूनी सहायता कार्यक्रम

1. अल्मोड़ा
2. बागेश्वर
3. चमोली
4. चम्पावत
5. देहरादून
6. हरिद्वार
7. नैनीताल

8. पौड़ी गढ़वाल
9. पिथौरागढ़
10. रूद्रप्रयाग
11. टिहरी गढ़वाल
12. उधम सिंह नगर
13. उत्तरकाशी

भाग—1

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम — 1987

1. अधिनियम की संक्षिप्त जानकारी :

''न्याय सबको मिले, के उद्देश्य की पूर्ति हेतु कानून बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी'' ?

जहां एक तरफ संविधान के अनुच्छेद 14 में सबको समानता का मौलिक अधिकार दिया गया हैं वही ऐसे मौलिक अधिकारों को उपलब्ध कराने हेतु उच्च न्यायालय से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत एवं उच्चतम न्यायालय में अनुच्छेद 32 के माध्यम से रिट दायर करके सभी मौलिक अधिकारों की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन न्यायालय की शरण में जाने के लिए वकील एवं मुकदमा लड़ने के लिए बहुत खर्चा करना पड़ता है जो कि एक आम आदमी के लिए कठिन कार्य है। संविधान के निर्माताओं ने मौलिक अधिकारों को आम आदमियों तक उपलब्ध कराने के लिए उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में रिट के माध्यम से 200/—रुपये मात्र फीस देकर इनकी प्राप्ति की सुविधा उपलब्ध करायी है, परन्तु दुख की बात यह है कि इसका लाभ केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ व्यक्ति एवं अन्य उद्योगपति ही ले रहे है क्योंकि उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में वकीलों की फीस हजारों रुपये होती है जो कि आम आदमी की शक्ति से बाहर है। यह स्थिति प्रायः जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालयों में भी देखने को मिली जिससे यह अनुभव किया गया कि आम आदमी के पास पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण वह न्याय प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पर रहा है। इसके परिणामस्वरूप जहाँ एक तरफ संविधान के अनुच्छेद 39 को संशोधित करते हुए 39—क के अन्तर्गत सरकारी नीति निर्देशक प्रावधानित किया गया तथा असहाय, निर्बल व दलित व्यक्ति के लिए इस बात की व्यवस्था की गई कि उसे निःशुल्क कानूनी सहायता सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध हो सके। यह संशोधन 1976 में किया गया तथा इसको लागू करने के लिए कई कार्य योजनाएं बनायी गयी और केन्द्र स्तर एवं राज्य स्तर पर विधिक सहायता एवं परामर्श बोर्डों का गठन किया लेकिन इन सभी एजेंसियों के पास कोई कानूनी शक्ति नहीं थी इसलिए यह अनुभव किया गया कि कानून बनाकर इनकों शक्तियाँ उपलब्ध करायी जायें ताकि आम आदमी को न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य की वास्तविक प्राप्ति की जा सकें। इसी के अनुपालन में सन् 1987 में निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने एवं अन्य कानूनी सुविधा एवं अन्य कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 सृजित किया गया जिसमें इस बात का विशेष ध्यान दिया गया है कि ऐसे प्राधिकरणो को व्यापक शक्तियाँ दी जायें और कानूनी सहायता कार्यक्रम चलाने के लिए उन्हें पर्याप्त धन भी उपलब्ध कराया जाये। इसी के परिणामस्वरूप अब जो भी कानूनी सहायता कार्यक्रम चलाये जाते है उनमें इन प्राधिकरणों को पर्याप्त शक्तियाँ एवं साधन उपलब्ध कराया गया है तथा जो भी सुलह द्वारा समझौते किये जाते हैं उसको न्यायालय की डिक्री का रूप भी दिया गया है। इसी प्रकार केन्द्रीय स्तर पर केन्द्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन करने की व्यवस्था की गयी और उच्चतम न्यायालय के स्तर पर जो कानूनी सहायता समिति गठित की गयी है उनसे भी यह स्पष्ट अपेक्षा की गयी है कि अपने स्तर से हर प्रकार से निर्धन, असहाय एवं अक्षम व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें न्याय उपलब्ध कराने के सिद्वांतों को साकार करें। 1987 में यह कानून बनाकर सभी राज्यों में व्यापक रूप से कानूनी सेवा कार्यक्रमों को मूर्त रूप दिया गया और आम आदमी को उसके द्वार पर न्याय देने का प्रयास किया गया लेकिन अभी भी आम आदमी को न्याय मिलने की मंजिल बहुत दूर थी जिसके रास्ते को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सन् 2002 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम संशोधित करते हुए इसमें सुलह—समझौते को और व्यापक रूप देने के उद्देश्य से स्थायी लोक अदालत का गठन करने की व्यवस्था की गयी है इस स्थायी लोक अदालत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उदेद्श्य से इसके क्षेत्राधिकार को और व्यापक बनाकर सभी प्रकार की लोक सेवाओं को आम आदमी तक सुनिश्चित करने के लिए स्थायी लोक अदालत को सशक्त किया गया। इसके अतिरिक्त अदालतों में जो भी मुकदमें दायर किये जायेंगे या लम्बित हैं उनको भी न्यायालयों की सेवाओं का प्रयोग करते हुए सुलह—समझौते से निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा, इसी परिप्रेक्ष्य में सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 89—क को संशोधित करते हुए सुलह—समझौते की

व्यवस्था की गयी है उसका प्रयोग इसी विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जायेगा। इसी प्रकार जो आम आदमी को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का सपना सन् 1976 में देखा गया, जिसको प्रारम्भ में संविधान के अनुच्छेद 39—क द्वारा जोड़ा गया था, उसको विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के रूप में कानून बनाकर तहसील से लेकर उच्चतम न्यायालय तक कार्यरत करते हुए प्राधिकरणों एवं समितियों को पर्याप्त शक्तियाँ उपलब्ध करायी गयी और अन्ततोगत्वा 2002 में इसी विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को व्यापक रूप से संशोधित करते हुए एक नई संस्था ''स्थायी लोक अदालत'' को जन्म दिया गया। इन सभी कानूनों को बनाने की मन्शा यह है कि इनके अन्तर्गत जो भी निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की एजेंसियाँ है चाहें वह तहसील स्तर पर तालुका विधिक सहायता समिति हो या जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हो या राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हो, सब इस बात का प्रयास करें कि आम आदमी को न्याय मिलना सुनिश्चित हो सके और कोई भी व्यक्ति अपनी असमर्थता या असक्षमता के कारण न्याय से वंचित न हो।

2— अधिनियम का उद्‌देश्य :—

इस अधिनियम का उद्‌देश्य निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता उपलब्ध कराना सुलह—समक्षौते के आधार पर वादों के निस्तापन हेतु पक्षकारों को प्रोत्साहन करना एवं लोक अदालतों का आयोजन करना तथा आम जनमानस में विधिक का प्रचार—प्रसार करना है। इसके अन्तर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन करके समाज के कमजोर वर्गो को, जो आर्थिक या अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय प्राप्त करने से वंचित रहते हैं, उनकों निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराना तथा न्यायालय में लम्बित मामलों को सुलह समझौते द्वारा निस्तारण करने के लिये लोक अदालतों का आयोजन करना है। निःशुल्क कानूनी सहायता एक जन कल्याणकारी कार्यक्रम है क्योंकि हमारे देश में आज भी अधिसंख्य स्त्री, पुरुष और बच्चों को अशिक्षा एवं अज्ञानता से ग्रसित होने के साथ—साथ साधनों के अभाव में समाज के शक्तिशाली वर्ग के विरूद्व दृढ़तापूर्वक अपने अधिकारों की मांग नहीं कर पाते हैं जिससे ऐसे असहाय और निर्बल वर्ग के लिये विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विधिक सेवा समितियों के माध्यम से जनमानस को सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिये आश्वस्त किया जाता है। इस कार्यलम को कानूनी रूप देकर और सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है।

भाग—2

अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित मुख्य कृतकारियाँ°

निःशुल्क कानूनी सहायता तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय स्तर पर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं उच्चतम न्यायालय स्तर पर उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से प्राप्त की जाती है। अब निःशुल्क कानूनी सहायता एवं लोक अदालत को इस अधिनियम के माध्यम से विधिक रूप दिया गया है और इनकी देखभाल करने का दायित्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जिला स्तर पर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति को उच्च न्यायालय स्तर पर तथा उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति को उच्चतम न्यायालय स्तर पर सुपुर्द किया गया है इसलिये इनकी संक्षिप्त जानकारी होनी परम आवश्यक है कि इन सभी विभिन्न स्तरों पर कार्यरत एजेंसियों का कार्यक्षेत्र क्या है :—

1. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण :—

जहां प्रत्येक राज्य में राज्य सरकारों द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन किया गया है जो अपने राज्य के अन्तर्गत सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समितियों का गठन करती है वहीं दूसरी और राष्ट्रीय स्तर पर इस अधिनियम के अन्तर्गत जो प्राधिकरण सृजित किया गया है उसका नाम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण है जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राष्ट्रपति की सलाह पर उच्चतम न्यायालय का एक सेवारत न्यायाधीश **या सेवानिवृत्त न्यायाधीश** इसका कार्यपालक अध्यक्ष होता है और एक सदस्य सचिव एवं अन्य सदस्य होते है जिसकी व्यापक व्यवस्था इस अधिनियम में की गयी है। इसी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से ही उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा

समिति का **गठन** किया जाता है और यह प्राधिकरण विधिक सेवा उपलब्ध कराने के लिये नीतियाँ और सिद्धान्त अभिकथित करती है तथा विधिक सेवा उपलब्ध कराने के प्रयोजन से प्रभावी एवं कम खर्चीली योजनाओं को तैयार करना तथा राज्य प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निधि का आबंटन करना और इसके साथ–साथ उपभोक्ता संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का समाज के कमजोर वर्गो के लिये सामाजिक न्याय सम्बन्धी मुकदमों के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त सभी विधिक समितियों के कार्यक्रमों को मोनिटर करना और विभिन्न स्वैच्छिक समाज सेवी संस्थाओं और राज्य तथा जिला प्राधिकरणों को विनिर्दिष्ट स्कीमों के लिये सहायता एवं अनुदान देना है। अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर जो भी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थापित किये गये है उन सभी का नेतृत्व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जाता है।

2. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण :–

प्रत्येक राज्य में जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गठित किये गये है एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समितियों का गठन किया गया है। इन सभी की देखरेख का दायित्व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का है जिसमें इस अधिनियम के अन्तर्गत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को मुख्य संरक्षक बनाया गया है और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से इसके राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति राज्यपाल द्वारा उच्च न्यायालय के आसीन **या** सेवारत न्यायाधीश में से की जाती है तथा इस राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा राज्य उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारी को सदस्य–सचिव के रूप में नियुक्त किया जाता है। इसके अतिरिक्त इस प्राधिकरण में महाधिवक्ता, सचिव राज्य परिषद, प्रमुख सचिव वित्त एवं न्याय विभाग, पुलिस महानिदेशक, अध्यक्ष अनुसूचित जाति, जनजाति एवं मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से दो जिला न्यायाधीश तथा बार कौंसिल के नाम निर्दिष्ट सदस्य एवं 6 अन्य सदस्यों के भी नाम निर्दिष्ट करने की व्यवस्था है जो समाजसेवी, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं विधि क्षेत्र के प्रख्यात व्यक्ति होते हैं। इस राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कृत्यों में मुख्यतः विधिक सेवा देने सम्बन्धी मापदण्डों की पूर्ति करना, लोक अदालतों का संचालन करना, विधिक सहायता कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना तथा ऐसे अन्य कृत्यों का पालन करना है जो राज्यों विधिक सेवा प्राधिकरण केन्द्रीय प्राधिकरण के परामर्श से सुनिश्चित करती है जिले में जो विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है उनका गठन भी इसी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ही किया जाता है एवं इसके कार्यो का मार्गदर्शन इसी के द्वारा किया जाता है।

3. उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति :–

उच्चतम न्यायालय में कार्यरत विधिक सेवा समिति का अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय में आसीन न्यायाधीश होता है जिसका चयन मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया जाता है और इस समिति के सचिव एवं अन्य सदस्यों की पदावधियां केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाये गये अधिनियम द्वारा अभिनिर्धारित की जाती है क्योंकि पक्षकारों के मामले किसी भी स्तर पर लम्बित हो सकते है और उनके निस्तारण के लिये लोक अदालतों का आयोजन भी भिन्न–भिन्न स्तरों पर किया जाना वांछनीय है। अतः जहां जिला स्तर पर लोक अदालतों के आयोजन का दायित्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष का होता है वही उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय स्तर पर यह कार्य उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्षों का है। इस प्रकार हर स्तर पर लोक अदालतों का आयोजन करने के लिये अलग–अलग व्यवस्था इस अधिनियम के अन्तर्गत की गयी है।

4. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति :–

उच्च न्यायालय से सम्बन्धित मामलों में विधिक सेवा प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्येक उच्च न्यायालय के लिये एक समिति गठित की गयी है जिसको उच्च नयायालय विधिक सेवा समिति के नाम से जाना जाता है। जिसका अध्यक्ष उच्च न्यायालय में आसीन न्यायाधीश होते है और उच्चतर न्यायिक सेवा का एक अधिकारी इसमें सचिव के रूप में कार्य करते है। इस समिति के कृत्य ऐसे सभी मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करना होता है जो उच्च न्यायालय में लम्बित है और समय–समय पर जो उच्च न्यायालय में लोक अदालत आयोजित की जाती है वह भी इसी समिति के माध्यम से की जाती है।

5. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण :–

प्रत्येक जिले में राज्य सरकार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इस प्राधिकरण में जिला न्यायाधीश अध्यक्ष होता है तथा सिविल न्यायाधीश के स्तर का अधिकारी इस प्राधिकरण में

सचिव के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण में जिला मजिस्ट्रेट, ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला सरकारी अधिवक्ता–दीवानी, जिला सरकारी अधिवक्ता फौजदारी एवं **माल** एवं 6 अन्य सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया जाता है जो सामाजिक कार्यकर्ता या विधि क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्ति होते है जिनकी सेवाओं को प्राधिकरण द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। जहाँ तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कृत्यों का प्रश्न है उसमें कानूनी निःशुल्क सहायता देना तथा लोक अदालतों का आयोजन करना एवं अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अन्य सरकारी अभिकरणों, गैर सरकारी संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के समन्वयन से कार्य करना भी सम्मिलित है प्रत्येक जिले में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त तहसील स्तर पर भी विधिक सेवा समितियों के गठन की व्यवस्था की गयी है जो तहसील में विधिक सेवाओं के क्रिया–कलापों का समन्वयन करने के साथ–साथ तहसील के अन्दर लोक अदालतों को आयोजन भी करती है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जो कृत्यों को समुनादिष्ट किया जाता है उसका भी यह पालन सुनिश्चित कराती ळें उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणोंका गठन किया जा चुका है तथा समस्त जिला प्राधिकरणों में सिविल जज (सीनियर डिवीजन) स्तर के न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति सचिव के पद पर स्वतंत्र रूप से की गयी है।

6. तहसील अथवा तहसील विधिक सेवा समिति :–

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरह ही तालुक अर्थात् तहसील के लिए अधिनियम की धारा 11–ए में यह व्यवस्था दी गयी है कि उसमें तहसील के वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी को उसका चेयरमैन बनाया गया है और इस समिति के जो सदस्य होंगे उनकी संख्या अनुभव एवं योग्यता आदि भी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी, इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरह ही इसके सदस्य होते है, जिनको राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट से राय लेकर नामित किये जायेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुक विधिक सेवा समिति में जो भी सदस्य होंगे उनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा मुख्य न्यायाधीश की राय से की जायेगी। परन्तु तहसील विधिक सेवा समिति में जो भी अधिकारी या कर्मचारी नियुक्त किये जायेंगे उनकी नियुक्ति समिति द्वारा की जायेगी जहां तक इस के कार्य क्षेत्र का प्रश्न है, मुख्यतः वही हैं जो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का है परन्तु तहसील स्तर पर ऐसी कार्यवाही करने के लिए निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से लेने होंगे।

भाग – 3

निःशुल्क कानूनी सहायता कार्यक्रम

1. निःशुल्क कानूनी सहायता का अभिप्राय :–

अक्सर गरीबी, निर्धन, असहाय एवं दुर्बल लोगों पर धनवान, शक्तिमान एवं बलवान हावी हो जाते है और इन कमजोर लोगों के पास मुकदमा लड़ने के लिये धन नहीं होता है जो उनका आर्थिक मजबूरी का कारण बन जाता है। अतः ऐसे दुर्बल व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता देकर उन्हें साहस एवं सामर्थ्या उपलब्ध कराना होता है। निःशुल्क कानूनी सहायता के अन्तर्गत तहसील स्तर पर विधिक सेवा समितियां, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय स्तर पर उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति एवं उच्चतम न्यायालय स्तर पर उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है जहां पर न्याय की आकांक्षा रखने वाले व्यक्ति की पूरी बात सुनकर उपलब्ध कागजातों का अध्ययन करके विधि विशेषज्ञ लिखित रूप में अपना परामर्श प्रदान करते हैं और यदि इस परामर्श के अनुसार न्यायालय में वाद या प्रतिवाद प्रस्तुत करने की आवश्यकतानुसार न्याय शुल्क भी प्रदान किया जाता है। जहां दस्तावेजों की न्यायालय में प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो तो ऐसे दस्तावेजों की नकल के लिये खर्चा भी दिया जाता है। इसके अतिरिक्त गवाहों को न्यायालय तक लाने व ले जाने एवं पैरवी का खर्चा भी विधिक सेवा प्राधिकरण या समितियों द्वारा ही वहन किया जाता हैं। इस प्रकार निःशुल्क कानूनी सहायता में दीवानी, फौजदारी और राजस्व के मुकदमों के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उत्साही एवं कुशल अधिवक्ताओं की सूची बनायी जाती है और जिन निर्धन एवं निर्बल वर्ग को कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है उनके उपस्थित होने पर उनके मुकदमों की प्रकृति को देखते हुये उसके अनुरूप चयनित अधिवक्ता की सेवा उसे उपलब्ध करायी जाती है। इन अधिवक्ताओं की फीस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आंवटित राशि से उपलब्ध की जाती है। अनेक बार ऐसा भी अवसर आता है कि जब उत्साही अधिवक्ता स्वयं निःशुल्क कानूनी सहायता देने के लिये तत्पर हो जाते है।

2. निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के कौन–कौन से पात्र है :–

सभी निर्धन, निर्बल एवं असहाय व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त करने के अधिकारी है। जहाँ तक निर्बल एवं असहाय व्यक्ति का प्रश्न है उसमें कोई आय की सीमा निर्धारित नहीं की गयी है यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का सदस्य हो, स्त्री या बच्चा हो, मानसिक रूप से अस्वस्थ या अन्यथा असमर्थ हो या अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति इन सबके लिये वार्षिक आय की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गयी है तथा यह सभी निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के पात्र है। इसके अतिरिक्त ऐसा कोई व्यक्ति जो उपर्युक्त श्रेणी में न आता हो तो वह भी कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है किन्तु उनके संबंध में यह शर्त निर्धारित की गयी है कि उनकी समस्त श्रोतों से वार्षिक आय रु. 3,00,0000/– (तीन लाख रुपया) तक हो। इसके अतिक्ति उत्तराखण्ड राज्य में भूत–पूर्व सैनिकों जो 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, हिजड़ा समुदाय, एच0 आई0 वी0/एड्स से संक्रमित व्यक्ति को भी विधिक सहायता प्राप्त करने के हकदार व्यक्तियों की श्रेणी में लाया गया है। प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो निर्धन हो या निर्बल हो, जिसका विवरण उपर्युक्त दिया गया है उसे यदि कानूनी सहायता प्राप्त करनी है तो उसके लिये प्रत्येक जिले में गठित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को सादे कागज पर या संलग्न प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत कर सकता है जिसमें मुकदमें का संक्षिप्त विवरण दिया जायेगा तथा पात्रता के संबंध में समस्त श्रोतों से आय का प्रमाण अथवा जाति का प्रमाण शपथ–पत्र दाखिल करके दिया जा सकता है जैसा कि इस अधिनियम की धारा 13(2) में व्यवस्था की गयी है।

भाग – 4

लोक अदालत

1. लोक अदालत पंच परमेश्वर का ही एक रूप है :

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सपनों के भारत में जिस रामराज्य की कल्पना की गयी थी वह वास्तव में ग्राम पंचायतों की व्यवस्था पर टिका हुआ है और बापू की इस परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में ग्राम पंचायत के गठन और उनके विकास पर विशेष बल दिया गया था परन्तु दुख का विषय है कि ग्राम स्तर पर बढ़ती हुयी आपसी पार्टीबाजी के फलस्वरूप यह राजराज्य का वातावरण दूषित हो गया और गाँव के लोग छोटे–मोटे मुकदमों के निपटारे के लिये भी न्यायालय की शरण में आने लगे जिसमे मुकदमों का न्यायालय में अम्बार हो गया और छोटे–मोटे वाद भी वर्षो निर्णय की प्रतीक्षा में रहने लगे जिससे वादी और प्रतिवादी तारीख पर तारीख न्यायालयों के चक्कर लगाते है इससे उनके समय और धन की बर्बादी होती है। इस स्थिति से निपटने के लिये लोक अदालतों को प्रारम्भ किया गया। वैसे भले ही लोक अदालत वर्तमान स्वरूप में हमें एक नयी बात लगती हो परन्तु वास्तव में लोक अदालतें हमारे देश की प्रचलित न्याय की पुरातन परम्पराओं का ही नया रूप है। आज से सहस्त्रों वर्ष पूर्व पंच परमेश्वर की ही प्रमुख भूमिका रहती थी जो गांव बस्ती या समाज के ऐसे लोग होते थे जिनकी न्यायप्रियता एवं निष्पक्षता में किसी को सन्देह नहीं होता था इनके द्वारा किया गया न्याय न केवल सही अर्थों में सच्चा न्याय होता था बल्कि ये उभय पक्षों की आपसी कटुता और मन मुटाव को सदैव के लिये दूर करते थे। चूंकि हमारे न्यायालयों में जहां एक तरफ मुकदमेबाजी में भारी खर्च उठाना पड़ता है वहीं दूसरी और मुकदमों के निस्तारण में विलम्ब तथा जटिल प्रक्रियाओं के कारण त्वरित एंव सस्ता न्याय उपलब्ध नहीं हो पाता और इन समस्याओं के समाधान के लिए लोक अदालतों को इस अधिनियम के माध्यम से अब कानूनी रूप दिया गया हैं।

2. न्यायालय में लम्बित मुकदमें एवं अन्य सभी झगड़ों का लोक अदालत में निस्तारण कराया जा सकता है :–

लोक अदालतों के माध्यम से केवल न्यायालय में लम्बित मामलों का ही निस्तारण सुलहकर्तादल द्वारा नहीं किया जाता है बल्कि जो वाद न्यायालय में लम्बित नहीं है उनका भी लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किया जा सकता है। चूंकि कभी–कभी पक्षकारों के मामले ऐसे होते हैं जिनमें अभी चिंगारी धधक रही होती है जो कभी भी ज्वाला बनकर दोनों पक्षकारों को जला सकती है। अतः दोनों पक्ष अथवा उनके हितैषियों की यह आन्तरिक कामना रहती हैं कि उनकी यह समस्या सुलझ जाये और ऐसे सभी पति–पत्नी के बीच झगड़े, भाई–भाई के बीच झगड़े या अन्य पारिवारिक झगड़े तथा पड़ोसियों के बीच मनमुटाव इत्यादि के मामलों का सुलह समझौते के माध्यम से लोक अदालतों में निस्तारण किया जाता है जिससे दोनों पक्ष फिर से आपस में भाई चारे को लेकर लौटते हैं और भविष्य में पक्षकारों के बीच मुकदमेबाजी से बच सकते है। अतः लोक अदालत केवल न्यायालय में लम्बित मामलों का ही निस्तारण नहीं करते हैं। बल्कि अदालतों में मुकदमा आने से पहले जो झगड़ा होता है उसका निस्तारण भी किया जाता है। इसके साथ–साथ न्यायालय में लम्बित मोटर दुघर्टना

प्रतिकर वादों एवं फौजदारी के ऐसे सभी मुकदमों, जो सुलह समझौते से निस्तारित किये जा सकते हैं तथा राजस्व मामलों का निस्तारण भी लोक अदालतों के माध्यम से किया जाता है क्योंकि सभी मामलों में कानूनी मुद्दा इनके निस्तारण में नहीं रहता है। मोटर दुर्घटना वादों में मृत्यु होती है अथवा यदि किसी को चोटें आती हैं उसके निस्तारण के लिये क्षतिपूर्ति के मापदण्ड भी निश्चित हैं जिनके बिना किसी परेशानी के सुलह बीमा कम्पनियों के सक्रिय सहयोग के द्वारा निस्तारण आसानी से किया जा सकता है। इसी तरह फौजदारी के छोटे–मोटे मुकदमे जो जुर्माने से दण्डनीय होते हैं का सुलह के आधार पर निस्तारण हो सकता है उनको भी आसानी से तय किया जा सकता है इससे पक्षकारों को अदालत के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं और लोक अदालत की तिथि पर उनके द्वारा अपने अपराध की स्वीकृति करने पर उचित जुर्माना अदा करके अपने मुकदमे से छुटकारा पा सकते हैं और इससे न्यायालय के कीमती वक्त की भी बचत हो जाती है तथा कम समय में अधिक मुकदमों का निपटारा हो जाता है।

3. अदालतों का आयोजन :

अधिनियम के अध्याय 6 के अन्तर्गत धारा 19 से लेकर 22 तक लोक अदालतों के आयोजन सम्बन्धी प्रावधान किये गये है उसमें लोक अदालत को उन्हीं मुकदमों में सुलह–समझौता करने का क्षेत्राधिकार होगा, जो कि उनकी लोक अदालत के सम्मुख हो और जो उनके सम्मुख लाये जाते है, लेकिन ऐसी किसी भी आपराधिक मामलों को लोक अदालत को तय करने का क्षेत्राधिकार नहीं होगा जो कि ऐसे अपराध से सम्बन्धित हो जिसको कि विधि में उपशमन नहीं किया जा सकता है। लोक अदालत के सम्मुख मुकदमें का संज्ञान लेने सम्बन्धी प्रक्रिया का उल्लेख इस अधिनियम की धारा 20 में इस प्रकार किया गया है कि जब लोक अदालत में धारा 19(5) के अर्न्तगत मामलों को निर्दिष्ट किया जाता है तो उसमें दोनों ही पक्षकार जहां अपने मामले को तय करने के लिये सहमत होते हैं या उनमें से एक पक्षकार न्यायालय से अनुरोध करता है कि उसका मामला लोक अदालत में तय कर दिया जाये और न्यायालय इससे संतुष्ट होता है कि मुकदमें को तय करने की सम्भावना है तो उस स्थिति में लोक अदालत को मामला भेजा जाता है या अन्य स्थिति में ऐसे मामले में जो न्यायालय इस बात से संतुष्ट हो कि वह लोक अदालत में तय किया जा सकता है उसको भी तय कराया जा सकता है। बशर्ते कि ऐसे मामले को लोक अदालत में देने से पहले दोनों पक्षकारों को सुनने का पर्याप्त अवसर दिया जाये। इस प्रकार लोक अदालत के सम्मुख जो मामला प्राप्त होता है उसको पक्षकारों के बीच सुलह–समझौते द्वारा निर्णीत करने का प्रयास लोक अदालत द्वारा किया जा सकता है।

जहाँ तक लोक अदालत के सम्मुख इन मुकदमों को तय करने का प्रश्न है, उसमें मात्र इतना ही ध्यान देना जरूरी है कि ऐसा समझौता करने सम्बन्धी कार्यवाही न्याय सम्मत एवं निष्पक्षता के सिद्धांतों के ही अनुकूल हो। जहाँ ऐसे मामलों को लोक अदालत से तय होना सम्भावित नहीं होता है तो उस मामले को लोक अदालत द्वारा यदि वह न्यायालय में लंबित है तो वापस भेज दिया जाता है और यदि लंबित नहीं है तो उस स्थिति में पक्षकारों को न्यायालय द्वारा तय करने के लिए उचित कार्यवाही करने की सलाह दे दी जाती है। लोक अदालत द्वारा जो फैसला दिया जाता है उसको विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत एवार्ड की संज्ञा दी गयी है। अतः जब पक्षकारों के बीच में सुलह–समझौता होता है तो उस दस्तावेज को एवार्ड मानते हुए उसे न्यायालय की डिक्री माना जाता है और यदि ऐसा मामला पहले न्यायालय में लंबित था तो उस स्थिति में पक्षकारों द्वारा मामला दायर करने पर जो कोर्टफीस अदा की गई थी उसको न्यायालय द्वारा उसी तरह सम्बन्धित पक्षकारों को वापस करने का आदेश करने का प्रावधान धारा 21 में दिया गया है जैसा कि कोर्टफीस अधिनियम 1870 के अन्तर्गत कोर्टफीस वापस करने का प्रावधान है। इस प्रकार जो न्यायालय द्वारा सुलह समझौता करके एवार्ड किया जाता है, वह दोनों पक्षकारों पर बाध्यकारी होता है और उसके विरूद्ध कोई अपील भी दायर नहीं की जा सकती।

जहाँ तक लोक अदालत के द्वारा ऐसे मामलों को तय करने सम्बन्धी शक्तियों का प्रश्न है, उसके बाबत् इस अधिनियम की धारा 22 के अन्तर्गत यह स्पष्ट प्रावधान है कि जो शक्तियाँ सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत मुकदमों की सुनवायी के लिए दी गयी हैं वे सब शक्तियाँ लोक अदालत के पास होंगी, जिसमें गवाहान को सम्मन करना, दस्तावेज दाखिल करना, शपथ पत्र पर साक्ष्य लेना, न्यायालय या अन्य कार्यालय से पब्लिक रिकार्ड या पत्रावली का मंगवाना इत्यादि–इत्यादि।

इसके अतिरिक्त यदि आवश्यकता पड़े तो लोक अदालत मुकदमे को तय करने सम्बन्धी अपनी भी अलग कोई प्रक्रिया अपनाने में स्वतंत्र है। अधिनियम में लोक अदालत को इतना सशक्त कर दिया गया है कि लोक अदालत के सम्मुख जो भी कार्यवाही होगी वो न्यायालय कार्यवाही मानी जायेगी और यदि इसमें कोई गड़बडी करता है या झूठ बोलता है तो उसके विरूद्ध न्यायिक अदालत की तरह भारतीय दण्ड विधान की धारा 193, 219 एवं 228 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकती है।

4. लोक अदालत में झगडों के निस्तारण की प्रलिया :

इन लोक अदालतों के अन्तर्गत अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों एवं विधिवेताओं के सहयोग से मामलों को सुलह समझौते से निस्तारित कराया जाता है जिसमें जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों की सूची पहले से बना ली जाती है और सुविधानुसार लोक अदालत की प्रत्येक बेंच में 3 या 4 प्रतिष्ठित नागरिक बैठते हैं जो दोनों पक्षों को सुनकर इस बात को जानने का प्रयास करते हैं कि झगड़े की कठिनाई कहां पर है और गुत्थी कहां नहीं सुलझ पा रही है। इन सुलहकर्ता दल में सदस्यों के रूप में प्रायः अधिवक्तागण, अवकाश प्राप्त अधिकारीगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता होते हैं और वादकारियों एवं उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद उन्हें इस बात को समझाने का प्रयास किया जाता हे कि उनकी भलाई किसमें है और कैसे दोनों पक्षकार सन्तुष्ट होते हुए आपस में समझौता करते है। प्रायः यह देखा गया है कि लोक अदालतों में सुलहकर्ता दल के सामने जब दोनों पक्षकार आमने–सामने बैठते हैं और यह सुलहकर्ता दल जो जिम्मेदार नागरिक होते हैं उनके विवादों को हल करने का प्रयास करते हैं तो मामले निपट जाते हैं क्योंकि दोनों पक्ष अपने बैर–भाव को भुलाकर आपस में संधि कर लेते हैं और इस प्रकार संधिपत्र न्यायालय की डिक्री का भाग बन जाता है जो दोनों पक्षों पर लागू होता है और जिसके विरूद्ध अपील नहीं की जा सकती है। इससे जहाँ केवल मुकदमों का निस्तारण ही नहीं होता है बल्कि यह उभयपक्षों की आपसी कटुता और मनमुटाव को सदा के लिये भी दूर कर देता है।

5. लोक अदालतों के अवार्ड या अधिनिर्णय अब न्यायालय की डिक्री के समान होंगे :

इस अधिनियम के बनने के बाद लोक अदालतों द्वारा सुलह समझौते में जब संधिपत्र तैयार किये जाते है वह तब तक प्रभावी नहीं हो सकते थे जब तक कि न्यायालय द्वारा इन पर आदेश पारित करके डिक्री का हिस्सा नहीं बनाया जाता था परन्तु अब इस अधिनियम के बनने के बाद धारा 21(1) में यह स्पष्ट व्यवस्था कर दी गयी है कि लोक अदालतों को प्रत्येक अधिनिर्णय को सिविल न्यायालय की डिक्री का आदेश समझा जायेगा यह धारा 21 इस प्रकार है।

21:– 1– लोक अदालत का प्रत्येक अधिनिर्णय, यथास्थिति सिविल न्यायालय की डिक्री या किसी अन्य न्यायालय का आदेश समझा जायेगा और जहां किसी लोक अदालत द्वारा धारा 20 की उपधारा–1 के अधीन उसको निर्दिष्ट किसी मामले में समझौता कराया या परिनिर्धारण किया गया है वहां ऐसे मामले में संदत न्यायालय फीस, न्यायालय फीस अधिनियम 1870 के अधीन उपबन्धित रीति से लौटा दी जायेगी।

2– लोक अदालत द्वारा किया गया प्रत्येक अधिनिर्णय अन्तिम और विवाद के सभी पक्षकारों पर आबद्ध कर होगा तथा अधिनिर्णय के विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई अपील नहीं होगी।

6. लोक अदालतों की शक्तिया :

चूँकि अब इस अधिनियम के बनने के बाद लोक अदालतों को सिविल न्यायालय की सभी शक्तियां दे दी गयी हैं इसलिये अब लोक अदालतों में कार्यरत सभी सुलहकर्ता दल संधि पत्र तैयार किये जाते है उसको भी कानूनी रूप देकर जो न्यायालय को शक्तियां दी गयी थी वह सभी शक्तियां सुलहकर्ता दल को भी प्रदान की गयी हैं जो धारा 22 में उपबन्धित हैं वह इस प्रकार हैं।

22– (1) लोक अदालत की, इस अधिनियम के अधीन कोई अवधारणा करने के प्रयोजन के लिये, वही शक्तियां प्राप्त होगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के, अधीन सिविल न्यायालय में निम्नलिखित में से किसी विषय की बाबत् विचारण करते समय निहित होती है, अर्थात्–

- कः– किसी साक्षी को सम्मन कराना, हाजिर कराना और शपथ पर उसकी परीक्षा करना,
- खः– किसी दस्तावेज का प्रकटीकरण और उसको पेश किया जाना,
- गः– शपथ पत्र पर साक्ष्य ग्रहण करना,
- घः– किसी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या दस्तावेज अथवा ऐसे अभिलेख या दस्तावेज की प्रति की अध्यपेक्षा करना, और
- ङः– ऐसे अन्य विषय, जो विहित किये जाएं।

(2) उपधारा–1 में अन्तर्विष्ट शक्तियां की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्रत्येक लोक अदालत को उसके समक्ष आने वाले किसी विवाद के अवधारणा के लिये अपनी प्रक्रिया विनिर्दिष्ट करने की अपेक्षित शक्ति होगी।

(3) लोक अदालत के समक्ष सभी कार्यवाही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193, धारा 210 और धारा 228 के अर्थ के भीतर न्यायिक कार्यवाही समझी जायेगी और प्रत्येक लोक अदालत, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 195 और अध्याय 26 प्रयोजन के लिये सिविल न्यायालय समझा जायेगा।

लोक अदालतों का कार्य चूंकि न्यायालय की तरह पक्षकारों के विवादों का निस्तारण करना है जिसका प्रमुख माध्यम आपसी सुलह समझौता है इसलिये जो न्यायालय के पास अब शक्तियां थी वह सभी शक्तियां इस अधिनियम के माध्यम से लोक अदालतों को भी दी गयी है इसलिये अब लोक अदालतों के माध्यम से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वह न्यायालयों में लम्बित मुकदमों के जमाव को कम करने में सहायता देगी और इस प्रकार हमारी न्याय व्यवस्था को सुचारू रूप में चलाने में सहायता मिलेगी। अतः हम सबका यह कर्तव्य है कि लोक अदालतें, जो कि न्याय व्यवस्था में एक सहायक के रूप में है, हमें इसको अधिक बढ़ावा देना चाहिये ताकि न्याय की सेवा भली प्रकार की जा सके और हर निर्धन एवं बलवान व्यक्ति को समानता के आधार पर शीघ्र एवं सस्ता न्याय उपलब्ध हो सकें।

7:– न्यायालय में लम्बित वाद का लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण होने पर न्यायालय में जमा कोर्ट फीस वापस मिल जायेगी :

चूँकि सिविल कोर्ट में कोई भी मुकदमा कोर्ट फीस अदा करने के बगैर दायर नहीं किया जा सकता है इसलिये जितनी कीमत की झगड़े की सम्पत्ति होती है उस पर कुछ प्रतिशत धनराशि को मुकदमा दायर करते समय कोर्ट फीस के रूप में जमा करना पड़ता है। अब इस अधिनियम की धारा 20 में यह व्यवस्था कर दी गयी है कि पक्षकार यदि न्यायालय में लम्बित वाद को लोक अदालत द्वारा सुलह समझौते से तय कराना चाहते हैं तो उस न्यायालय में आवेदन करने पर उस आवेदन पर विचार करने के बाद उनके मामले को लोक अदालत द्वारा तय करने के लिये निर्दिष्ट करेगी जहाँ पर लोक अदालत के सुलहकर्ता दल दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद उनके बीच सुलह करवाकर संधि पत्र तैयार करा देते हैं जिससे उनका विवाद सुलझ जाता है तो वह एवार्ड तैयार किया जायेगा जो कि इस अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत न्यायालय की डिक्री के रूप में माना जायेगा जो पक्षकारों पर बाध्य होगा और उसके विरूद्ध अपील नहीं की जा सकेगी। इस धारा 21 में यह व्यवस्था दी गयी कि उस मुकदमें में जो कोर्ट फीस पहले न्यायालय में जमा कर दी गई थी वह उस व्यक्ति को वापस कर दी जायेगी जिसके द्वारा वह मुकदमें को दायर करते समय न्यायालय में जमा की गयी थी।

8. लोक अदालत के सुलहकर्तादल द्वारा एवार्ड कैसे तैयार किया जायेगा :–

जब पक्षकार यह चाहते हैं कि उनके झगड़े का निस्तारण लोक अदालत में सुलह समझौते से कराया जाये तो न्यायालय उस मामले को लोक अदालत को निर्दिष्ट करेगी जिस पर लोक अदालत उस मामले या विषय विवाद का निपटारा करने के लिये अग्रसर होगी और पक्षकारों के बीच समझौता करवायेगी जब मामला सुलझ जाता है तो उसका जो संधिपत्र तैयार होता है उसे एवार्ड अर्थात् अधिनिर्णय कहा जाता है जिसको सिविल न्यायालय की डिक्री के रूप में माना जाता है। इस एवार्ड या अधिनिर्णय को यदि वह अचल सम्पत्ति के संबंध में है तो पंजीकृत किया जाना परम आवश्यक है और सम्पत्ति के मूल्य के अनुसार निर्धारित स्टाम्प पेपर पर लिखा जाता है। जहाँ तक वैवाहिक संबंधों के बाबत् झगड़े को निपटाने के अधिनिर्णय या अवार्ड का प्रश्न है उसको बिना स्टाम्प ड्यूटी के साधारण पेपर पर लेखबद्ध किया जा सकता है। इसी प्रकार मोटर दुर्घटना सम्बन्धी मामलों के सुलह समझौते के अवार्ड पर भी कोई स्टाम्प ड्यूटी की आवश्यकता नहीं होती। इसे साधारण पेपर पर बीमा कम्पनी एवं पक्षकारों का सुलहकर्ता दल के हस्ताक्षरों के साथ हस्ताक्षर होना पर्याप्त होता है। यदि यह ऐसा मामला हो जो न्यायालय में लम्बित था तो उसकी जो कोर्ट फीस न्यायालय में जमा करायी गयी थी उसको वापस लेने के लिए उस न्यायालय से अनुरोध किया जायेगा जो ऐसे झगड़े के लोक अदालत में निपटारे के कारण न्यायालय कोर्ट फीस वापिस करने के आदेश पारित करेगा। यदि न्यायालय में लम्बित मुकदमें का लोक अदालत से सुलह समझौते से निस्तारण नहीं हो पाता तो उसको पुनः न्यायालय में वापिस कर दिया जायेगा ताकि न्यायालय उसको विधिवत तय कर सके। यह कहना गलत न होगा कि लोक अदालत एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें दोनों पक्षों की जीत होती है तथा वातावरण में प्रेम और सौहार्द का सृजन होता है। इसलिये इस सेवा का पूरी तरह से प्रयोग करने से समाज निश्चित रूप से लाभान्वित होगा और इससे हमारी न्यायिक व्यवस्था को भी बल मिलेगा।

भाग–5

स्थाई लोक अदालत संबंधी नये प्रावधान

1– सिविल प्रक्रिया संहिता की नई धारा 89 द्वारा न्यायालय में लम्बित मुकदमों को लोक अदालत द्वारा मध्यस्थम या सुलह–समझौते से तय करने सम्बन्धी नये प्रावधान

सिविल प्रक्रिया संहिता में वर्ष 2002 के संशोधन के परिणाम स्वरूप अब अदालत में लंबित मुकदमों का निस्तारण भी लोक अदालत या मध्यस्थतम या सुलह–समझौते से करने हेतु प्रावधान किये गये हैं, उसके अनुसार सभी अदालतें मुकदमों को न्यायालय के बाहर भी तय कर सकती है। जब न्यायालय में लम्बित मुकदमों के बारे में यदि न्यायालय को यह प्रतीत होता है कि पक्षकारों के बीच में सलुह–समझाते से ऐसे मामले तय हो सकते हैं तो इस बारे में पक्षकारों से पूछकर न्यायालय ऐसे किसी सम्भावित समझौते की सम्भावना में उसके बीच समझौता करने के लिए न्यायालय में लंबित झगड़ों को निम्नलिखित माध्यमों से न्यायालय के बाहर तय करने का आदेश पारित कर सकती है :–

1– मध्यस्थतम द्वारा।

2– सुलह–समझौते द्वारा।

3– लोक अदालत द्वारा।

4– मीडिएशन द्वारा।

जहाँ तक मध्यस्थतम द्वारा मुकदमों को तय करने का प्रश्न है, उसके लिए ऐसी कार्यवाही हेतु मध्यस्थतम अधिनियम 1996 के अन्तर्गत ही ऐसी कार्यवाही की जा सकती है और जब ऐसे मुकदमों को लोक अदालत के माध्यम से तय कराना हो तो उसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 20(1) के अन्तर्गत न्यायालय ऐसे मुकदमों को लोक अदालत में तय करने के लिए निर्देश करेगी।

जहाँ तक मीडिएशन से मुकदमा तय करने का प्रश्न है, उसके लिए अलग से ऐसा कोई प्रावधान बनाने की आवश्यकता नहीं है मध्यस्थतम एवं सुलह–समझौते हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण के जो कानून हैं, वे अपने आप में पूर्णतया पर्याप्त हैं।

2– मुकदमेबाजी से पहले झगड़े को सुलह–समझौते से तय करने सम्बन्धी स्थाई लोक अदालतों के नये अधिनियम की धारा 22–ए के अधीन नई व्यवस्था

सन् 2002 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में जो संशोधन करके स्थाई लोक अदालत की व्यवस्था की गयी है,
उसमें न्यायालय में दाखिल मुकदमें का रूप धारण नहीं करती है बल्कि उससे पहले झगड़ों को स्थाई लोक अदालत से तय करने सम्बन्धी व्यवस्था की गयी है उसमें लोक अदालत के अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत को सीमित करने का प्रावधान नई धारा 22–बी में किया गया है, जिसके अनुसार स्थाई लोक अदालतों की स्थापना मे जो कि अधिसूचना द्वारा की जायेगी, उसमें एक सदस्य न्यायिक अधिकारी अतिरिक्त जिला जज स्तर के हो सकते है, वह अध्यक्ष होंगे और दो ऐसे सदस्य जिनको पर्याप्त सामाजिक सेवाओं का ज्ञान एवं अनुभव हो वह दूसरे सदस्य होंगे जो राज्य प्राधिकरण के द्वारा उनकी नियुक्ति की जायेगी। जहाँ तक इसकी प्रक्रिया का प्रश्न है, ऐसी स्थाई लोक अदालत के सम्मुख सम्बंधित पक्षकारों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है और उसके क्षेत्राधिकार के बाबत् भी पूर्ण व्यवस्था इसी अधिनियम की धारा 22क में की गयी है। अब ऐसे मामले झगड़ों के निस्तारण के लिए सीधे न्यायालय में नही जायेंगे, क्योंकि वह व्यक्ति इस झगड़े को स्थाई लोक अदालत के सम्मुख ले जाकर तय करा सकता है, बशर्ते कि ये झगड़े उस प्रकृति के हों जिसका उल्लेख इसमें किया गया है। इसलिए यह स्पष्ट करना उचित होगा कि लोक अदालत की कार्यवाही एवं स्थापना सम्बन्धी सारी व्यवस्था जहां धारा 19 से लेकर धारा 22 तक की गयी है, वहीं दूसरी और एक नया संशोधन कर स्थाई लोक अदालत स्थापित करने का प्रावधान किया गया है और इन दोनों में मुख्य अंतर यह है कि जहाँ लोक अदालत में ऐसे मामले को निस्तारण होता है जो न्यायालय में लम्बित है, जबकि धारा 22–बी में स्थापित स्थाई लोक अदालत में केवल वही मुकदमें लिये जाते हैं, जिसने न्यायालय में मुकदमें का रूप धारण नहीं किया हो।

3– विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अन्तर्गत स्थाई लोक अदालतों को स्थापित करना।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम में सन् 2002 के अधिनियम संख्या 37 द्वारा संशोधित करके धारा 22ख के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्थाई लोक अदालतों को स्थापित करने का प्रावधान किया गया है जो इस प्रकार है। धारा 20–ख के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 22–क के खण्ड–ख के अधीन यथा परिभाषित

समस्त जन उपयोगी सेवाओं के बारे में राज्य के प्रत्येक जनपद में स्थाई लोक अदालतें स्थापित की जायेंगी जो कि अपने ही क्षेत्रों में अधिकारिता का प्रयोग करेगी।

इस अधिनियम की धारा 22–ख की उप धारा 2 के खण्ड–ख के अधीन यथा परिकल्पित, आवश्यक सिफारिश करने तथा नाम निर्देशन के पश्चात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक वर्ष की कालावधि के लिए इन स्थाई लोक अदालतों के अध्यक्षों द्वारा सदस्यों के रूप में नियुक्ति की जायेगी। जहाँ तक अध्यक्षों का प्रश्न है वह प्रायः जिला जज होंगे और अन्य दो सदस्य अलग स्तर से योग्य व्यक्ति हो सकते है। जहाँ तक स्थाई लोक अदालतों के स्थापन का प्रश्न है वह सीधे राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की जायेगी। जिसके लिए सेवा प्राधिकरण की ओर से सभी जनपदों के लिए या किसी विशेष जनपदों के लिए ऐसी किसी लोक अदालतों के स्थापन हेतु अधिसूचना जारी होगी, जिसमें स्थाई लोक अदालत का नाम व स्थान का उल्लेख करके अध्यक्ष, सदस्य का पद नाम या नाम एवं जिस क्षेत्र में स्थाई लोक अदालत का नाम व स्थान करायेगी वह स्थान एवं अधिनियम की धारा 22–क के अधीन यथा परिभाषित जन–उपयोगी सेवाओं का उल्लेख किया जायेगा। ऐसी लोक अदालतों में मुकदमें केवल आपसी एक दूसरे के झगड़े ही नहीं आते, बल्कि ऐसी सभी जन उपयोगी मामलों को निस्तारण किया जाता है। निश्चय ही यदि ध्यान से देखा जाये तो ये जन उपयोगी सेवा कुछ हद तक उपभोक्ता फोरम के अन्तर्गत मामलों की तरह ही होती है। लेकिन उसमें चूंकि विशेष अधिनियम बनाकर ऐसी शक्तियाँ दी गयी हैं वहीं दूसरी और जिला जज की अध्यक्षता में दो सदस्यों के साथ ही स्थाई लोक अदालत के अन्तर्गत भी जन उपयोगी सेवाओं का निर्धारण किया जा सकता है। अधिनियम की धारा 22–ख के अन्तर्गत कई राज्यों के प्रायः सभी जिलों में स्थाई लोक अदालतों का सृजन किया गया है उत्तराखण्ड में भी स्थाई लोक अदालत स्थापित करने के अन्तर्गत चार जिलों देहरादून, हरिद्धार, ऊधम सिंह नगर, तथा नैनीताल में स्थायी लोग अदालत स्थापित की जा चुकी है तथा अन्य जिलों में शीघ्र ही ऐसी अदालतों की स्थापना हो जायेगी। अधिनियम की धारा 22–क के अधीन यथा परिभाषित जन उपयोगी सेवाओं का इस प्रकार उल्लेख किया गया है।

1– यात्रियों या माल के वायु, सड़क या जल द्वारा वहन के लिए कोई परिवहन सेवा।

2– कोई डाक, तार या दूरभाष सेवा।

3– किसी भी स्थापना जनता को किसी पावर रोशनी या जल का प्रदान।

4– जन सफाई या संशोधित स्वच्छता की प्रणाली।

5– अस्पताल या चिकित्सालय में सेवा।

6– कोई बीमा सेवा और इसके अतिरिक्त ऐसी कोई सेवा भी है, केंद्र सरकार या यथास्थापित राज्य सरकार अधिनियम के अध्याय 6–क के प्रयोजनों के लिए अधिसूचना द्वारा समय–समय पर लोक हित में जन–उपयोगी सेवा होना घोषित करें।

भाग–6

उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों में कानूनी सहायता कार्यक्रम

अल्मोड़ा

अल्मोड़ा एक प्राचीन स्थल है। जिसका उल्लेख विष्णु पुराण महाभारत में मिलता है। यह जनपद उत्तराखण्ड राज्य का एक महत्वपूर्ण जनपद है। जिसकी कुल जनसंख्या सन् 2011 की जनगणना के अनुसार 6,22,506 है, जिसमें 2,91,081 पुरुष हैं और 3,31,425 महिलाएं है। जहाँ तक ग्रामीण जनसंख्या का प्रश्न है इसमें कुल 62,314 व्यक्तियों में से 33,722 पुरुष हैं और 28,592 महिलाएं है। इस प्रकार इस जनपद की अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण है। यहाँ अधिकतर हिन्दी भाषा बोली जाती है और इस जनसंख्या में सभी धर्मो के लोग हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध इत्यादि इसमें निवास करते हैं। इस क्षेत्र का आधे से अधिक भाग वनों से घिरा

हुआ है इसलिए यहाँ का वनों पर आधारित व्यापार भी दस करोड़ से अधिक का है, उसमें जड़ी–बूटियाँ इत्यादि मुख्य हैं।

इस जिले में केवल ग्यारह तहसीलें हैं और ग्यारह नगर पंचायतें हैं। इस क्षेत्र की मुख्य आर्थिक गतिविधियाँ कृषि हैं, परन्तु पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लोगों के पास छोटे–मोटे खेत हैं जहाँ खेती करना कठिन एवं अधिक लाभप्रद नहीं है इसलिए यहाँ के अधिकतर लोग जीवनयापन एवं धन्धा ढूँढने के लिए मैदानी इलाकों में चले जाते है और खेती का अधिकतर काम महिलाएं करती है। इसलिए सभी पारिवारिक समस्याओं का समाधान महिलाओं को ही करना होता है। हालांकि इस जनपद में कुछ स्थानों पर आवष्यक फैक्ट्री इत्यादि भी है और एक तो मैग्नेसाइड की इतनी बड़ी फैक्ट्री है कि जहाँ 800 से अधिक लोग काम करते हैं तथा रानीखेत जैसे टूरिस्ट स्थल में ऊन की मिलें एवं फैक्ट्रियाँ हैं, तथा इस जनपद में केवल कृषि के साथ–साथ ताॅबे के बर्तन, ऊनी कपड़े इत्यादि का भी कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त टूरिज्म का भी भरपूर स्कोप है क्योंकि इस जनपद में रानीखेत जैसे प्रसिद्ध स्थल है। जहाँ पर हजारों की जनसंख्या में पर्यटक आते है इसलिए इस जनपद की जनसंख्या अन्य जनपदों के मुकाबले में बहुत समृद्ध है और जिसके कारण निश्चय ही कानूनी समस्याओं का होना भी स्वाभाविक ही है। इस जनपद में मुख्य त्यौहार बैशाखी, पूर्णिमा, मार, कोटभारमरी, नन्दाँदेवी, उत्तरायणी, शिवरात्रि, बीखोटी, स्यालदे, सोमनाथ, पूर्णागिरि, हरेला इत्यादि मनाये जाते हैं और प्राचीन मंदिरों की भी अधिक संख्या है जिनको विकसित करके भारतीय संस्कृति में योगदान किया जा सकता है। इस जनपद की जहाँ तक शिक्षित जनसंख्या का प्रश्न है इसमें केवल जनसंख्या 4,36,497 व्यक्तियों में 2,31,604 पुरुष एवं 2,04,893 महिलाएं हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि यहाँ की सुविधा बहुत व्यापक स्तर पर है। जनपद अल्मोड़ा का कुल क्षेत्रफल 3,144 कि0मी0 है इसमे तीन तहसीलों का नाम भिकियासैंण, रानीखेत, अल्मोड़ा है।

उत्तराखण्ड देव भूमि में उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना के बाद निश्चय ही लोगों की सरकार के प्रति आकांक्षा बढ़नी स्वाभाविक है। हर नागरिक चाहे वह किसी भी श्रेणी का हो यह अपेक्षा करता है कि राज्य द्वारा चलायी जा रही सभी लाभकारी योजनाओं का उसे लाभ मिले और संविधान के अन्तर्गत अनुच्छेद 12 से 35 में जो मौलिक अधिकार प्रदान किये गये हैं जिनमें मुख्य अधिकार न्याय की समानता का है उससे उसे वंचित न रखा जाये। सभी असहाय, निर्धन एवं निर्बल लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का दायित्व जिला जज की अध्यक्षता में जनपद में स्थापित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का है जिसका यह दायित्व है कि वे यह सुनिश्चित करें कि राज्य सरकार के संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने के साथ हर व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का समान अवसर मिले और कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य निर्योग्यता के कारण न्याय प्राप्त करने से वंचित न रहे। यह कड़वा सत्य है कि गरीब व असहाय व्यक्ति न्यायालय तक पहुँचने और अपने अधिकारों की रक्षा करने में असमर्थ होते हैं। चूँकि विधि का अन्तिम उद्देश्य न्याय देना है और न्याय प्रदान करना राज्य का नैतिक तथा संवैधानिक कर्तव्य है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह कर्तव्य बनता है कि दलित, पीड़ित व निरक्षर व्यक्ति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों, महिलाओं और बच्चों को हर मायनों में सरल व सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जाये ताकि वे अपना सामान्य जन–जीवन व्यतीत कर सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर लोक अदालतों एवं साक्षरता शिविरों का आयोजन करके एवं कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर की जा रही है। इस देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों में विधिक प्राधिकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त करके उनको कानूनी सहायता किस प्रकार प्राप्त की जा सकती है उसका अब हम वर्णन करते हैं। अल्मोड़ा जिले में जो कानूनी सहायता कार्यक्रम किये गये वह इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 166
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 27022
3. कुल निस्तारित वाद	: 10649
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 20,20,59,402
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 88,16,809
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 10684
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 4847
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 1095528
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 604
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 1587

(ऑकड़े जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

बागेश्वर

बागेश्वर जनपद हिमालय पहाड़ से चारों ओर से घिरा हुआ है। इसका क्षेत्रफल 2311 स्का0 कि0मी0 है। इस जनपद को 12–09–1997 में सृजित किया गया। जो कि उससे पहले अल्मोड़ा का ही भाग था। इस

जनपद की कुल जनसंख्या 2,59,898 है जिसमें 1,24,326 पुरुष एवं 1,35,572 महिलाएं हैं। इस जनपद की मुख्य जनसंख्या ग्रामीण है और मात्र 9,079 शहरी जनसंख्या है जिसमें 4,711 पुरुष एवं 4,368 महिलाएं हैं। इस क्षेत्र की अधिकतर भाषा कुमाउँनी है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में बोलचाल की भाषा हिन्दी ही है। इस क्षेत्र के निवासी सभी धर्मो के है जिनमें हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, बौद्ध इत्यादि धर्मो के हैं। इस जिले में बागेश्वर, कपकोट दो तहसीलें हैं तथा तीन कम्यूनिटी डेवलेपमेन्ट ब्लाक हैं और केवल एक ही नगर पंचायत है। जबकि 800 के लगभग इस जिले में ग्राम हैं। इस क्षेत्र का मुख्य आधार कृषि है और अन्य पहाड़ी जिलों की तरह खेती की भूमि पहाड़ी होने के कारण यहाँ के अधिकतर लोग अपना जीवन यापन करने के लिए बाहर चले जाते हैं और महिलाओं को ही खेती का सारा कार्य देखना पड़ता है, लेकिन इस जनपद का एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि खेती के अतिरिक्त यहाँ पशुपालन भी है। इस क्षेत्र का पहाड़ी एवं वनीय क्षेत्र होने के कारण टूरिस्टों के लिए ये अधिक उपयोगी है। धार्मिक दृष्टि से इस जनपद के मुख्य स्थल बागेश्वर, दूनागोली एवं पिगलोम हैं। इसी जनपद में बैजनाथ नगर पंचायत है। जहाँ पर भव्य पार्वती की मूर्ति एवं अन्य मूर्तियाँ देखने योग्य हैं। इस जनपद के मुख्य त्यौहार बैशाखी पूर्णिमा, कोट भरामरी, नन्दाँ देवी, उत्तरायणी, शिवरात्रि, बिखोटी स्यालदे, सोमनाथ, पूर्णागिरी, हरेला, देवीधूरा इत्यादि हैं। यहाँ इस जनपद की जनसंख्या अधिक शिक्षित है क्योंकि यहाँ की जनसंख्या में जनसंख्या 2,59,898 है जिसमें 1,24,326 पुरुष एवं 1,35,572 महिलाएं हैं। जिनमें 1,79,483 व्यक्ति शिक्षित हैं उनमें 97,546 पुरुष एवं 81,937 महिलाएं शिक्षित हैं जो बात को प्रकट करता है कि यह जिला शिक्षित है। इस जिले में दो तहसीलें हैं जिनके नाम बागेश्वर एवं कपकोट हैं। इस जनपद का सबसे प्रसिद्ध टूरिस्ट स्थल कौसानी के नाम से जाना जाता है, जहाँ पर बड़े भव्य होटल हैं और टूरिस्ट स्थान हैं।

इस जनपद का सृजन क्योंकि हाल में ही हुआ है और यहाँ के लोग अधिकतर ग्रामीण हैं जिनको निश्चय ही न तो अपने अधिकारों की जानकारी हो पाती है और न ही वे आर्थिक रूप से इतने सक्षम हैं कि वे न्यायालय की शरण में आकर अपने अधिकारों की माँग कर सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। इस जनपद के लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं राज्य द्वारा दिलायी जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना परम आवश्यक है इसलिए इस जनपद में विधिक सेवा विशेष रूप से दूर दूरस्थ के ग्रामीण स्थलों या उपनगरों में सर्वथा शिविरों का आयोजन करके ही सम्भव हो सकता है। इसलिए लोक अदालत के आयोजन से उतना लाभ नहीं हो सकता क्योंकि न्यायालयों में बहुत कम मुकदमे लम्बित हैं। लेकिन लोगों को समृद्ध एवं उन्नतिशील बनाने हेतु उनको उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही साथ उन्हें सरकार द्वारा दिलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है। इसके लिए निश्चय ही इस नये सृजित जनपद में अधिक से अधिक साक्षरता शिविरों के आयोजन का माध्यम अधिक प्रभावी एवं लाभप्रद होगा।

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 213
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 14864
3. कुल निस्तारित वाद	: 6796
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 7,79,50,891
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 67,48,020
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 6615
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 3360
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 1152296
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 6874
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 22330

(आँकड़े जनवरी, 2002 से दिसम्बर 2021 तक के अंकित है)

चमोली

इस जनपद का सृजन सन् 1960 में हुआ था। यह उत्तराखण्ड राज्य का बहुत पुराना पहाड़ी जनपद है। जो तिब्बत चीन की सीमा से जुड़ा हुआ है। यह जनपद प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। जहाँ पर बद्रीनाथ का मन्दिर स्थित है तथा पंचबद्री एवं पंचकेदार इसी जनपद में ही स्थित है। आदि शंकराचार्य द्वारा सर्वप्रथम मठ की स्थापना इसी जिले में ही प्रारम्भ की गयी थी। इस जिले की कुल जनसंख्या 3,91,605 है जिसमें 1,93,991 पुरुष हैं और 1,97,614 महिलायें है इस जिले की अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण है और केवल मात्र 3,20,252 लोग शहरी है जिनमें 1,54,387 पुरुष और 1,65,865 महिलाएं हैं। इस जनपद की मुख्य भाषा हिन्दी है और सभी धर्मो के लोग इस जनपद में निवास करते हैं। इस क्षेत्र का अधिकतर भाग जंगलों से घिरा हुआ है और अन्य भूमि खेती के प्रयोग में आती है। इस जिले में 12 तहसीलें एवं 09 उपनगर हैं। बद्रीनाथ मन्दिर के साथ–साथ फूलों की

घाटी शाखाएं, हेमकुण्ड साहब इसी जिले की **जोखीमठ**, गैरसैण, चमोली, कर्णप्रयाग, थराली, पोखारी और इसी जनपद के मुख्य उपनगर के नाम है। बद्रीनाथ, चमोली, गोचर, जोशीमठ, कर्णप्रयाग, नन्दप्रयाग।

यह जनपद भौगिलिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से देवभूमि उत्तराखण्ड का महत्वपूर्ण जनपद है। इसीलिए यहाँ के नागरिकों की खुशहाली पर ही देवभूमि उत्तराखण्ड की प्रसिद्धि निर्भर करती है लेकिन यह दुख की बात है कि इस जनपद की जनता खुशहाल नहीं है और इसीलिए पूरी तरह इन लोगों को राज्य द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नहीं हो पाती जिसका मुख्य कारण यह है कि यहाँ की जनसंख्या बहुत बड़े क्षेत्र मे पहाडों में बिखरी हुयी है और जनपद से गाँवों की दूरी पचासों मील की है जिससे लोगों को न तो उनके विधिक अधिकारी का ज्ञान होता है और न ही वे उसका लाभ प्राप्त कर पाते हैं। जहाँ एक तरफ यह जनपद 6 बड़ी तहसीलों में फैला हुआ है वहीं जनपद से तहसीलें भी पचासों मील दूर हैं। अतः इसे समृद्ध बनाने के लिए साक्षरता शिविरों का आयोजन करना ही सबसे प्रभावी एवं लाभप्रद है।

यह उल्लेखनीय है कि इस जनपद द्वारा जनता में अधिक से अधिक विधिक साक्षरता फलीभूत करने एवं समानता का अधिकार सुनिश्चित करने हेतु सरल कानूनी ज्ञान मालाओं का प्रकाशन किया गया है। यह कि इन सरल विधिक ज्ञान मालाओं का लाभ जहाँ एक तरफ सभी महिलाओं को साक्षरता शिविरों का आयोजन करके एवं मेलों में विद्यार्थियों, महिलाओं, सैनिकों को उनके अधिकारों की जानकारी कराने के उद्देश्य से विचार गोष्ठियों, नाटकों के माध्यम से भी उन्हें सभी महत्वपूर्ण विधि विषयों पर सभी कानूनी जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अतिरिक्त इस जनपद द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से जनपद के सभी तीन सौ से अधिक महिला मंडलों के माध्यम से कानूनी सहायता एवं विधि का ज्ञान इस रूप में उपलब्ध कराया गया कि हर महिला मंडल की अध्यक्ष को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान मालाओं को छपवाकर उनकों उपलब्ध कराया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध अनुदान राशि प्राप्त होने पर सैंकड़ों पुस्तकें इन सरल कानूनी विषयों पर छपवाकर सम्पूर्ण जिलों की तहसीलों एवं ब्लाकों में उपलब्ध करायी गयी ताकि जनता को उनसे सुशिक्षित करके सशक्त बनाया जा सके। इस जनपद का चूँकि हर प्रकार से विशेष महत्व है इसीलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पर भी यह विशेष दायित्व है कि वह इस जनपद के दूर–दूराज में रहने वाले सभी ग्रामीणों को सरल कानूनी सहायता व पुस्तकें उपलब्ध कराके उन्हें सुशिक्षित कर उनकी सहायता करें। इस जनपद में जो कानूनी सहायता कार्यक्रम आयोजित किये गये। वह इस प्रकार हैं :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 132
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 20233
3. कुल निस्तारित वाद	: 7797
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 27,84,92,338
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 46,47,319
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 8171
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 4155
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 351394
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 363
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 6716

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

चम्पावत

इस जनपद का गठन 15 सितम्बर, 1997 में किया गया था। इससे पूर्व यह जनपद पिथौरागढ़ एवं ऊधमसिंह नगर का ही भाग था। इस जिले का कुल क्षेत्रफल 1,781 कि0मी0 है और इसकी जनसंख्या 2,59,648 है, जिसमें 1,31,125 पुरुष और 1,28,523 महिलाएं हैं और इसमें ग्रामीण जनसंख्या केवल मात्र 38,343 जिसमें 20,283 पुरुष और 18,060 महिलाएं है। इस क्षेत्र में अधिकतर कुमाऊँ भाषा ही बोली जाती है। क्योंकि यह जिला केवल पॉच तहसील एवं दो कम्यूनिटि डेवलपमेन्ट ब्लॉक्स को जोड़कर बनाया गया है इसलिए इस जिले में केवल 688 गाँव है। इस जनपद के प्रसिद्ध मुख्य उपनगर चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर, बनवसा है।

चूँकि यह जिला अभी हाल ही में सृजित किया गया है इसलिए इस जिले की उन्नति होने में निश्चय ही समय लगना स्वाभाविक ही है। चूँकि यहाँ की भूमि पहाड़ी इलाके की पथरीली एवं चट्टानी है इसलिए निश्चय ही लोगों की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है इसलिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह दायित्व बन जाता है कि यहाँ के लोगों को विधिक जानकारी के साथ ही साथ उन्हें राज्य द्वारा चलायी जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाना सुनिश्चित करें। क्योंकि इस जिला में महिलायें अधिकतर खेती का कार्य देखती हैं और इसलिए उन्हीं पर आर्थिक एवं पारिवारिक बोझ पड़ता है इसलिए उनको विशेष रूप से

विधिक सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता है ताकि वे अपने अधिकारों को सुरक्षित करने में वह स्वाभिमानी एवं समृद्धिशील बन सकें। यह जिला अभी हाल ही में सृजित किया गया है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के गठन के उपरान्त ही किया गया। जिला प्राधिकरण का गठन करके उत्तराखण्ड राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण इस जिले के लिए कानूनी सहायता कार्यक्रमों के आयोजन कर आम जनमानस में कानूनी जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास कर रहा है।

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 146
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 30293
3. कुल निस्तारित वाद	: 8296
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 4,37,78,683
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 61,93,141
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 8501
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 4684
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 1016130
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 669
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 517

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से जनवरी, 2021 तक के अंकित है)

देहरादून

यह जनपद उत्तराखण्ड राज्य का एक सबसे महत्वूपर्ण एवं पौराणिक जनपद है जो कि उत्तराखण्ड राज्य की राजधानी भी है। मुगल राज्य में औरंगजेब ने गुरूराम राय को देश निकाला किया तो उन्होंने यहाँ आकर अपना डेरा लगाया था और इसी प्रकार महाभारत के गुरुद्रोणाचार्य का आश्रम होने से भी देहरादून का नाम जोड़ा जाता है। इस जनपद का कुल क्षेत्रफल 3,088 स्का0 कि0मी0 है। इस जनपद देहरादून का जिक्र स्कन्द पुराण में भी आता है और अशोक के राज्य में भी तीसरी शताब्दी भी इसका उल्लेख मिलता है। इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसाार 16,96,694 है जिसमें 8,92,199 पुरुष है और 8,04,495 महिलाएं है। इस जनपद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की अधिक जनसंख्या है, जो कि 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जन जाति के लोगों की कुल जनसंख्या 2,28,901 हैं, 1,11,663 अन्य लोग हैं। इस जनपद में हिन्दी, पंजाबी, उर्दू इत्यादि भाषा बोली जाती है और सभी धर्मो के लोग इसमें निवास करते हैं जहाँ तक जनसंख्या का प्रश्न है तो 2011 की जनगणना के अनुसार तो उपरोक्त कुल जनसंख्या में 4,74,424 हिन्दू लोग थे एवं 2,02,057 मुस्लिम, 20,108 सिक्ख, 1,642 बुद्धिस्ट, 3,628 जैन थे। इस जनपद में कुल 07 तहसील एवं 767 गाँव हैं। इसके मुख्य उपनगर के नाम चकराता कैन्ट, किलेमन्ट टाउन, देहरादून कैन्ट, देहरादून, लनडोर कैन्ट, ऋषिकेश, विकासनगर, वीरभद्र इत्यादि हैं। इस जनपद की तहसीलों के नाम हैं चकराता, देहरादून, विकासनगर, ऋषिकेश।

यह देवभूमि उत्तराखण्ड का एक प्रसिद्ध शहर होने के साथ ही साथ इसकी राजधानी भी है और इसलिए यहाँ सबसे अधिक जनसंख्या होना स्वाभाविक है लेकिन इसमें एक बात स्पष्ट है कि इस जनपद में अधिकतर संख्या अनुसूचित जाति के लोगों की है जो कि आर्थिक रूप से इतने सुदृढ़ नहीं हैं और विशेषतया महिलाओं एवं बच्चों को कानूनी सहायता की आवश्यकता होना स्वाभाविक है। इस जनपद में चकरौता तहसील भी स्थित है जो कि हैडक्वार्टर से पचासों मील दूर है और यहाँ की जनसंख्या भी अधिकतर अनुसूचित जनजाति के लोगों की है इसलिए उनके अनपढ़पन को दूर करने में कानूनी सहायता कार्यक्रम बहुत लाभप्रद हो सकता है। इसके अतिरिक्त इसी जनपद में मंसूरी जैसा प्रसिद्ध टूरिस्ट शहर भी स्थित है जहाँ पर श्रमिकों की समस्याएं अधिक उग्र हैं क्योंकि प्रायः आस–पास के गाँव के निरक्षर एवं गरीब बच्चे यहाँ होटलों में बाल मजदूरी करते हैं इसलिए ऐसे बच्चों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराकर उनको विधिक रूप से सुशिक्षित नागरिक बनाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का विषेष दायित्व है। इस जिले में आयोजित कानूनी सहायता कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 239
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 763558
3. कुल निस्तारित वाद	: 262412
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 1,46,53,50,129
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 4,98,67,302
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 275524

7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर : 3957
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 1134917
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 3456
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या : 114

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

हरिद्वार

यह जनपद उत्तराखण्ड राज्य की महत्वपूर्ण एवं भारत की प्रसिद्ध धर्म नगरी है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2,360 कि0मी0 है, जैसा कि इसका नाम है कि यह हिमालय पर्वत जाने का मुख्य द्वार है और इसको मायापुरी के नाम से भी जाना जाता है। इसका
उल्लेख हमारे शास्त्रों में भी मिलता है। इस धार्मिक नगरी की कुल जनसंख्या 18,90,422 है जिसमें 10,05,295 पुरुष और 8,85,127 महिलाएं हैं और इस कुल जनसंख्या में 6,93,094 के लगभग जनसंख्या ग्रामीण है जिनमें से 3,71,511 के लगभग पुरुष हैं और 3,21,583 के लगभग महिलाएं हैं। इस जनसंख्या में गरीब लोगों की संख्या भी अधिक है जिसमें मुख्यतः अनुसूचित जाति के 4,11,274 के लगभग लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं जबकि अनुसूचित जनजाति के लोग मात्र 6,323 के लगभग ही हैं। जहाँ तक इस जनसंख्या में धार्मिक व्यक्ति का प्रश्न है इनमें से उपरोक्त कुल जनसंख्या में 1,91,235 के लगभग हिन्दू हैं और 6,48,119 के लगभग मुस्लिम हैं तथा 1,993 के लगभग सिक्ख हैं। इस जनपद की चार तहसीलें एवं 06 कम्यूनिटी डवलपमेन्ट ब्लॉक्स हैं जबकि इसमें 643 गांव हैं। इस जनपद के मुख्य उपनगरों में भैल (बी.एच.ई.एल.), रानीपुर, हरिद्वार, झवेरा, लानडोरा, मंगलौर, रूड़की इत्यादि हैं। इस जनपद में कई मुख्य मेले और त्यौहार होते हैं। वहाँ कुम्भ का मेला सबसे बड़ा मेला जो कि विश्व प्रसिद्ध है वो भी इसी नगरी में होता है। इस जनपद में रूड़की, लक्सर एवं हरिद्वार तीन तहसीलें हैं।

हरिद्वार उत्तराखण्ड देवभूमि का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल होने के साथ ही साथ यह एक औद्योगिक नगरी भी है और इसके साथ ही साथ इसके आस–पास बहुत बड़े क्षेत्र ग्राम भी हैं इसलिए इसकी समस्याओं में भी विभिन्नता होना स्वाभाविक ही है। यहाँ लोगों के मुकदमों को त्वरित निस्तारित करने में लोक अदालतों का विशेष महत्व है क्योंकि गाँवों की अधिकता के कारण एवं इस धार्मिक नगरी में कुम्भ मेले एवं त्यौहारों की अधिकता के कारण यहाँ अपराधों में भी बहुत अधिकता है जिससे न्यायालयों में लम्बित
मुकदमों की संख्या भी बहुत है। अतः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर लोक अदालतों का आयोजन करके लोगों को त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन भी विशेषतः मेले एवं त्यौहारों के अवसर पर लाभप्रद हो सकता है। यहाँ की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किये गये कानूनी सहायता कार्यक्रमों की तस्वीर इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत : 279
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या : 285675
3. कुल निस्तारित वाद : 93011
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि : रू. 50,63,36,329
5. वसूला गया अर्थदण्ड : रू. 3,86,75,422
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 99819
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर : 3309
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 249590
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 2303
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या : 613

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर 2021 तक के अंकित है)

नैनीताल

जनपद नैनीताल का कुल क्षेत्रफल 3,853 स्का0 कि0मी0 है और इसकी जनसंख्या 9,54,605 हैं। जिसमें 4,93,666 पुरुष और 4,60,939 महिलाएं हैं और इस कुल जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या 3,71,734 के लगभग है। जिसमें इसमें 1,94,409 पुरुष और 1,77,329 महिलाएं है । इस जनपद की चार तहसीले एवं 8 उपनगर हैं और इन उपनगरों के नाम इस प्रकार हैं– भीमताल, भवाली, हल्द्वानी, काठगोदाम, कालाढूँगी, लालकुआँ,

नैनीताल, रामनगर इत्यादि। इसकी नौ तहसीलों है इस जनपद में अनुसूचित जाति के लोग अधिक संख्या में हैं जो कि कुल जनसंख्या में 1,91,206 के लगभग हैं जिनमें । जहाँ तक अनुसूचित जनजाति का प्रश्न है इनकी भी पर्याप्त जनसंख्या इस जनपद में है जो कि 7,495 के लगभग हैं और इस अनुसूचित जनजाति में भोटिया, बुक्सा, थारू इत्यादि है। इस जनपद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जो कार्यक्रम किये गये। वह इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 205
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 186340
3. कुल निस्तारित वाद	: 54801
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 39,29,62,921
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 4,98,91,226
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 53907
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 5458
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 1979399
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 1216
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 471

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

पौढ़ी गढ़वाल

पौढ़ी गढ़वाल जनपद का क्षेत्रफल 5,397 स्का0 कि0मी0 है। इसकी कुल जनसंख्या 6,87,271 है। जिसमें 3,26,829 पुरुष हैं और 3,60,442 महिलाएं हैं। इस जनपद की कुल जनसंख्या में 1,12,703 के लगभग ग्रामीण लोग हैं और इसमें से भी 58,800 के लगभग महिलाएं और 53,903 के लगभग पुरुष हैं। इस क्षेत्र की अनुसूचित जाति की जनंसख्या अधिक है जो कि लगभग 1,22,361 के लगभग है और इसमें अधिकतर अनुसूचित जाति के लोग ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं और जबकि अनुसूचित जन जाति की जनंसख्या बहुत कम जो मुश्किल से 2,215 से अधिक नहीं है। इस क्षेत्र की मुख्य भाषा हिन्दी है और अधिकतर जनसंख्या हिन्दुओं की है जबकि मुस्लिम मात्र 22,931 के लगभग हैं। इस जनपद में केवल 13 तहसीलें हैं और 3,483 के लगभग गाँव हैं। जहाँ तक इस शहर के उपनगर का प्रश्न है जिनमें मुख्यतः कालागढ़, कोटद्वार, लैंसडाउन कैंन्ट, पुरी, रुद्रप्रयाग, श्रीनगर, बाह बाजार, दुगड्डा है। इस जनपद में 13 तहसीलें हैं।

यह जनपद उत्तराखण्ड देवभूमि के क्षेत्रफल एवं तहसीलों के क्षेत्रफल को देखते हुए सबसे बड़ा जनपद है और यहाँ की सभी तहसीलें भी हैडक्वार्टर से पचासों मील दूरी पर हैं इसलिए यहाँ के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने एवं उन्हें त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने के लिए लोग अदालत एवं साक्षरता शिविरों का योगदान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस जनपद द्वारा कानूनी सहायता कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 144
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 77919
3. कुल निस्तारित वाद	: 23319
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 19,73,57,929
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 97,60,759
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 24888
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 2838
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 241934
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 828
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 966

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

पिथौरागढ़

इस जनपद का कुल क्षेत्रफल 7,118 स्का0 कि0मी0 है। इस जिले का गठन 24 फरवरी, 1960 में हुआ था। इसकी कुल जनसंख्या 4,83,439 है जिनमें 2,39,306 पुरुष और 2,44,133 महिलायें है, और इस जनसंख्या का अधिकतर भाग ग्रामीण जनसंख्या है। जिसका कि कुल 69,605 के लगभग है। जिसमें महिला एवं पुरुष का अनुपात बराबर है। इस क्षेत्र में भी हिन्दी भाषा ही बोली जाती है। इस जनपद की कुल छः तहसीलें हैं और इन मुख्य नगरों के नाम हैं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, मुनस्यारी इत्यादि। जहाँ तक तहसीलों का प्रश्न है वह है पिथौरागढ़, डीडीहाट, मुनस्यारी इत्यादि। इस जनपद में कुल जनसंख्या 1,20,378 के लगभग अनुसूचित जाति की है । जिनमें अनुसूचित जन जाति के लगभग 19,535 लोग रहते हैं यह जनपद चूँकि चीन सीमा से जुड़ा हुआ चीन तिब्बत की सीमा में है इसलिये इस जनपद के लोगों को कानूनी अधिकारों की जानकारी हेतु विधिक साक्षरता के आयोजन पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। इस जनपद में किये गये कानूनी सहायता कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 226
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 48174
3. कुल निस्तारित वाद	: 17347
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 16,95,52,116
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 1,30,53,798
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 18692
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 2444
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 436332
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 423
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 61

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

रुद्रप्रयाग

इस जनपद का सृजन सितम्बर, 1997 में किया गया था। जिसका कुल क्षेत्रफल 1,895 स्का0 कि0मी0 है। इस जनपद की कुल जनसंख्या 2,42,285 के लगभग है जिसमें 1,14,589 पुरुष हैं और 1,27,696 महिलाएं हैं, और इस जनपद की जनसंख्या में अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण है जो कि 9,925 के लगभग है जिसमें 5,849 के लगभग पुरुष और 4,076 के लगभग महिलाएं हैं । इस जनपद में अधिकतर गढ़वाली भाषा बोली जाती है। इस जनपद में चार तहसीलें और तीन ब्लॉक हैं। इसमें मुख्य तहसीलें रूद्रप्रयाग, ऊखीमठ, जखोली इत्यादि हैं।

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 178
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 24199
3. कुल निस्तारित वाद	: 10982
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 9,15,11,488
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 57,81,858
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 10708
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 1033
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 730491
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 1513
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 1350

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

टिहरी गढ़वाल

इस जनपद का कुल क्षेत्रफल 4,421 स्का0 कि0मी0 है और इसका हैडक्वाटर न्यू टिहरी में है। इसकी कुल जनसंख्या 6,18,931 के लगभग है जिसमें 2,97,986 के लगभग पुरुष एवं 3,20,945 के लगभग महिलाएं हैं और यहाँ की अधिकतर जनसंख्या ग्रामीण है जिसकी कुल जनसंख्या 70,139 के लगभग है जिसमें 38,605 के लगभग पुरुष और 31,534 के लगभग महिलाएं हैं। इसके अतिरिक्त शहरी जनसंख्या भी पर्याप्त रूप में है। इस जनपद में अनुसूचित जाति के लोगों की पर्याप्त मात्रा है जिनकी कुल जनसंख्या 17,030 के लगभग हैं जबकि अनुसूचित जनजाति के लोगों की जनसंख्या मात्र 226 ही है। इस जनपद की अधिकतर जनसंख्या हिन्दू है जो कि 1,12,877 के लगभग जनसंख्या मुख्यतः हिन्दुओं की है और बाकि अन्य धर्मो के लोग इस जनपद में निवास करते हैं। इस जनपद की केवल 14 तहसीलें एवं 9 ब्लॉक हैं। इन उपनगरों में मुख्यतया देवप्रयाग, कीर्तिनगर, मुनी–की–रेती, नरेन्द्रनगर, टिहरी हैं जहाँ तक तहसीलों का प्रश्न है तो वह घनषाली, टिहरी, प्रतापनगर, देवप्रयाग, नेरन्द्रनगर हैं। इस जनपद के अन्तर्गत किये गये कानूनी सहायता कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 188
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 35492
3. कुल निस्तारित वाद	: 10982
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 20,51,35,757
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 72,44,919
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 12327
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 7377
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 1655260
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 693
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या	: 309

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

ऊधमसिंह नगर

इस जनपद का सृजन सितम्बर, 1995 में किया गया था। जिसका कुल क्षेत्रफल 2,911 स्का0 कि0मी0 है और इसकी जनसंख्या सन् 2011 की जनगणना के अनुसार 16,48,902 है जिसमें 8,58,783 के लगभग पुरुष हैं और 7,90,119 के लगभग महिलायें हैं। इस जनपद में ग्रामीण जनसंख्या बहुत अधिक है जिनकी कुल जनसंख्या 5,86,760 के लगभग हैं जिसमें 3,08,313 पुरुष और 2,78,447 के लगभग महिलायें हैं। जहाँ तक शहरी जनसंख्या का प्रश्न है वह भी इस जनपद में पर्याप्त मात्रा में है। जहाँ तक अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रश्न है वह भी इस जनपद में पर्याप्त मात्रा में बतायी जाती है। जहाँ तक इस जनपद के उप नगरों का प्रश्न है वह मुख्यतः बाजपुर, गदरपुर, जसपुर, काशीपुर, खटीमा, किच्छा, रूद्रपुर, सितारगंज इत्यादि है। इस प्रकार इस जनपद की जहाँ तक तहसीलों का प्रश्न है वह काशीपुर, किच्छा, खटीमा, सितारगंज।

इस जनपद की जनसंख्या को देखते हुये जहाँ अपराधों की अधिकता होना स्वाभाविक है और पूर्णतः मैदानी एवं समृद्धिशील क्षेत्र होने के कारण यहाँ अपराध बहुत अधिक है। जहाँ एक तरफ लम्बित मुकदमों के निस्तारण के लिए समय–समय पर लोक अदालतों का आयोजन करके सस्ता एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है वहीं दूसरी ओर लोगों को विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से भी उन्हें शिक्षित एवं समृद्ध बनाया जा सकता है। विशेषतः अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की इसमें अधिकता है और विशेषतः बच्चों को उनके अधिकारों से सर्वथा शिविरों के माध्यम से सुशिक्षित करके उन्हें लाभ पहुँचाना अधिक प्रभावी हो सकता है। इस जनपद में कानूनी सहायता कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत	: 228
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या	: 295212
3. कुल निस्तारित वाद	: 83671
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि	: रू. 1,17,53,15,319
5. वसूला गया अर्थदण्ड	: रू. 5,29,10,468
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या	: 88331
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर	: 21037

8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 1850902
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 2651
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या : 782
(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

उत्तरकाशी

इस जनपद का सृजन 14 फरवरी, 1960 को किया गया था। जिसका कुल क्षेत्रफल 7,950 स्का0 कि0मी0 है। जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है कि यह वाराणसी की काशीनगरी से सम्बन्धित है और इसी जनपद में गंगा ने भागीरथी के रूप में जन्म लिया था जो कि विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। इस जनपद की कुल जनसंख्या 3,30,086 के लगभग है जिसमें 1,68,597 पुरुष और 1,61,489 के लगभग महिलायें हैं जो कि ग्रामीण हैं यह 24,305 के लगभग हैं। जिसमें 13,222 के लगभग पुरुष और 11,083 के लगभग महिलायें हैं। जहाँ तक अनुसूचित जनजाति का प्रश्न है वह इस जनपद में अधिक मात्रा में है जिसकी कुल जनसंख्या 80,567 के आसपास हैं और अनुसूचित जाति के केवल 3,512 लोग रहते हैं। इस जनसंख्या में अधिकतर जनसंख्या हिन्दुओं की है अन्य धर्म के लोग भी यहाँ पर निवास करते हैं। इस जनपद में 06 तहसीलें एवं 06 कम्यूनिटी डेवलेपमेन्ट ब्लाक्स हैं। कुल 707 गाँव हैं। जहाँ तक इन तहसीलों का प्रश्न है वह बड़कोट, पुरोला, भटवाड़ी, डुण्डा हैं। इस जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अर्न्तगत पूरे वर्षो में किये गये कानूनी सहायता कार्यक्रमों का विवरण इस प्रकार है :–

1. कुल आयोजित लोक अदालत : 214
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या : 33765
3. कुल निस्तारित वाद : 14407
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर / समझौता की राशि : रू. 12,66,95,733
5. वसूला गया अर्थदण्ड : रू. 91,28,216
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 16506
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर : 13482
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 776369
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 462
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या : 251
(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से दिसम्बर, 2021 तक के अंकित है)

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय परिसर द्वारा आयोजित शिविरों का विवरण निम्नानुसार है :—

1— कुल आयोजित विधिक शिविरों की संख्या : 46
2— शिविर में लाभान्वित व्यक्तियों की संख्या : 1,20,082
3— कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 1237

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम—1987 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिसूचना द्वारा दिनांक 09.07.2003 से एक उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति का गठन किया है। इसका कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल में स्थित है। उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, नैनीताल के तत्वाधान में उच्च न्यायालय में लम्बित ऐसे वादों के लिए, जिनका कि निस्तारण आपसी सुलह सफाई द्वारा किया जा सकता है, समय—समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, नैनीताल के तत्वाधान में आयोजित लोक अदालतों का विवरण निम्नानुसार है :—

1. कुल आयोजित लोक अदालत : 38
2. निस्तारण हेतु रखे गये वादों की संख्या : 9698
3. कुल निस्तारित वाद : 1521
4. कुल दिलायी गयी प्रतिकर/समझौता की राशि : रू. 60,58,56,592
5. वसूला गया अर्थदण्ड : रू. 0
6. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 2235
7. कुल आयोजित साक्षरता शिविर : 0
8. कुल लाभान्वित लोगों की संख्या : 0
9. कानूनी सहायता प्रदान किये गये व्यक्तियों की संख्या : 1075
10. कानूनी सलाह प्रदत्त किये गये व्यक्तियों की संख्या : 75

(ऑकड़ें जनवरी, 2002 से जून, 2018 तक के अंकित है)

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)
32.	सरल कानूनी ज्ञान माला–32	दहेज
33.	सरल कानूनी ज्ञान माला–33	बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34.	सरल कानूनी ज्ञान माला–34	पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35.	सरल कानूनी ज्ञान माला–35	मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक

36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36 श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37 उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44 कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46 आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47 उत्तराखण्ड अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2015

विधिक सेवाएं क्या है ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,
7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,
8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,
11. वरिष्ठ नागरिक

12. HIV/एड्स से सक्रमित व्यक्ति

नोटः– क्रम संख्या 1, 7, 9, 10 11 एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :–

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

कार्यपालक अध्यक्ष

सदस्य–सचिव

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

सरल कानूनी ज्ञान माला – 2

पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वपूर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन /फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in, ukslsanainital@gmail.com

पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वपूर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण

1— पशुओं से दोस्ताना व्यवहार करना चाहिए :—

पशु बोल नहीं सकता और न ही अपने कष्ट को व्यक्त कर सकता है इसलिए पशुओं के साथ बरती क्रूरता के निवारण के लिये कानून बनाये गये ताकि पशुओं के प्रति हमारा दोस्ताना व्यवहार हो और उसके साथ हम क्रूरता का व्यवहार न करें। पशुओं की सुरक्षा हेतु राज्य में निम्नांकित मुख्य अधिनियम बनाये गये हैं।

1— उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण अधिनियम — 2007
2— उ0 प्र0 गोशाला अधिनियम — 1964
3— उ0 प्र0 पशुधन सुधार अधिनियम — 1964
4— पशु क्रूरता निवारण अधिनियम — 1960

उत्तराखण्ड में गायों एवं गायें के वश के संरक्षण हेतु उत्तराखण्ड गो वशं संरक्षण अधिनियम, 2007 अधिनियीमत किया गया है। जोकि 19 जुलाई, 2007 से समस्त उत्तराखण्ड में लागु है। इससे पूर्व गो— वध के निवारण हेतु उ0 प्र0 गो—वध निवारण अधिनियम 1955 ही उत्तराखण्ड में प्रभावी था।

1— गो—वध करना, गो—मांस कब्जे में रखना अपराध है :—

उत्तराखण्ड गो वश संरक्षण अधिनियम के अनुसार "गो—वश" में गाय, बैल, सांड, बछिया अथवा बछड़ा अभिप्रेत है। इस अधिनियम के अन्तगर्त गो—वध करने, गौ मांस कब्जे में रखने एवं बेचने तथा गो—वंश के शहरी क्षेत्र में स्वतंत्र विचरण का प्रतिषेध किया गया है।

'वध' से किसी ढंग द्वारा, चाहे जो भी हो, मारना अभिप्रेत है, और इसमें ऐसी शरीरिक चोट पहुँचाना व अपंग करना अथवा विष देना साम्मीलित है, जो सामान्य अनुक्रम में मृत्यु कारित करेगा। कोई व्यक्ति गाय का या गौ—वंश का न तो वध करेगा और नही वध करेगा, ना ही ऐसा प्रस्ताव करेगा या प्रस्ताव कराएगा। इसके अतिरिक्त कोई व्यक्ति किसी भी रूप में गौ—मांस अथवा तत्संबंधी पदार्थ को प्रत्यस अथवा परोस रू‍ से न तो कब्जे में रखेगा, न ही बेचेगा, न परिवहन के लिए प्रस्तावित करेगा और न बिकवायेगा अथवा परिवहन करवायेगा।

उपरोक्त प्रावधानों का उल्लंधन करने वाले व्यक्ति को धारा — 11(1) के अन्तगर्त तीन वर्ष से दस वर्ष तक की अवधि के धारावास एवं रू0 5000/— से रू0 10,000/— तक के जुमाने से दण्डित किया जाना उपवंधित किया गया है।

2— रोगी अथवा आहत गौ—वंश का वध की अनुमति —

परन्तु ऐसा कोई गो—वंश जो कि राज्य सरकार द्वारा विज्ञापित किसी असाहय एवं पीड़ासन का परिस्थिति में हो अथवा किसी ऐसे सांस्पर्शीक रोग से ग्रस्त हो, जिसके संक्रमण से पशुधन के साथ—साथ मानव के लिए खतरा उत्पन्न हो गया हो, तब स्थानीय प्रभारी पशुचिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ऐसे रोगी या आहत गौ—वशं के वध की अनुमति प्रदान की जा सकती है।

3— गौ—वंश का परिवहन का विनियमन

धारा—6 में गौ—वंश के परिवहन के विनियमन के विषय में प्रावधान किया गया है। तदानुसार कोई व्यक्ति राज्य के भीतर किसी स्थान से राज्य के बाहर किसी स्थान पर बिना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये अनुझा पत्र के गौ—वंश का न तो परिवहन करेगा, न परिवहन करने के लिए प्रस्तुत करेगा। और न परिवहन करायेगा। परिवहन हेतु अनुमति केवल गौ वंश के पालन, संरक्षण या संम्बर्धन के लिए प्रदान की जा सकती है। सक्षम अधिकारी सन्तुष्ट होन पर प्रत्येक गौ—वंश के लिए रू0 500/— शुल्क का संचय करने पर अनुझा—पत्र जारी करेगा। गौ—वंश के राज्य के बाहर परिवहन हेतू प्रत्येक जनपद का जिलाधिकारी सक्षम अधिकारी होगा।

यदि कोई व्यक्ति बिना अनुक्षा–पत्र के गौ–वंश का परिवहन करेगा तो वह तीन वर्ष तक की अवधि के धारावास तथा जुर्माना, जो न्यूनतम रू0 2000/– एवं अधिकतम रू0 2500/– प्रति गौ–वंश तक हो सकेगा, से दण्डित किया जायेगा।

4– गौ–वंश के स्वतंत्र विचरण का प्रतिषेध

कोई व्यक्ति शहरी क्षेत्र (नगर निगम नगरपालिका) में गौ–वंश को आवारा नही छोड़ेगा तथा गाय को डुडने के पश्चात स्वतंत्र विचरण नही करने देगा। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में गौ–वंश पालन के लिए सम्बन्धित नगर के मुख्य नगर अधिकारी अधिशासी अधिकारी से गौ–वंश के पंजीकरण का प्रमाण–पत्र प्राप्त करना बाध्यकारी होगा तथा रेडियो फ्रिववेन्सी पहचान अथवा इससे बेहतर किसी तकनीक से, प्रत्येक गौ–वंश की व्यक्तिगत पहचान स्थापित किया जाना आवश्यक होगा।

उपरोक्त उपवधी का उल्लघंन किये जाने पर धारा – 7,8/11(3) के अन्तर्गत न्यूनतम एक सप्ताह से अधिकतम एक माह तक के साधारण धरावास या एक हजार रूपये तक जुर्माने से प्राप्त किये जाने का प्रावधान किया गया है।

5– अलाभकर गायों की देख–रेख के लिए संस्थायें स्थापित करनाः–

राज्य सरकार तथा कोई गैर सरकारी संस्था अलाभकर गायों (भटकती हुई दुर्लभ, असाहय रूण अथवा बन्छया गाय) के लिए आवश्यकतानुसार संस्थाएं स्थापित कर सकेगी। परन्तु गैर सरकारी संगठनों के संस्थायें स्थापित करने से पूर्व सूचना विहित प्ररूप पर जिले के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के देनी होगी। अलाभकरी गौं–वंश के संस्थाओं में रखे जाने पर उसके परिवहन, भरण पोषण और चिकित्सा आदि व्यय जिला माजिस्ट्रेट द्वारा विहित की जाने वाली दरों पर गौ–वंश के स्वामी द्वारा संबंधित संस्था के भुगतान करना होगा।

6– गोशालाओं का प्रबन्ध एवं नियंत्रण करने सम्बन्धी विधि :–

उ0 प्र0 गोशाला अधिनियम 1964 के अन्तर्गत गोशालाओं के अपेक्षाकृत अच्छे प्रबन्ध तथा नियंत्रण का प्राविधान किया गया है। गोशाला से तात्पर्य ऐसी धर्मार्थ संस्था से है जो पशु रखने, उनका अभिजनन, पालन या भरण–पोषण करने के प्रयोजन से अथवा दुर्बल, बूढ़े, अशक्त या रोगी पशुओं को भर्ती व प्रस्तुत करने और उनका उपचार करने के प्रयोजन के लिए स्थापित की गई हो। इस अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि वह राज्य में एक संघ स्थापित करायें, जो प्रदेश में गोशाला संघ कहलायेगा और संघ में गौशालाओं के न्यासियों के द्वारा ऐसी रीति से निर्वाचित किय गये उतने व्यक्ति होंगे जितने नियत किये जायें। राज्य में स्थापित सभी गोशालाओं का विवरण इस प्रदेश गोशाला रजिस्टर में रखा जायेगा जिसमें निबन्धक द्वारा किसी भी समस्या तो स्वयं या गोशाला में स्वत्व रखने का दावा करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा या राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के किसी अधिकारी द्वारा नियत रीति से जाँच की जाती है।

7– बिना अनुमोदित सांड को पालना अपराध है :–

उ0 प्र0 पशुधन सुधार अधिनियम 1964 प्रदेश में पशुधन के सुधार की व्यवस्था करने हेतु बनाया गया है जिसके अन्तर्गत यह व्यवस्था की गई है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा सांड नहीं पालेगा जो अनुमोदित सांड न हों। पशुधन अधिकारी लिखित आज्ञा द्वारा किसी व्यक्ति से जो अनुमोदित सांड पालता है, निरीक्षण के लिये सांड को प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है और तदोपरान्त वह व्यक्ति उसे निरीक्षण के लिये नियत दिनांक पर ऐसे समय तथा स्थान पर प्रस्तुत करेगा जो आज्ञा में निर्दिष्ट किये जाये, बशर्ते निरीक्षण उसी गाँव अथवा नगर में होगा जिसमें सांड पालने वाला व्यक्ति सामान्यतया रहता हो। इस प्रकार यदि सांड निरीक्षण करने पर पशुधन अधिकारी का यह समाधान हो जाय कि सांड प्रयोजनों के काम में लाये जाने योग्य है और वह दोषपूर्ण या निम्न स्वरूप का नहीं है या असाध्य प्रकार के ऐसे सांसर्गिक या सांक्रमिक रोग से या किसी ऐसे अन्य रोग से पीड़ित नहीं है जिससे कि सांड जनन प्रयोजन के लिए अनुपयुक्त हो जाय और उक्त क्षेत्र के लिये उपयुक्त घोषित न किया गया हो तो वह उस सांड को अनुमोदित सांड के रूप में प्रमाणित करेगा और तदर्थ नियत चिन्ह से उसे दगवायेगा। यदि निरीक्षण करने पर पशुधन अधिकारी का यह समाधान हो जाय कि कोई सांड प्रमाणित किये जाने या दागे जाने में उपयुक्त नहीं है तो वह लिखित आज्ञा द्वारा सांड पालने वाले व्यक्ति को यह निदेष देगा कि वह

सांड को ऐसी अवधि में बधिया करा लें, बधिया करने का कार्य पशुधान अधिकारी करेगा या करवायेगा और जब तक सांड का स्वामी या उसको पालने वाला अन्य व्यक्ति आज्ञा का पालन करने के लिए स्वयं की इच्छा प्रकट न करें, इस अधिनियम के अन्तर्गत पशुधन अधिकारी ऐसे रजिस्टरों को रखेगा या रखवायेगा जिनमें सांडों के निरीक्षण, बधिया किये जाने, प्रमाणीकरण और दागे जाने के विवरण तथा अन्य सूचनायें दी जायेगी। इस प्रकार यदि कोई व्यक्ति बिना वैध प्राधिकारी के इस अधिनियम के अधीन नियत किसी चिन्ह से अथवा नियत चिन्ह सदृश्य किसी चिन्ह से जिसका अभिप्राय धोखा देकर किसी सांड को दागता है या दगवाता है तो उसे 3 माह का कारावास या 500/– रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया जा सकता है परन्तु इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराधों का संज्ञान तभी लिया जा सकता है जबकि पशुधन अधिकारी या उसके द्वारा तदर्थ प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा परिवाद प्रस्तुत न किया जाये तब तक कोई न्यायालय इस अधिनियम के अन्तर्गत कोई कार्यवाही नहीं कर सकता।

8– पशुओं को पीड़ा या यातना देना अपराध है :–

पशुओं को अनावश्यक पीड़ा या यातना दिये जाने से रोकने के लिए पशु निर्दयता निवारण सम्बन्धी विधि को सृजित किया गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत पशु से तात्पर्य मनुष्य से भिन्न कोई प्राणधारी जीव से है। इसी प्रकार बन्द पशु से तात्पर्य कोई भी ऐसे पशु से है जो पालतू नहीं है, जो बन्दी अवस्था या बन्धन वह चाहे स्थायी हो अथवा अस्थायी रूप में हो अथवा जिसे बन्दी अवस्था या बन्धन से उसके पलायन को अवरूद्ध या निरूद्ध करने हेतु किसी उपकरण या युक्ति के अधीनस्थ किया गया हो अथवा जिसके पंख काटे गये हों अथवा जिसे अपंग किया गया हो या किया गया प्रतीत होता हो। इसी प्रकार पालतू पशु से तात्पर्य कोई भी पशु से है जिसे पाला गया है अथवा जिसे मनुष्य के उपयोग के हेतु किसी प्रयोजन की पूर्ति करने के लिए पर्याप्ततः पालतू कर लिया गया है या किया जा रहा है, पालतू पशु कहलायेगा। किसी भी पशु का प्रभार धारण करने या देख–रेख करने वाले व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे पशु के कल्याण को सुनिश्चित करने हेतु तथा ऐसे पशु को अनावश्यक पीड़ा या यातना दिये जाने से रोकने के लिए समस्त युक्तियुक्त उपाय करें।

इस अधिनियम से यह भी अपेक्षा की गई है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा बोर्ड का गठन किया जाय ताकि यह बोर्ड पशुओं के प्रति निर्दयता का निवारण के लिए भारत में प्रवृत विधि का निरन्तर अध्ययन करते रहे तथा समय–समय पर ऐसी किसी विधि में किये जाने वाले संशोधन पर शासन को परामर्श देता रहे।

सामान्यतः पशुओं के प्रति आवश्यक पीड़ा या यातना का निवारण करने की दृष्टि से और विशेषतः जबकि उनका एक स्थान से दूसरे स्थान को परिवहन किया जा रहा हो अथवा जबकि उनका प्रयोग करतब दिखाने वाले पशुओं के रूप में किया जाता है अथवा तब जब कि उन्हें बन्दी अवस्था में बन्धन में रखा जाता है, इस अधिनियम के अधीन नियमों के बनाने में केन्द्रीय सरकारी को परामर्श देना भी बोर्ड का कार्य है।

9– वध शालाओं में क्या सर्तकता बरतना आवश्यक है :–

वध–शालाओं की रूपरेखा अथवा वध–शालाओं के साधारण से विषय पर अथवा पशुओं के हनन के सम्बन्ध में सरकार किसी स्थानीय प्राधिकारी या अन्य व्यक्ति को परामर्श देना, ताकि वध से पूर्व की अवस्थाओं में आवश्यक पीड़ा या यातना जो चाहे शारीरिक हो अथवा मानसिक हो यथा–सम्भव दूर किया जा सकें और जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, पशुओं की हत्या यथा–सम्भव मानुशिक ढंग से की जाये।

ऐसी समस्त कार्यवाही करना जो यह सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड उपयुक्त समझे कि स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जब तभी ऐसा करना आवश्यक हो, अवांछनीय पशुओं को या तो तत्काल या पीड़ा अथवा यातना से संज्ञाहीन किये जाने के पश्चात् विनष्ट किया जाये।

10– सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा गृह पशु एवं पशु आश्रम स्थल बनाने के लिए प्रेरित करना :–

आर्थिक सहायता के अनुदान द्वारा या अन्यथा पिंजरापोल, बचाव–गृह, पशु आश्रय, शरण्य–स्थल इत्यादि पाये जाने और स्थापित करने को प्रोत्साहित करना, जहाँ पशु या पक्षी, जबकि वे वृद्ध और निरूपयोगी हो गये हों जब उन्हें संरक्षण की आवश्यकता हो, आश्रय पा सकें। पशुओं को आवश्यक पीड़ा या यातना दिये जाने से रोकने के प्रयोजनार्थ अथवा पशु और पक्षियों के अनुसरण के लिए स्थापित संस्थाओं एवं निकायों के साथ सहयोग करना और कार्यो का समन्वय करना। किसी स्थानीय क्षेत्र में कार्य करने वाले पशु कल्याण संस्थाओं को आर्थिक तथा अन्य सहायता देना अथवा किसी स्थानीय क्षेत्र में पशु कल्याण संस्थाओं के विरचन को प्रोत्साहित करना जो बोर्ड की सामान्य देख–रेख और निर्देशन के अधीन कार्य करें। चिकित्सीय देखभाल तथा सावधानी सम्बन्धी मामलों में जिनकी कि व्यवस्था पशु अस्पतालों में

की जा सकें। सरकार को परामर्श देना तथा पशु अस्पतालों को आर्थिक तथा अन्य सहायता देना जब कभी बोर्ड ऐसा करना आवश्यक समझें।

11— पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण हेतु शिक्षा प्रदान करना :—

पशुओं के साथ सभ्य व्यवहार के सम्बन्ध में शिक्षा प्रदान करना तथा व्याख्यानों, पुस्तकों, प्रचार—पत्रों, चलचित्र इत्यादि के माध्यम से पशुओं को आवश्यक पीड़ा या यातना पहुँचाये जाने के विरूद्ध एवं पशु कल्याण के उत्कर्ष के लिए जनमत बनाने में प्रोत्साहन देना। पशु कल्याण अथवा पशुओं को पहुँचाने वाली आवश्यक पीड़ा या यातना के निवारण से सम्बद्ध किसी भी विषय में सरकार को परामर्श देना बोर्ड के कर्तव्य होंगे।

12— पशुओं के प्रति कौन—कौन से व्यवहार क्रूरता की श्रेणी में आते है :—

पशुओं के प्रति निर्दयतापूर्ण व्यवहार करना अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा—11 के अन्तर्गत निम्नांकित कृत्य पशुओं के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार करने की श्रेणी में आते हैं :—

क— यदि कोई व्यक्ति किसी पशु को पीटता है, लात मारता है, दौड़ा—दौड़ा कर थका डालता है, बहुत बोझ लाद लेता है, शारीरिक यंत्रणा देता है अथवा अन्यथा उसके साथ ऐसा व्यवहार करता है कि उसे अनावश्यक पीड़ा या यातना के वशीभूत करे अथवा किसी पशु के साथ इस प्रकार का व्यवहार करता है अथवा स्वामी होते हुये, होने देता है।

ख— किसी पशु को किसी ऐसे काम या परिश्रम में या किसी प्रयोजन के लिए लगाता है जो अपनी आयु या किसी रोग, निर्बलता, घाव, फोड़ा, फुन्सी के कारण अथवा अन्य किसी कारण से इस प्रकार के काम में लाये जाने के उपयुक्त नहीं है अथवा स्वामी हुये, ऐसे किसी सक्षम पशु को इस प्रकार काम में लाये जाने की अनुमति देता है अथवा

ग— जानबूझकर तथा अयुक्तियुक्त रूप से किसी पशु को हानिकारक औषधियाँ या पदार्थ खिलाता—पिलाता है अथवा जान—बुझकर किसी पशु द्वारा ऐसी अवधि या पदार्थ ग्रहण किये जाने का कारणभूत होता है या होने का कारणभूत होता है या होने का प्रयास करता है अथवा

घ— किसी पशु को चाहे यान में या उस पर अथवा नहीं, इस रीति या स्थिति में वहन करता है या ले जाता है जिससे कि वह अनावश्यक पीड़ा या यातना के वशीभूत हो अथवा

ङ— किसी पशु को किसी ऐसे पिंजरे या भाजन में रखता है या बन्द करता है जिसकी ऊँचाई, लम्बाई और चौड़ाई माप में इतनी पर्याप्त नहीं है कि उस पशु को हिलने—डुलने का युक्तियुक्त अवसर प्राप्त हो सके अथवा

च— किसी पशु को अयुक्तियुक्त काल तक जंजीर या रस्सी से बाँधे रखता है अथवा अयुक्तियुक्त रूप से छोटी या अयुक्तियुक्त रूप से भारी जंजीर या रस्सी से बाँधकर रखता है अथवा

छ— स्वामी होते हुये, किसी कुत्ते को जो नित्यतः जंजीर में बँधा रहता है या संकीर्ण परिरोध में रखा जाता है, युक्तियुक्त रूप में घुमाने—फिराने या घुमवाने या फिरवाने में अवहेलना करता है अथवा

ज— किसी पकड़े हुये पशु का स्वामी होते हुये उस पशु को पर्याप्त खाना पीना या आश्रय नहीं देता है, अथवा

झ— युक्तियुक्त कारण के बिना किसी पशु का इन परिस्थितियों में परित्याग करना जिनसे यह सम्भाव्य हो जाता है कि उसे भूख और प्यास के कारण पीड़ा सहन करनी होगी अथवा

ञ— किसी पशु को जिसका कि वह स्वामी जान—बूझकर किसी सड़क पर मुक्त रूप से जाने देता है जबकि वह पशु संक्रामक रोग से ग्रस्त अथवा युक्तियुक्त कारण के बिना किसी रोगग्रस्त या अपंग पशु को जिसका कि वह स्वामी है, किसी सड़क पर मरने देता है अथवा

ट– किसी ऐसे पशु को विक्रय के लिये प्रदर्शित करता है या युक्तियुक्त करने के बिना अपने आधिपत्य में रखता है जो कि अंग–विच्छेद, भूख, प्यास, अतिसंकुल या अन्य दुर्व्यवहार के कारण पीड़ाग्रस्त है अथवा

ठ– किसी पशु को विकृत करता है या किसी पशु को (आवारा कुत्तों को सम्मिलित करते हुए) हृदया में स्ट्राइकनाइन इंजेक्शनों की पद्धति के प्रयोग द्वारा अथवा किसी अन्य अनावश्यक रूप से निर्दयतापूर्वक रीति में भार डालता है, अथवा

ड– केवल मनोरंजन उपलब्ध कराने की दृष्टि से –

(1) किसी पशु का निरोधन करता है या कराता है (किसी टाइगर या अन्य अभ्यारण में चारे के रूप में किसी पशु को बाँधने को सम्मिलित करते हुये) जिससे कि वह किसी अन्य पशु को आहार बन सकें, या

(2) किसी पशु को लड़ने या अन्य पशु को सताने को उद्दीप्त करता है अथवा

ढ– अपने व्यापार के प्रयोजनार्थ पशु युद्ध या किसी पशु को संत्रस्त करने के प्रयोजनार्थ किसी स्थान कोप विन्यस्त करता है प्रयोग में लाता है या उसके प्रबंध में कार्य करता है अथवा ऐसे किसी प्रयोजन के लिऐ किसी स्थान को प्रयोग में लाये जाने की अनुज्ञा देता है या प्रस्तुत करता है अथवा ऐसे किन्हीं प्रयोजनों से लिये रखे गये या प्रयोजित किसी स्थान में किसी अन्य व्यक्ति के प्रवेश के लिये धन प्राप्त करता है, अथवा

ण– किसी लक्ष्यभेद प्रतियोगिता या प्रतिद्वन्द्विता को दुष्प्रेरित करता है या उसमें भाग लेता है जिसमें कि ऐसे लक्ष्य भेद के प्रयोजनार्थ पशुओं को बन्दी अवस्था से मुक्त किया जाता है।

वह प्रथम अपराध की दशा में, जुर्माने से जो दस रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो पचास रूपये तक को हो सकेगा तथा पहले अपराध से तीन वर्ष के भीतर कारित किसी द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जुर्माने से जो पच्चीस रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो एक सौ रूपये तक को हो सकेगा या तीन मास तक की अवधि के कारावास से या दोनों से दण्डनीय होगा।

13– पशुओं को इन्जेक्शन देकर दूध प्राप्त करना अपराध है :–

यदि कोई व्यक्ति किसी गाय या अन्य दूध देने वाले पर फूँका या दूमदेव कहलाने वाली क्रिया या दूध देने के सुधार की कोई अन्य क्रिया (किसी पदार्थ के इंजेक्शन सम्मिलित करते हुये) को प्रयोग करता है अथवा अपने कब्जे के अधीन या नियन्त्रणाधीन ऐसे किसी पशु पर ऐसी क्रिया होने देता है, तो वह जुर्माने से जो एक हजार रूपये तक का हो सकता है अथवा दो वर्ष की अवधि का कारावास से, अथवा दोनों से दण्डनीय होगा और उस पशु को जिस पर ऐसी क्रिया की गई है सरकार के पक्ष में समपहरण कर लिया जायेगा।

14– पशुओं का करतब दिखाने में प्रयोग करना निषेध है :–

इस अधिनियम की धारा–22 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति किसी करतब दिखाने वाले पशु को जब तक कि वह इस अध्याय के उपबन्धों के अनुरूप रजिस्ट्रीकृत न हो, करतब दिखाने वाले पशु के रूप में किसी पशु को जिसे कि केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसे पशु के रूप में विनिर्दिष्ट करे कि करतब दिखाने वाले पशु के रूप में, प्रदर्शित या प्रशिक्षित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा–23 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया –

1– किसी करतब दिखाने वाले पशु को प्रदर्शित या प्रशिक्षित करने का इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति, विनिर्दिष्ट फार्म पर आवेदन–पत्र देने पर तथा विहित शुल्क का शोधन करने पर इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया जायेगा जब तक कि वह ऐसा व्यक्ति न हों जो इस अध्याय के अधीन पारित न्यायालय के आदेश के कारण, इस प्रकार रजिस्ट्रीकृत किये जाने को अधिकारी न हो।

2– इस अध्याय के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन–पत्र में पशुओं के संबंध में तथा उन खेल तमाशों की सामान्य प्रकृति के सम्बन्ध में जिनमें कि पशुओं का प्रदर्शन किया जाना है अथवा जिनके लिए कि उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है, ऐसे विवरण अन्तर्विष्ट होंगे जैसे कि विहित किए जाएँ और इस प्रकार दिये गये विहित प्राधिकारी द्वारा संधारित पंजी में प्रविष्ट किए जायेंगे।

3– विहित प्राधिकारी प्रत्येक व्यक्ति जो जिसका कि नाम उसके द्वारा रखी गई पंजी में है विहित प्रपत्र पर रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र देगा जिसमें रजिस्टर में प्रविष्ट विवरण अन्तर्विष्ट होंगे।

4– इस अध्याय में अधीन रखे जाने वाले प्रत्येक रजिस्टर समस्त युक्तियुक्त समयों पर विहित शुल्क देने पर, उसकी प्रतिलिपियाँ अभिप्राय करने, अथवा उनके संक्षिप्त–उद्धरण तैयार करने का अधिकारी होगा।

5– कोई भी व्यक्ति जिसका नाम पंजी में है, न्यायालय द्वारा इस अधिनियम के अधीन पारित किसी आदेश के अधीन तद्प्रयोजनार्थ आवेदन–पत्र देने पर, अपने सम्बन्ध में पंजी में प्रविष्ट विवरणों को परिवर्तित करने का अधिकारी होगा और जहाँ कि कोई ऐसे विवरण इस प्रकार परिवर्तित किये जायें तब विद्यमान होगा और जहाँ कि कोई ऐसे विवरण इस प्रकार परिवर्तित किये जायें तब विद्यमान प्रमाण–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा और नया प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

15– पशु हमारी राष्ट्र की संपदा है :–

पशु हमारे दोस्त ही नहीं बल्कि हमारे सेवक भी हैं क्योंकि जीवन का महत्वपूर्ण आधार पोष्टिक आहार है, जो हमारे बच्चों को पशुओं से ही प्राप्त होता है। यदि गाय–भैंसे नहीं होती तो हमें दूध भी नहीं मिल पाता। इसलिए हमें पशुओं का ऋणी होना चाहिए और जो भी उनके प्रति क्रूरता का व्यवहार करें उसको दण्डित किया जाना चाहिए। असहाय पशुओं को शरण देना हमारा कर्तव्य है। पशु राष्ट्र की महत्वपूर्ण धन सम्पदा है जिनकी सुरक्षा के लिये कानून तो बनाये गये हैं परन्तु उनका लाभ पशुओं को नहीं मिल पाता। इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि जब भी पशु संकट में हों तो हमें उनके संकट के निवारण के लिए अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए। इस पुस्तक के माध्यम से सरल भाषा में जहाँ पशुओं के कल्याण के लिए जानकारियाँ दी गई हैं वहीं हर व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विधिक ज्ञान से निष्चय ही पशुओं को लाभ पहँचायेंगे जो पशुओं के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकें।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)
2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति
(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ
(ग) स्त्री या बालक
(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ
(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।
(च) औद्योगिक कर्मकार
(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित
(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।
4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?
5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें
(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि
(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि
(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि
(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊॅगा/छुपाऊॅगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी
पता –
नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32	दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33	बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34	पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35	मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36	श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37	उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38	सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39	वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40	एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41	मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42	शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43	समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44	कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45	लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46	आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47	उत्तराखण्ड अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2015

विधिक सेवाएं क्या है ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
यदि महिला को किसी अपराध में पुलिस ने हिरासत में लिया है और वह वकील करने में असमर्थ है तो वह महिला निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की अधिकारी है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक जिले में कानूनी सहायता एवं परामर्श समिति गठित होती है जिनका अध्यक्ष जिला न्यायाधीश होता है। इसके अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मुकदमा लम्बित होता है तो उसका भी यह कर्त्तव्य है कि वह भी निःशुल्क वकील सरकारी खर्चे पर उपलब्ध कराए।

यदि महिला की शिकायत थानाध्यक्ष नहीं लिखते हैं तो वह पुलिस अधीक्षक से मिलकर इसकी रिपोर्ट कर सकती है या वह अलग से लिखित रिपोर्ट सीधे पुलिस अधीक्षक को भी भेज सकती है। यदि फिर भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो महिला सीधे मजिस्ट्रेट के यहां भी रिपोर्ट देकर जांच का अनुरोध कर सकती है। पुलिस के यहां जो रिपोर्ट लिखी जाती है, उसे प्रथम इत्तला रिपोर्ट कहते हैं और यदि अजमानतीय अपराध है तो इसके लिये संबंधित मजिस्ट्रेट के सम्मुख जमानत प्रार्थना–पत्र देना होता है जिसके स्वीकार होने के पश्चात् ही जमानत पर छोड़ा जा सकता है। किसी भी महिला को पूछताछ के लिए बुलाने के लिए पुलिस अधिकारी को लिखित आदेश देने होंगे अन्यथा महिला थाने में किसी पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि 15 साल से कम उम्र के पुरुष को ओर किसी भी महिला को पूछताछ के लिए थाने नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए यदि किसी भी महिला से पुलिस ने कुछ सवाल पूछने हैं तो महिला के घर पर ही पूछताछ की जा सकती हे यदि पुलिस महिला के घर सवाल पूछने ऐसे समय आती है जिसमें उसे शर्मिन्दगी होती है या मर्यादा का उल्लंघन होता है तो महिला संबंधित मजिस्ट्रेट से अनुरोध कर सकती है कि पुलिस निश्चित समय पर ही सवालात पूछने उसके घर पर आए। यदि महिला चाहे तो पुलिस द्वारा सवालात पूछने के समय किसी वकील या दोस्त या रिश्तेदार की मदद ले सकती है। यदि यह लगे कि पुलिस सवाल पूछने पर झूठा फंसाना चाहती है तो ऐसे सवालों का जवाब देने से इंकार किया जा सकता है पुलिस ऐसे सवालात की पूछताछ में किसी कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाने के लिए नहीं कह सकती और न ही डरा धमका सकती है। इसके अतिरिक्त पुलिस को यह शक्ति नहीं है कि वह केवल सवाल या पूछताछ के लिए हिरासत में ले या थाने में रखें।

महिला की तलाशी लेते समय उसकी मर्यादा का विशेष ध्यान रखा गया है इसलिए दण्ड प्रक्रिया संहिता में यह प्रावधानित है कि सिर्फ एक महिला पुलिस किसी महिला के शरीर की तलाशी नहीं ले सकती है और कोई पुरुष पुलिस अधिकारी किसी महिला के शरीर की तलाशी नहीं ले सकता। यदि महिला की तलाशी ली जाती है और जो तलाशी मेमो तैयार होता है, उसकी प्रतिलिपि को प्राप्त करने का उसका अधिकार है जिसकी वह माँग कर सकती है। यदि महिला रिपोर्ट नहीं लिख सकती तो वह रिपोर्ट जुबानी भी बताई जा सकती है जिसको पुलिस लिखकर और पढ़कर सुनायेगी और उस पर उसके दस्तखत या अंगूठा लगवाएगी। इस रिपोर्ट को लिखाने को कोई निश्चित तरीका नहीं होता बल्कि जैसा चाहे लिखकर दी जा सकती है, बशर्ते उसमें घटना से संबंधित पर्याप्त विवरण मिल सके। अर्थात् अपराधी का नाम, पता यदि मालूम हो या उसका हुलिया, क्या अपराध हुआ, कैसे अपराध हुआ, कहां हुआ इत्यादि की जानकारी उसमें होनी चाहिए। हर प्रथम रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करने का अधिकार उस व्यक्ति को है, जिसने इसको लिखाया है।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति / उपसमिति / जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र / पुत्री / पत्नी / विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता / परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता / करती हूँ°–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 1,00, 000 / – (एक लाख रुपया) तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ / आती हूँ°(जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ
व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्ध में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हाँ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने / प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी / व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ / दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण / उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा / करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा / छुपाऊँगी।

प्रार्थी / प्रार्थिनी
पता –
नाम –

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,
उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,
तहसील –   जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ°–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया) तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ°(जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्ध में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हाँ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी
पता –
नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोशण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निशेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नषीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32.	सरल कानूनी ज्ञान माला–32	दहेज
33.	सरल कानूनी ज्ञान माला–33	बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34.	सरल कानूनी ज्ञान माला–34	पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35.	सरल कानूनी ज्ञान माला–35	मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36.	सरल कानूनी ज्ञान माला–36	श्रम कानून
37.	सरल कानूनी ज्ञान माला–37	उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38.	सरल कानूनी ज्ञान माला–38	सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39.	सरल कानूनी ज्ञान माला–39	वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40.	सरल कानूनी ज्ञान माला–40	एड्स को जानें
41.	सरल कानूनी ज्ञान माला–41	मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42.	सरल कानूनी ज्ञान माला–42	शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य षिक्षा
43.	सरल कानूनी ज्ञान माला–43	कानून की जानकारी आखिर क्यों?

विधिक सेवाएं क्या हैं ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

यदि ऐसे व्यक्तिः–

1– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सभी नागरिक,
2– संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,

3– सभी महिलायें एवं बच्चे,

4– सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,

5– बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़ एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसी दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,

6– औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,

7– जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,

8– भूतपूर्व सैनिक,

9– हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,

10– वरिष्ठ नागरिक,

11– एच0आई0वी0/एडस से संक्रमित व्यक्ति,

12– ऐसे सभी व्यक्ति जिनकी समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 3,00,000 / – से कम हो।

<u>नोट</u> :– क्रम संख्याः 1 से 11 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :–

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

सदस्य–सचिव

कार्यपालक अध्यक्ष

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

मध्यस्थम एवं सुलह विधि

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन/फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in ukslsanainital@gmail.com

भूमिका

पक्षकारों के बीच विवाद को तय करने के तीन ही तरीके हैं, पहला यह कि विवाद के निस्तारण हेतु न्यायालय में मुकदमा दायर किया जाये जिसमें न्यायालय दोनों पक्षकारों का साक्ष्य लेखबद्व करके अपने निर्णय द्वारा डिक्री पारित करती है। न्यायालय द्वारा विवाद निस्तारण करने के तरीके में पहले वाद योजित करना होता है जिसमें सिविल प्रक्रिया संहिता की सभी औपचारिकताओं को पूरा करना होता है और सुनवाई के दौरान पक्षकारों द्वारा जो साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है उसको भी साक्ष्य अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार ही ग्राह्रय किया जा सकता है। अतः न्यायालय की प्रक्रिया तकनीकी एवं क्लिष्ठ होती है और इसमें समय लगना स्वाभाविक ही है। विवाद निस्तारण करने का दूसरा तरीका पक्षकारों की सहमति से मध्यस्थ की नियुक्ति करके उसको विवाद के निस्तारण के लिए निर्दिष्ट करना है जिसमें मध्यस्थ के लिए यह बाध्यकर नहीं होता है कि वह सिविल प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम के प्राविधानों का अनुपालन करें। इसमें मध्यस्थ द्वारा जो विवादों के निस्तारण सम्बन्धी निर्णय दिया जाता है उसे अवार्ड या पंचाट कहते हैं, जो कि न्यायालय की डिक्री के समान होता है। विवाद निस्तारण का तीसरा तरीका सुलह के माध्यम से किया जाता है जिसमें पक्षकार अपने विवाद को सुलह द्वारा तय करने के लिए जब तैयार हो जाते हैं तो उनके बीच सुलहकर्ता दोनों पक्षकारों की दलीलों को पढ़कर इस बात का प्रयास करते हैं कि दोनों पक्षकारों के बीच सुलह हो जाये और पक्षकारों द्वारा ही सुलहकर्ता के सहयोग से समझौता निष्पादित किया जा सकता है जिसकी सुलहकर्ता पुष्टि करता है, इसमें न तो किसी प्रकार का साक्ष्य लेखबद्व करना पड़ता है और न ही किसी प्रकार के सिविल प्रक्रिया संहिता या साक्ष्य अधिनियम के प्राविधानों के पालन करने की आवश्यकता है और यह सीधा एवं सुगम तरीका सुलहकर्ता के माध्यम से पक्षकारों के विवादों को निस्तारण सुलह करने का है। मध्यस्थ एवं सुलहकर्ता द्वारा विवादों के निस्तारण सम्बन्धी कानून का नाम मध्यस्थ एवं सुलह अधिनियम 1996 है, जिसके मुख्य महत्वपूर्ण प्राविधानों का यहां संक्षिप्त वर्णन किया जा रहा है।

1. पक्षकारों के चुने हुए मध्यस्थों द्वारा विवादों का निस्तारण कराने को माध्यस्थम कहते हैं :–

पक्षकारों के बीच जब विवाद उत्पन्न होता है तो उन विवादों के समाधान के लिए किसी पक्षकार को न्यायालय की शरण लेकर दूसरे पक्षकार के विरूद्व मुकदमा दायर करना पड़ता है। इस मुकदमे के दायर करने से पहले न्यायालय में उसकी विधिवत कोर्ट फीस भी अदा करनी होती है और मुकदमे को दायर करने की औपचारिकता पूरी करने के लिए वकीलों की सहायता ली जाती है तब न्यायालय में मुकदमों की कार्यवाही प्रारम्भ होती है। परन्तु जहां तक माध्यस्थम द्वारा पक्षकारों के विवादों के निस्तारण का प्रश्न है उसमें केवल मात्र पक्षकार अपने ही चुने हुए मध्यस्थों को विवाद के निस्तारण हेतु निर्दिष्ट करके मध्यस्थ के सम्मुख कार्यवाही प्रारम्भ कर सकते हैं जो दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपना निर्णय अर्थात पंचाट देता है जिसमें न्यायालय की किसी प्रकार की औपचारिकता का झंझट नहीं उठाना पड़ता है। इस प्रकार जहां पक्षकार अपने विवादों के हल के लिए न्यायालय में मुकदमा न दायर करके किसी ऐसे व्यक्ति को मध्यस्थ बनाने के लिए सहमत हो जाते हैं जो उनके विवादों का निपटारा करें तो पक्षकारों की रजामन्दी से नियुक्त किये गये व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा जो विवादों का निपटारा किया जाता है उसको माध्यस्थम कहा जाता है।

2. माध्यस्थम से विवादों के निस्तारण करने के मुख्य लाभ :–

(क) पक्षकारों के कई मामले तकनीकी प्रकृति के होते हैं जिनको समझने के लिए विशेष तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है इसलिए ऐसे तकनीकी मामलों के झगड़ों का निस्तारण ऐसा ज्ञान रखने वाले विशेष व्यक्तियों को मध्यस्थ के रूप में नियुक्त करके विवादों का समाधान आसानी से कराया जा सकता है। जबकि दूसरी ओर ऐसे विशेष तकनीकी मामलों के संबंध में न्यायालय को तकनीकी ज्ञान की जानकारी लेनी पड़ती है इसलिए शायद न्यायालय द्वारा ऐसे मामलों का आसानी से तय किया जाना कठिन हो जब कि तकनीकी ज्ञान वाले किसी

इंजीनियर को मध्यस्थ के रूप में अपने विवादों का निस्तारण करने हेतु नियुक्त किये जाने पर वह सुगमता से इसमें अपना निर्णय दे सकता है।

(ख) माध्यस्थम में न्यायालयों की अपेक्षा शीघ्र वादों का निपटारा किया जाता है क्योंकि न्यायालय में वैसे ही मुकदमे का अम्बार होता है और यह भी निश्चित नहीं होता कि मुकदमा निर्धारित तिथि पर सुनवाई के लिए लिया जाता भी है या नहीं। न्यायालय में प्रायः मुकदमों में तारीख पर तारीख पड़ती रहती है इसलिए यह भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि गवाह नियत तिथि पर उपस्थित हों तो उनका साक्ष्य भी न्यायालय द्वारा उसी तारीख पर लिया जाना सम्भव होगा जबकि दूसरी तरफ माध्यस्थम के साथ ऐसी कोई समस्या नहीं है उसके पास यही एक मामला सुनवाई के लिए होता है, जिससे कि वह निर्धारित तिथि पर न केवल सुनवाई कर सकता है बल्कि इसका निर्णय भी शीघ्रातिशीघ्र करने में सक्षम होता है। जिससे पक्षकारों को कम परेशानी होती है और माध्यस्थ कार्यवाही न्यायालय के सम्मुख चल रही कार्यवाही से कम खर्चीली होती है।

(ग) चूंकि पक्षकारों की सहमति से ही मध्यस्थ नियुक्त किया जाता है इसलिए पक्षकारों की सुविधा को देखते हुए विवादों की सुनवाई का स्थान व समय भी बदला जा सकता है। इसी प्रकार माध्यस्थ विवादग्रस्त स्थल, विषय या वस्तु का निरीक्षण कर सकता है जबकि न्यायालय के समक्ष समय का अभाव होने के कारण निरीक्षण करना सम्भव नहीं होता है। इसलिए मध्यस्थ द्वारा विवादग्रस्त वस्तु का अवलोकन एक बार हो जाने से पक्षकारों के विवादों को समझने एवं शीघ्र निपटारा करने में सहायता मिलती है।

(घ) न्यायालय को कार्यवाही को विधिसम्मत प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं से पूरी करना होता है जबकि माध्यस्थ कार्यवाही में उभय पक्षकार अपनी सहमति से सरल प्रक्रिया अपना सकते हैं और मध्यस्थ पर यह बाध्यकर नहीं होता कि वह सिविल प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम की जटिल एवं तकनीकी प्रक्रिया को ही अपनाये। अतः मध्यस्थम द्वारा की गयी कार्यवाही न्यायालय की तरह मुख्य दर्शष्ट तकनीकी एवं जटिल प्रक्रिया की न रहकर विशेष रूप से वास्तविक न्याय पर केन्द्रित रहती है।

3. माध्यस्थम के लिए आवश्यक तत्व क्या है :—

माध्यस्थम के लिए आवश्यक तत्वों में मुख्य तत्व यह है कि पक्षकारों के बीच लिखित माध्यस्थम करार अस्तित्व में होना चाहिए, जिसके अंतर्गत विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसका निस्तारण मध्यस्थों द्वारा करने की व्यवस्था हो तथा इस माध्यस्थम करार के अनुसार ही पक्षकारों के बीच विवाद उत्पन्न होने पर नियुक्त किये गये मध्यस्थ को विवादों का निस्तारण कराने के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। मध्यस्थ पक्षकारों के कथनों पर विचार करने एवं साक्ष्य लेखबद्व करने के बाद अपना निर्णय पंचाट के रूप में देता है, जिस पर यदि किसी पक्षकार की कोई आपत्ति हो तो उसका निस्तारण करने के बाद वह पंचाट पक्षकारों पर बाध्यकर होता है। अतः माध्यस्थम के मुख्य तत्वों को इस प्रकार उल्लिखित किया जा सकता है।

(1) पक्षकारों के मध्य लिखित करार का अस्तित्व में होना।

(2) विवादों का उत्पन्न होना, जो कि माध्यस्थ द्वारा तय किया जाता है।

(3) विवादों के निस्तारण करने हेतु मध्यस्थ को निर्दिष्ट किया जाना।

(4) मध्यस्थ द्वारा पक्षकारों को सुनने के बाद पंचाट तैयार किया जाना।

(5) पंचाट पर पक्षकारों की यदि कोई आपत्ति हो तो उसका निस्तारण करने के बाद पंचाट का उभय पक्षकारों पर आबद्वकर होना।

4. माध्यस्थम सम्बन्धी विधि के मुख्य प्राविधान :

(क) माध्यस्थम संबंधी पूर्ण विधि की व्यवस्था माध्यस्थम एवं सुलह अधिनियम 1996 में की गयी है :—

इस अधिनियम की धारा–7 में यह उपबन्ध किया गया है कि जब पक्षकार अपने विवादों का निपटारा न्यायालय से न कराकर अपनी सहमति से नियुक्त किये गये मध्यस्थों से कराना चाहते हैं तो उनके बीच माध्यस्थम करार होना परम आवश्यक है। पक्षकारों के बीच ऐसे माध्यस्थम करार के लिए आवश्यक है कि

वह लिखित रूप में होनी चाहिए और यदि माध्यस्थम करार किसी दस्तावेज के रूप में हो तो उसमें दोनों ही पक्षकारों के हस्ताक्षर होने परम आवश्यक है। यदि पक्षकारों के बीच में लिखे गये पत्राचार इत्यादि पर पक्षकारों द्वारा विवादों को निस्तारण करने हेतु सहमति जताई जाती है तो वह भी माध्यस्थम करार की प्रकृति में सम्मिलित होगा और उस पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर होने आवश्यक नहीं है।

(ख) मध्यस्थों की नियुक्ति करके उनको विवादों को निपटाने हेतु निर्दिष्ट किया जाना :–

जब पक्षकारों के बीच में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसका निस्तारण पक्षकारों के बीच माध्यस्थम करार के अनुसार सीधे न्यायालय से कराया नहीं जा सकता बल्कि उसे माध्यस्थम द्वारा ही कराया जाना बाध्यकर है। इस माध्यस्थम करार के अनुसार मध्यस्थों की नियुक्ति की जाती है और तभी मध्यस्थ पक्षकारों के विवादों की सुनवाई प्रारम्भ कर सकते हैं। यदि कोई भी पक्षकार करार के अनुसार मध्यस्थों की नियुक्ति करने में आनाकानी करता है तो दूसरा पक्षकार इस अधिनियम की धारा–11 के अनुसार न्यायालय की सहायता से मध्यस्थ की नियुक्ति करा सकता है। इसमें एक पक्षकार दूसरे पक्षकार को नोटिस मिलने के 30 दिन के अन्दर वह पक्षकार माध्यस्थम करार के अनुसार मध्यस्थ की नियुक्ति नहीं करता तो अधिनियम की धारा–11 के अनुसार न्यायालय की सहमति से मध्यस्थ की नियुक्ति करायी जा सकती है और जिसके पश्चात नियुक्त किये गये मध्यस्थ को कार्यवाही प्रारम्भ करके अपना निर्णय देना होता है।

(ग) मध्यस्थ की शक्तियां :–

मध्यस्थ का कार्य न्यायालय के न्यायाधीश की तहत ही पक्षकारों को सुनने के बाद अपना निर्णय पंचाट के रूप में देना होता है परन्तु मध्यस्थ की शक्तियां माध्यस्थम करार से ही जुड़ी होती है हैं जिसके अनुरूप ही मध्यस्थ को अपनी शक्तियों का प्रयोग करना होता है। इस अधिनियम की धारा–19 में यह स्पष्ट प्राविधान किया गया है कि मध्यस्थ न्यायालय की तरह सिविल प्रक्रिया संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम की औपचारिकताओं को अपनाने के लिए बाध्यकर नहीं हैं। यदि पक्षकारों द्वारा माध्यस्थम करार में ही मध्यस्थ की नियुक्ति के संबंध में तथा उसके द्वारा विवादों के निस्तारण हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया की व्यवस्था कर दी जाती है तो उसी के अनुसार ही मध्यस्थ को अपनी कार्यवाही करके निर्णय देना होता है। इसलिए यदि पक्षकार यह चाहते हैं कि उनके विवादों का निस्तारण दस्तावेजों के आधार पर ही कर दिया जाये तो मध्यस्थ के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह पक्षकारों का मौखिक साक्ष्य लेखबद्व करें। इसी प्रकार माध्यस्थम करार में अन्य जो भी प्राविधान किये गये हैं, उन्हीं के अनुसार ही मध्यस्थ अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए विवादों के निस्तारण हेतु अपना निर्णय अर्थात पंचाट दे सकता है।

(घ) पक्षकारों की रजामन्दी से सुनवाई का स्थान निर्धारित करना :–

पक्षकारों के बीच विवाद उत्पन्न होने पर इस अधिनियम की धारा–20 में पक्षकारों को यह स्वतंत्रता दी गयी है कि वह माध्यस्थम कार्यवाही के स्थान को नियत कर सकते हैं जिसके अनुसार ही उस स्थान पर पक्षकारों के विवादों की सुनवाई की जायेगी और उसी तरह जिस भाषा में पक्षकार चाहते हैं कि उनकी यह सुनवाई की जाय, उसी भाषा का मध्यस्थ को प्रयोग करना होगा जैसा कि इस अधिनियम की धारा–22 में भी यह प्राविधानित किया गया है।

(ड़) मध्यस्थ साक्ष्य को लेखबद्व करने के लिए न्यायालय की सहायता प्राप्त कर सकता है :–

मध्यस्थम कार्यवाही की सुनवाई में दस्तावेज एवं साक्ष्य लेखबद्व करना होता है। यदि मध्यस्थ यह समझता है कि किसी व्यक्ति से दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता है या किसी व्यक्ति का साक्ष्य लेखबद्व किया जाना है तो उसके लिए वह सम्बन्धित सिविल न्यायालय की सहायता लेकर साक्षी को सम्मन भिजवाने की सहायता ले सकता है, जिस पर यदि न्यायालय द्वारा भेजे गये ऐसे सम्मन की तामीली के बाद भी वह व्यक्ति साक्ष्य के लिए उपस्थित नहीं होता है या दस्तावेज दाखिल नहीं करता है तो उस स्थिति में इस अधिनियम की धारा–27 में यह स्पष्ट व्यवस्था की गयी है कि ऐसे व्यक्ति के विरूद्व न्यायालय के अनुरूप ही दण्डित करने की कार्यवाही की जा सकती है।

(च) मध्यस्थ द्वारा सुनवाई के बाद पंचाट तैयार किया जाना :–

जब मध्यस्थ विवादों का निपटारा करने के लिए पक्षकारों की सुनवाई पूरी कर लेता है तो विवादों के निस्तारण हेतु जो वह निर्णय देता है उसको पंचाट कहा जाता है। इस पंचाट का क्या स्वरूप होना चाहिए इसकी व्यवस्था अधिनियम की धारा–31 जिसके अनुसार मध्यस्थ द्वारा जो पंचाट तैयार किया जाता है उसे लिखित रूप में होने के साथ–साथ मध्यस्थ के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। इस पंचाट में उन सभी कारणो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है जिनके आधार पर निष्कर्ष दिये गये थे। मध्यस्थ द्वारा दिये गये पंचाट में जिस तिथि में पंचाट तैयार किया गया वह तिथि एवं स्थान जहॉ पर उसकी सुनवाई की गयी उसका उल्लेख किया जाना आवश्यक है और पंचाट की एक–एक हस्ताक्षरित प्रति सम्बन्धित पक्षकारों को दी जायेगी ताकि उनको यदि पंचाट कार्यवाही के विरूद्व कोई आपत्ति हो तो उसके लिए वह उचित कार्यवाही कर सके।

(छ) मध्यस्थ के पंचाट पर पक्षकारों द्वारा आपत्ति न किये जाने पर वह अन्तिम होने पर पक्षकारों पर बाध्यकर होता है :–

मध्यस्थ द्वारा विवादों के निस्तारण के बाद जो निर्णय दिया जाता है अर्थात जो पंचाट तैयार किया जाता है, उसका विधिवत निष्पादन विवादग्रस्त सम्पत्ति के मूल्यांकन के अनुसार देय स्टाम्प ड्यूटी के दस्तावेज पर किया जाता है और यदि वह पंचाट अचल सम्पत्ति से सम्बन्धित है तो उसका रजिस्ट्रेशन किया जाना आवश्यक है परन्तु यह तभी किया जाना सम्भव है जब ऐसे पंचाट पर यदि पक्षकारों को कोई आपत्ति है तो उस आपत्ति का विधिवत निस्तारण करते हुए पंचाट को बरकरार रखा गया हो। जब पंचाट के विरूद्व किसी पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं होती तो उस स्थिति में पंचाट फाईनल होने के परिणामस्वरूप दोनों
पक्षों पर बाध्यकर होगा। इसके लिए न्यायालय आदेश की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि ऐसे पंचाट बिना न्यायालय के आदेश के ही न्यायालय की डिक्री की तरह प्रभावी माने जायेंगे।

(ज) पंचाट को पक्षकार कब और कैसे अपास्त करा सकते हैं :–

मध्यस्थ द्वारा जो पंचाट दिया जाता है उससे पक्षकारों का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है और यदि कोई पक्षकार यह अनुभव करता है कि मध्यस्थ द्वारा पंचाट से कोई गलती की गई है और पंचाट को आपास्त किया जाना जरूरी है तो उस स्थिति में वह अधिनियम की धारा–34 के अनुसार न्यायालय में आवेदन करके ऐसे पंचाट को अपास्त करने की कार्यवाही कर सकता है। इस धारा के अनुसार जो पक्षकार ऐसे किसी पंचाट को अपास्त कराना चाहता है तो पंचाट की प्रति मिलने से तीन महीने के अंदर ही पंचाट में आपत्तियां दाखिल करते हुए न्यायालय में इसे अपास्त कराने के लिए आवेदन करना होता है। जिस पर न्यायालय दोनों पक्षकारों को नोटिस देने के बाद एवं सुनवाई के पश्चात यदि आपत्तियों को सारपूर्ण पाती है तो न्यायालय ऐसे पंचाट को अपास्त करने का आदेश पारित कर सकती है। अतः जब पंचाट के विरूद्व दाखिल आपत्तियां खारिज कर दी जाती हैं तो वह पंचाट इस अधिनियम की धारा–35 के अन्तर्गत फाईनल मानते हुए अधिनियम की धारा–36 में ही उसे पक्षकारों पर न्यायालय की डिक्री के रूप में बाध्यकर माना जाता है।

5. सुलह विधि :–

हमारे देश में अभी भी लोग इस बात का प्रयास करते हैं कि झगड़ों का सुलह के माध्यम से ही निस्तारण हो जाये और इसके लिए प्रायः अपने किसी सम्मानित रिश्तेदार को बीच में डालते हैं, जो सुलहकर्ता के रूप में दोनों पक्षकारों की बातों को सुनकर उनका आपसी समझौता कराने का प्रयास करता है, परन्तु जहां तक सुलह सम्बन्धी विवादों का प्रश्न है उसके लिए अभी तक कोई कानून नहीं बनाया गया था। प्रथम बार माध्यस्थम एवं सुलह अधिनियम 1996 को सृजित किया गया, जिसके भाग–तीन में धारा 61 से धारा 86 द्वारा सुलह को कानूनी रूप देते हुए जो समझौता माध्यस्थम की सुलह से पक्षकारों के बीच कराया जाता है, उसे माध्यस्थ के अवार्ड की तरह ही न्यायालय की डिक्री के रूप में प्रभावी बनाया गया है।

(क) सुलहकर्ता माध्यस्थ की तरह पक्षकारों के बीच साक्ष्य लेखबद्व करने एवं अन्य सुनवाई के बावत औपचारिक कार्यवाही नहीं करता :–

जहां माध्यस्थ द्वारा पक्षकारों के बीच विवादों का निस्तारण किया जाता है तो उसमें माध्यस्थम दोनों पक्षकारों को अपना–अपना जवाबदावा एवं दस्तावेज दाखिल कराने के बाद पक्षकारों की उपस्थिति में उसे साक्ष्य लेखबद्व करना होता है और उसके बाद जाकर उसे साक्ष्य पर विचार करने के बाद अपना निर्णय देना होता है, जिसे अवार्ड या पंचाट कहते हैं। जबकि सुलहकर्ता को ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करनी पड़ती है, बल्कि उसे दोनों पक्षकारों से संयुक्त रूप से मिलकर या अलग–अलग मिलकर उनसे

मशविरा करके उनके बीच सुलह के माध्यम से समझौता करवाना होता है, जिसमें सुलहकर्ता को माध्यस्थ की तरह कोई अपना फैसला नहीं देना होता है बल्कि दोनों पक्षकारों को मानकर उनकी इच्छा रूप आपस में समझौता करवाना होता है। इस प्रकार पक्षकारों के बीच सौहार्द को बढ़ाकर उनके बीच वैमनस्य को समाप्त करते हुए रजामंदी अथवा सुलह के आधार पर ही पक्षकारों द्वारा ही फैसला करवाना होता है और सुलहकर्ता द्वारा कराया गया ऐसा फैसला पंचाट के रूप में न्यायालय की डिक्री के समान प्रभावी माना जायेगा।

(ख) सुलह के विवादों को निपटाने की शुरूआत कैसे की जा सकती है :—

जब पक्षकारों के बीच झगड़ा उत्पन्न होता है तो उसका अभिप्राय यह है कि दोनों पक्षकार के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बीच में टकराव हुआ है और वह अपने दायित्वों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है इसलिए जो झगड़ा उत्पन्न होता है तो उसके निस्तारण की आवश्यकता पड़ती है। जब पक्षकार अपने झगड़े को सुलह के माध्यम से निस्तारण करना चाहते हैं तो उसके लिए दोनों पक्षकारों में से एक को आगे आना पड़ता है कि वह सुलह से झगड़े का निस्तारण करने की इच्छा दूसरे पक्षकार को प्रकट करे जिससे कि यदि दूसरा पक्षकार सुलह के लिए तैयार हो जाता है तभी पक्षकारों के बीच सुलहकर्ता की नियुक्ति का कार्य प्रारम्भ होता है और उसके बाद सुलह के प्रयास किये जा सकते हैं। अतः इस अधिनियम की धारा–62 के अन्तर्गत यह प्राविधान किया गया है कि जो पक्षकार सुलह से झगड़े के निस्तारण के लिए शुरूआत करना चाहता है, उसे दूसरे पक्षकार को लिखित रूप से अपने इस सुझाव के लिए आमंत्रित करने के लिए सूचित करना होगा और यदि निमंत्रण के प्राप्त होने के 30 दिन के अन्दर दूसरा पक्षकार इस सुलह के माध्यम से झगड़े को तय कराने को तैयार हो जाता है, तो सुलह की कार्यवाही प्रारम्भ हो जाती है अन्यथा इस निमंत्रण दिये जाने के नोटिस के प्राप्त होने के 30 दिन बाद ऐसा निमंत्रण रद्द समझा जाता है।

(ग) सुलहकर्ता की नियुक्ति करने की प्रक्रिया :—

पक्षकारों के बीच सुलहकर्ता प्रायः एक ही होता है परन्तु यदि पक्षकार चाहे तो वह एक से अधिक सुलहकर्ता भी नियुक्त कर सकते हैं और उस स्थिति में इन सुलहकर्तागण को संयुक्त रूप में ही सुलह कराने के प्रयासों की कार्यवाही प्रारम्भ करनी होती है। यदि पक्षकार ऐसे किसी सुलहकर्ता के नाम पर सहमत नहीं होते तो वह किसी अन्य संस्था या व्यक्ति को यह कार्य सौंप सकते हैं कि वह किसी सुलहकर्ता का नाम सुझाये और ऐसे नाम के सुझाव पर विचार करके पक्षकारों की सहमति से सुलहकर्ता की नियुक्ति कर सकते हैं। सुलहकर्ता की नियुक्ति की व्यवस्था अधिनियम की धारा 64 में विस्तृत रूप से दी गयी है।

(घ) सुलहकर्ता द्वारा कैसे कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी :—

सुलहकर्ता की नियुक्ति होने के बाद वह दोनों पक्षकारों को यह निर्दिष्ट करेगा कि वे लिखित रूप में अपना प्रतिवेदन दें जिसमें यह उल्लेख किया हो कि उनके झगड़े की क्या प्रकृति है और उनके आपसी मतभेदों के क्या बिन्दु हैं इस प्रकार दोनों पक्षकारों से प्राप्त हुए प्रतिवेदन की एक–एक प्रति दूसरे पक्षकार को उपलब्ध करा दी जायेगी ताकि वे एक दूसरे के मतभेदों के कारणों को समझ सकें। इस प्रकार सुलहकर्ता द्वारा यदि प्राप्त हुए प्रतिवेदनों को देखने के बाद यानि पक्षकारों को अपने कथन के समर्थन में कोई दस्तावेज या तथ्यों को देना आवश्यक समझता है तो इसके लिए वह पक्षकारों से कह सकता है। ऐसे अतिरिक्त प्रतिवेदन या जवाबदावा मिलने पर इसकी प्रतिलिपि भी दूसरे पक्षकार को उपलब्ध करायी जायेगी। पक्षकारों के जवाबदावा प्राप्त होने के बाद सुलहकर्ता सिविल प्रक्रिया संहिता या साक्ष्य अधिनियम के प्राविधानों का पालन करने के लिए बाध्यकर नहीं है। इसलिए वह दोनों पक्षकारों के बीच उनके झगड़े को निपटाने के लिए सुलह कराने में जो भी सहायता की आवश्यकता हो, करेगा और वह पक्षकारों को आपसी समझौते के लिए पहुँचाने के लिए अपने प्रस्ताव भी समय–समय पर उनको दे सकता है। यदि सुलहकर्ता यह समझता है कि पक्षकारों को संयुक्त रूप से बुलाकर उनसे और बातचीत की जाये या पक्षकारों से अलग–अलग बात करके उनके झगड़े का हल ढूँढा जाये तो ऐसा करने के लिए वह अधिनियम की धारा 69 मे कार्यवाही कर सकता है। यदि किसी पक्षकार द्वारा सूचना गोपनीय रूप में उपलब्ध करायी जाती है तो सुलहकर्ता पर यह पाबन्दी है कि वह ऐसी गोपनीय सूचना को दूसरे पक्षकार को न बतायें। इस प्रकार सुलहकर्ता पक्षकारों के बीच जो झगड़े की जड़ होती है, उसकी गुत्थी को सुलझाने के लिए अपनी सहायता उपलब्ध कराकर पक्षकारों के बीच मतभेद को समाप्त करके उन्हें आपसी समझौते के लिए राजी करता है।

(ड़) सुलहकर्ता की सहमति से पक्षकारों द्वारा समझौता न्यायालय की डिक्री के समान प्रभावी होता है :–

सुलहकर्ता को केवल सुलह कराकर पक्षकारों को ही समझौता करने के लिए तैयार करना होता है। अतः सुलहकर्ता की कोई भी भूमिका न्यायालय के न्यायाधीश या मध्यस्थ के रूप में अपना कोई निर्णय न देना होता है परन्तु पक्षकारों द्वारा जो आपसी समझौता तैयार कराया जाता है, उसमें सुलहकर्ता मात्र इसको अधिप्रमाणित करता है और यह अभिप्रमाणित किया गया आपसी समझौता जिसकी एक–एक प्रति दोनों पक्षकारों को उपलब्ध करायी जाती है, वह इस अधिनिमय की धारा–30 के अंतर्गत न्यायालय की डिक्री के समान माना जाता है, जो दोनों पक्षकारों पर बाध्यकर होता है। इस समझौते के परिणामस्वरूप दोनों पक्षकारों के मतभेद सदैव के लिए समाप्त हो जाते हैं और इसके विरूद्व अपील करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(च) सुलह कार्यवाही चलने के दौरान कोई भी पक्षकार न्यायालय में कार्यवाही नहीं कर सकता है :–

जब पक्षकार अपने झगड़े को सुलहकर्ता द्वारा निस्तारित कराने में तैयार हो जाते हैं तो सुलहकर्ता का कार्य प्रारम्भ हो जाता है। इसलिए जब तक सुलहकर्ता के सम्मुख पक्षकारों की सुलह करने की कार्यवाही चलती रहती है तो उसके दौरान इस अधिनियम की धारा–77 में स्पष्ट व्यवस्था की गयी है कि जब तक पक्षकारों के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए ऐसा आवश्यक न हो सुलह की कार्यवाही चलने के दौरान कोई भी पक्षकार न्यायालय में या माध्यस्थम के समक्ष झगड़े के निपटारे सम्बन्धी कार्यवाही नहीं कर सकता है।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32	दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33	बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34	पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35	मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36	श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37	उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38	सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39	वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40	एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41	मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42	शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43	समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44	कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45	लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46	आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47	उत्तराखण्ड अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2015

विधिक सेवाएं क्या है ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,

7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,
8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,
11. वरिष्ठ नागरिक
12. HIV/एड्स से सक्रमित व्यक्ति

नोटः— क्रम संख्या 1, 7, 9, 10 11 एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :—

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

कार्यपालक अध्यक्ष

सदस्य—सचिव

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

सरल कानूनी ज्ञान माला – 10

मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन : फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in ukslsanainital@gmail.com

मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि

1. मोटर दुर्घटना से क्या अभिप्राय है :–

प्रायः हर व्यक्ति को यात्रा करने के लिए निजी या पब्लिक वाहन का प्रयोग करना पड़ता है। जब किसी वाहन की दुर्घटना होती है तो उसमें सवार व्यक्तियों को चोटें आना संभव है। कभी–कभी मोटर दुर्घटना होने से सवार व्यक्तियों को गंभीर चोटें ही नहीं आती बल्कि मृत्यु भी हो जाती है, जबकि वाहन में सवार व्यक्तियों का दोष नहीं होता, फिर भी ड्राईवर की गलती व लापरवाही के कारण दुर्घटना होने पर वाहन में सवार व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है। दो पहिया या चार पहिया वाहन में सवार व्यक्ति का कोई दोष न होने पर भी मोटर दुर्घटना हो जाती है तो उसकी नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतु मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि 1988 का सृजन किया गया है। जिसके अंतर्गत जिस व्यक्ति को मोटर दुर्घटना से नुकसान होता है, वह व्यक्ति वाहन चालक, वाहन स्वामी एवं बीमा कम्पनी के विरूद्व मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में पिटीशन दायर करके दुर्घटना में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। इस प्रकार जब किसी व्यक्ति को मोटर दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो मृतक के परिवार वालों की ओर से तथा दुर्घटना में चोटें आने पर वह व्यक्ति स्वयं न्यायालय में पिटीशन दायर कर सकता है। इसी प्रकार दो वाहनों के आपसी टक्कर से मोटर वाहन को भी नुकसान हो सकता है, जबकि इसमें दो वाहन के चालक में एक को कोई दोष नहीं होता। ऐसी दशा में दोषी चालक के विरूद्व दुर्घटना में जो नुकसान उसके वाहन को हुआ उसकी भरपाई भी न्यायालय में पिटीशन दायर कर प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार मोटर दुर्घटना से अभिप्राय यही है कि जब किसी चालक द्वारा गलती अथवा लापरवाही से वाहन को दुर्घटनाग्रस्त किया जाता है और उसमें सवार व्यक्तियों को चोटें आती हैं अथवा किसी की मृत्यु हो जाती है, इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति जो मोटर वाहन में सवार न भी हो और वह सड़क पर बांई ओर रास्ते पर चल रहा हो और मोटर चालक की लापरवाही के कारण उसकी मृत्यु अथवा उसे चोटें आने से जो क्षति होती है उसकी पूर्ति भी इस अधिनियम के अंतर्गत की जाती है। इस प्रकार जब मोटर दुर्घटना से किसी व्यक्ति को चोटें आती हैं तो सभी नुकसान की भरपाई भी इस अधिनियम के अंतर्गत की जाती है। अतः मोटर दुर्घटना से अभिप्राय मोटर चालक की लापरवाही से वाहन का दुर्घटनाग्रस्त करके किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाना है।

2. मोटर दुर्घटना होने पर क्या सावधानियां बरतनी चाहिए :–

जब भी कोई व्यक्ति किसी वाहन पर सफर कर रहा हो और उस वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसे चोटें आती हो अथवा किसी व्यक्ति द्वारा वाहन में सफर किराया देकर किया जा रहा हो तो उस व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने पास उस वाहन का टिकट जरूर रखें, साथ ही यदि उसके शरीर पर दुर्घटना के कारण चोटें आयी हों तो वह अपनी चोटों को डॉक्टरी मुआयना भी करवायें और डाक्टरी रिपोर्ट अपने पास रखें और जिस वाहन में वह सफर कर रहा था, उसकी दुर्घटना होने की सूचना दुर्घटनास्थल के समीप के थाने पर देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त जिस बस पर वह व्यक्ति सफर कर रहा था, उस बस का नम्बर, चालक का नाम पता और उसके साथ अन्य सफर करने वाले व्यक्तियों का पता भी मालूम कर लेना चाहिए ताकि न्यायालय से प्रतिकर प्राप्त करने में उसे आसानी हो और दुर्घटना में उसे हुई शारीरिक नुकसान की भरपाई हेतु क्षतिपूर्ति प्राप्त हो सके। यही नहीं यदि कोई व्यक्ति सड़क पर पैदल चल रहा हो और किसी वाहन अथवा वाहन चालक की लापरवाही अथवा गलती से उस व्यक्ति को चोटें आ जाती हें तो उस व्यक्ति को तुरन्त उस वाहन का नम्बर नोट कर लेना चाहिए और वाहन अथवा ड्राइवर के विरूद्व शीघ्र निकटतम थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा देनी चाहिए और यदि किसी कारणवश वह ड्राईवर बस लेकर भाग जाता है और बस का नम्बर नोट कर लिया जाता है तो बस नम्बर के साथ घटना का विवरण देते हुए निकटतम थाने में तुरन्त प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करनी चाहि। इसके अतिरिक्त अपने चोटों का डाक्टरी मुआयना भी शीघ्र करवा लेना चाहिए और थाने से उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति प्राप्त कर लेनी चाहिए और ड्राईवर व वाहन मालिक के बावत भी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि थाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट यथाशीघ्र दर्ज करवायी जाये ताकि मोटर चालक के विरूद्व फौजदारी कार्यवाही करने के साथ क्षतिपूर्ति के लिए भी मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के अंतर्गत दावा न्यायाधिकरण न्यायालय में पिटीशन दायर करके मोटर मालिक, मोटर चालक और बीमा कम्पनी से प्रतिकर प्राप्त किया जा सके।

यदि मोटर दुर्घटना से किसी पैदल चलने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो आस–पास जिस व्यक्ति द्वारा भी दुर्घटना देखी गयी है तो वह व्यक्ति भी उस वाहन चालक के विरूद्व स्थानीय पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है। जिससे थाने में रिपोर्ट दर्ज करने पर स्थानीय दरोगा घटनास्थल पर जाकर उस व्यक्ति का पोस्टमार्टम कर सकें। साथ ही मृतक के परिवार वालों को इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि वह मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अपने पास रखें क्योंकि जब न्यायालय में क्षतिपूर्ति हेतु पिटीशन दायर की जाती है तो यह सिद्व करने में आसानी हो जाती है कि मृतक की मृत्यु मोटर दुर्घटना में हुई थी। वैसे तो यह पुलिस का दायित्व है कि किसी व्यक्ति की दुर्घटना में चोटें आने पर अथवा किसी व्यक्ति मृत्यु होने पर घटना की रिपोर्ट लिखने के बाद मुकदमे की तफतीश करें और मोटर चालक के विरूद्व दण्डनीय कार्यवाही करें लेकिन इस दशा में मृतक के परिवार वालों को प्रतिकर की राशि प्राप्त नहीं होती क्योंकि पुलिस द्वारा केवल वाहन चालक के विरूद्व ही दण्डात्मक कार्यवाही की जाती है। ऐसी स्थिति में मृतक के परिवार वालों को चाहिए कि वह थाने में लिखी गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति अवश्य प्राप्त कर लेनी चाहिए, जिनको पिटीशन दायर करने के समय पिटीशन के साथ दाखिल किया जा सके।

3. मोटर दुर्घटना से हुए नुकसान की भरपाई के लिए पीटिशन दायर करने की प्रक्रिया :—

जब किसी व्यक्ति को मोटर दुर्घटना से चोटें आती हैं तो निश्चय ही उन चोटों के इलाज में ऐसे व्यक्ति को कई रूपों से नुकसान होना स्वाभाविक है और ऐसे नुकसान की भरपाई के लिए मोटर दावा न्यायाधिकरण की शरण में आकर प्रतिकर के लिए पीटिशन दायर करनी होती है। इस सम्बन्ध में मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम की धारा 166 में पीटिशन दायर की जाती है जिसके अधिनियम में ही पीटिशन का प्रारूप दिया गया है जिसके अनुसार ही पीटिशन में तथ्यों को भरकर यह पीटिशन न्यायालय में दायर की जा सकती है। इस पीटिशन को न्यायालय में दायर करने के लिए 10/— रुपये का कोर्टफीस स्टाम्प लगाया जाता है, जिस पर हस्ताक्षर करके न्यायालय में दायर किया जाता है। जिसमें मुख्य–मुख्य उल्लेख इस प्रकार किया जाता है कि यदि मोटर दुर्घटना से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो मृतक के परिवार के लोग जो मृतक पर आश्रित थे, क्षतिपूर्ति हेतु पीटिशन दायर कर सकते हैं। जो मृतक के विधिक प्रतिनिधि, मृतक की आय पर आश्रित थे, उनका नाम पता, आयु आदि का उल्लेख करना आवश्यक होता है, यह भी उल्लेख करना आवश्यक होता है कि मृतक पर विधिक प्रतिनिधि किस प्रकार आश्रित थे, और यदि मृतक के आश्रित अवस्यक हैं तो उस स्थिति में उनकी ओर से उनके अभिभावक, माता–पिता या संरक्षक न्यायालय में प्रतिकर पीटिशन दायर कर सकता है। इस प्रकार जब न्यायालय में पीटिशन दायर की जाती है, तो न्यायालय से अपेक्षा की जाती है कि वह इस पर अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करके इस पीटिशन को छः माह में निस्तारण करते हुए आवेदक को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराकर क्षतिपूर्ति अदा करावें।

4. न्यायालय में पीटिशन रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी जा सकती है :—

मोटर दुर्घटना में किसी व्यक्ति की क्षति होने पर उसकी भरपाई के लिए यह आवश्यक नहीं है कि क्षतिपूर्ति की मांग करने वाला व्यक्ति स्वयं न्यायालय में आकर ही पीटिशन दायर करें, बल्कि वह व्यक्ति क्षतिपूर्ति हेतु न्यायालय में स्वयं न आकर रजिस्टर्ड डाक से अथवा अपने एजेन्ट के माध्यम से पीटिशन दायर कर सकता है।

5. न्यायालय में प्रतिकर प्राप्त करने हेतु किन–किन व्यक्तियों के विरूद्व पीटिशन दायर की जा सकती है :—

मोटर दुर्घटना में जब किसी व्यक्ति को नुकसान होता है और उसके द्वारा जब न्यायालय में पीटिशन दायर की जाती है तो निश्चय ही उक्त पीटिशन उन व्यक्तियों के विरूद्व दायर की जाती है, जो दुर्घटना से सम्बन्धित है ताकि उनके विरूद्व न्यायालय से क्षतिपूर्ति प्राप्त की जा सके। इसलिए मोटर दुर्घटना में मुख्य तीन व्यक्तियों के विरूद्व ही पीटिशन दायर की जाती है, जिसमें सर्वप्रथम चालक, उस दुर्घटनाग्रस्त मोटर का मालिक एवं जिस बीमा कम्पनी से उक्त मोटर को बीमित किया गया था, वह बीमा कम्पनी। अतः जब भी किसी व्यक्ति द्वारा मोटर दुर्घटना पीटिशन दाखिल की जाती है, तो उसमें तीन व्यक्तियों को पक्षकार बनाया जाना आवश्यक है ताकि वाहन मालिक, वाहन चालक एवं बीमा कम्पनी के विरूद्व क्षतिपूर्ति की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सकें। चूंकि हर मोटर वाहन का बीमा होता है, इसलिए मोटर वाहन से जो नुकसान होता है, उसकी भरपाई का दायित्व बीमा कम्पनी का ही होता है। इसलिए जो न्यायालय द्वारा क्षतिपूर्ति सम्बन्धी आदेश पारित किया जाता है, उसको बीमा कम्पनी से ही सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। यदि किसी कारणवश मोटर वाहन का चालक का पता नहीं चलता तो मोटर वाहन के मालिक का नाम पता मालूम करना चाहिए और साथ ही आर.टी.ओ. ऑफिस से भी, मोटर मालिक व बीमा कम्पनी का पता किया जा सकता है और इस प्रकार बस मालिक, चालक व बीमा कम्पनी के विरूद्व न्यायालय में पीटिशन दायर की जा सकती है।

6. न्यायालय में पीटिशन दायर करने से पहले कौन–कौन से कागजातों को इकट्ठा करना लाभप्रद होगा :—

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है कि मोटर दुर्घटना न्यायालय में पीटिशन दायर करने में कोर्टफीस आवश्यक नहीं हैं इसलिए किसी भी व्यक्ति का दावा चाहे 100 रुपये का हो या 10 लाख रुपये का हो उसे मात्र 10/— रुपये के कोर्टफीस स्टाम्प के रूप में लगाना होता है। इसलिए न्यायालय में पीटिशन दायर करने में किसी को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ती, परन्तु किसी पीटिशन में नुकसान की भरपाई करने के लिए सुदृढ़ कार्यवाही करने हेतु दुर्घटना से सम्बन्धित सभी मुख्य–मुख्य दस्तावेजों का ध्यान रखना आवश्यक होता है। जिनको पीटिशन के साथ न्यायालय में प्रस्तुत करना होता है। ये मुख्य दस्तावेज प्रथम सूचना रिपोर्ट और यदि व्यक्ति को चोटें आयी हों तो डॉक्टरी मुआयना की रिपोर्ट तथा यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी हो तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दाखिल करना होता है, परन्तु जो तीन मुख्य दस्तावेज मोटर वाहन के मालिक के पास ही होते हैं, उन्हें पीटिशन दायर करने से पहले ही प्राप्त करना आवश्यक होता है। ये चार दस्तावेज रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, फिटनेश सार्टिफिकेट एवं मोटर दुर्घटना की बीमा पालिसी तथा मोटर वाहन चालक का ड्राईविंग लाइसेन्स इन चारों दस्तावेजों को यदि सम्बन्धित व्यक्ति उपलब्ध नहीं कराता या वाहन का चालक ड्राईविंग लाइसेंस नहीं देता या मोटर मालिक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट या फिटनेश सर्टिफिकेट नहीं देता तो आवेदक इन दस्तावेजों को आर.टी.ओ. ऑफिस से प्राप्त कर सकता है। परन्तु इस बात का ध्यान देना आवश्यक है कि ये चारों दस्तावेज पीटिशन दायर करने से पहले ही प्राप्त करा लिये जायें ताकि इन दस्तावेजों को पीटिशन के साथ दाखिल किया जा सके और यदि किसी कारणवश ये दस्तावेज नहीं मिल पाते तो पीटिशन की सुनवाई के दौरान इन दस्तावेजों को प्राप्त करने के लिए न्यायालय से सहायता प्राप्त कर लेनी चाहिए।

7. जिस थाने के अंतर्गत दुर्घटना हुई है उस घटनास्थल के अंतर्गत आने वाले न्यायालय में पीटिशन दायर करना आवश्यक नहीं होता :—

यदि कोई व्यक्ति बम्बई का रहने वाला है और दिल्ली में उसे किसी वाहन से दुर्घटना हो गयी हो तो उस स्थिति में यह आवश्यक नहीं है कि वह दिल्ली के न्यायालय में ही पीटिशन दायर करे, बल्कि जिस स्थान पर वह निवास करता है, उस स्थान पर भी यह पीटिशन दायर की जा सकती है। उदाहरणार्थ यदि अहमदाबाद का कोई व्यक्ति यात्रा पर बद्रीनाथ आ रहा

हो और बद्रीनाथ के रास्ते में बस चालक द्वारा गलती या लापरवाही के कारण बस खाई में गिर जाती है और उससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है या उसको चोटें आ जाती हैं तो ऐसी स्थिति में अहमदाबाद का व्यक्ति अहमदाबाद में ही पीटिशन दायर कर सकता है, इसके लिए जरूरी नहीं है कि बद्रीनाथ के अंतर्गत न्यायालय ही पीटिशन दायर करे। इस प्रकार इस मोटर वाहन अधिनियम में यह व्यवस्था कर दी गयी है कि दुर्घटना में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति हेतु पीटिशन केवल घटनास्थल वाले स्थान पर में ही नहीं की जा सकती, बल्कि वह व्यक्ति जहां निवास कर रहा है, वहां के न्यायालय में भी पीटिशन दायर कर सकता है। अधिनियम की धारा–166(2) में इसको इस प्रकार उपबंधित किया गया है कि दावाकर्ता अपने आवेदन को जिस स्थान पर दुर्घटना कारित हुई है, उसकी अधिकारिता रखने वाला दावा न्यायाधिकरण या जहां पर दावाकर्ता निवास करता है या व्यापार संचालित करता है या जहां प्रतिरक्षार्थी निवास करता है, वहां पर पीटिशन दाखिल कर सकता है।

8. मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिवार वालों को रु. 50,000/– रुपये की अंतरिम राशि तुरन्त पाने का अधिकार :–

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु मोटर दुर्घटना में हो जाती है तो उस मृतक के परिवार वालों को इस अधिनियम की धारा–140 के अंतर्गत तुरन्त अंतरिम क्षतिपूर्ति के रूप में 50 हजार रुपये की राशि प्राप्त करने का अधिकार होता है, चाहे मोटर चालक की इसमें गलती हो अथवा उस व्यक्ति की स्वयं गलती हो और जब कोई पीटिशन दायर की जाती है कि दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है, तो प्रथम दृष्टया मोटर दुर्घटना से ही उस व्यक्ति की मृत्यु हुई हो तो उसमें प्रथम सूचना रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट हो जाता है कि मृतक की मृत्यु दुर्घटना के कारण हुई है तो ऐसी स्थिति में मृतक के परिवार वालों को 50 हजार रुपये की राशि प्राप्त करने का अधिकार होता है और बाकि धनराशि मुख्य पीटिशन के निस्तारण पर प्राप्त की जा सकती है।

9. मोटर दुर्घटना में स्थायी निर्योग्यता होने पर 25 हजार रुपये का धनराशि अंतरिम क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त की जा सकती है :–

जिस प्रकार मोटर दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर 50 हजार रुपये की धनराशि अंतरिम क्षतिपूर्ति देय होती है उसी प्रकार इस अधिनियम की धारा 140 में ऐसे व्यक्ति को जिसे दुर्घटना के कारण स्थायी निर्योग्यता आयी है, वह व्यक्ति 25 हजार रुपये की राशि अंतरिम क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी होता है, बशर्ते कि उनके द्वारा अपना डाक्टरी दाखिल किया जाये जिससे यह सिद्व हो जाये कि दुर्घटना में उसे वास्तव में स्थायी निर्योग्यता पहुंचाने वाली चोटें आयी हैं। स्थायी निर्योग्यता से अभिप्राय किसी व्यक्ति का स्थायी रूप से अपंग होने से है, अर्थात किसी व्यक्ति की आंख, हाथ, पैर सदा के लिए बेकार हो जाता है तो उसे इस बारे में कहा जायेगा कि उसे स्थायी निर्योग्यता हुई है, इस प्रकार वह व्यक्ति इस अधिनियम की धारा–140 के अंतर्गत 25 हजार रुपये की धनराशि अंतरिम क्षतिपूर्ति के रूप में प्राप्त करने का अधिकारी होता है और बकाया राशि को प्राप्त करने के लिए मुख्य धारा–166 के अंतर्गत पीटिशन के निस्तारण पर उसे उपलब्ध कराया जाता है। मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा–142 के स्थायी निर्योग्यता में निम्नलिखित चोटों का उल्लेख किया गया है –

(क) नेत्र दृष्टि या किसी एक आंख या कान की श्रवण शक्ति का स्थायी विच्छेद या स्थायी विच्छेद या शरीर के किसी जोड़ का विच्छेद हुआ हो या,

(ख) किसी अंग या जोड़ों का विनाश या उसकी क्षमताओं में स्थायी कमी आयी है, या

(ग) सिर या चेहरे का स्थायी विदूषण हुआ है।

10. बीमा कम्पनी केवल तृतीय पक्षकार को दुर्घटना के नुकसान की पूर्ति करती है :–

प्रत्येक निजी वाहन का बीमा होना कानूनी रूप से आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति वाहन अपना बीमा नहीं कराती है, तो वह मोटर यान अधिनियम 1988 के अंतर्गत दण्डदनीय अपराध है। जहां तक तृतीय पार्टी का जश्न है, उससे अभिप्राय ऐसे व्यक्ति से होता है, जो वाहन में सवार यात्री या सड़क पर चलने वाला व्यकित या ऐसी गाड़ी पर सवार सभी व्यक्ति जिनकी बिना गलती से दूसरे वाहन के चालक ने लापरवाही और तेजी से गाड़ी चलाकर टक्कर मारी थी। साधारण शब्दों में वाहन दुर्घटना करता है उस वाहन का चालक यदि घायल होता है या उसकी मृत्यु हो जाती है, तो वह तृतीय पार्टी न होने के कारण बीमा कम्पनी का उसके नुकसान की क्षतिपूर्ति का दायित्व नहीं होता। उदाहरणार्थ– यदि स्कूटर की दुर्घटना होने से स्कूटर के चालक एवं उसके पीछे बैठे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है या चोटें आ जाती हैं तो स्कूटर की बीमा कम्पनी से केवल पीछे बैठा हुआ व्यक्ति ही तृतीय पार्टी की क्षतिपूर्ति बीमा कम्पनी से प्राप्त कर सकता है। इसी तरह यदि किसी टैक्सी के चालक की लापरवाही के कारण टैक्सी खड्ड में गिर जाती है तो उस टैक्सी में सवार सभी यात्रियों को चोटें आने पर उसकी क्षतिपूर्ति का दायित्व तृतीय पार्टी के अंतर्गत बीमा कम्पनी का होगा परन्तु जहां तक चालक का प्रश्न है वह यदि टैक्सी मालिक के यहां नौकरी करता था तो उसे टैक्सी मालिक के विरूद्व वर्कमैन कम्पनसैशन अधिनियम के अंतर्गत क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए सक्षम न्यायालय में पीटिशन फाइल करनी होगी। इसी प्रकार यदि टैक्सी चालक स्वयं मालिक है तो उसको आयी चोटों या मृत्यु होने पर बीमा कम्पनी किसी प्रकार क्षतिपूर्ति करने के लिए पाबन्द नहीं है। इस प्रकार तृतीय पार्टी से अभिप्राय दुर्घटनाग्रस्त वाहन के अंदर या बाहर जिन लोगों को नुकसान होता है, वह बीमा पालिसी के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

11. यदि दुर्घटनाग्रस्त बस चालक या टैक्सी चालक को क्षति होती है तो उसको वाहन मालिक के विरूद्व पीटिशन कैसी देनी चाहिए :–

जिस बस के चालक या टैक्सी चालक की गलती के कारण दुर्घटना होती है तो निश्चय ही अपनी गलती से हुए नुकसान की भरपाई वाहन की बीमा कम्पनी से नहीं की जा सकती है। क्योंकि बीमा कम्पनी तृतीय पक्षकार के नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए बीमा पालिसी स्वीकार नहीं करती है। ऐसी स्थिति में मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा–167 के अंतर्गत

ऐसे मृतक चालक के परिवार वाले भी बस या टैक्सी मालिक के विरूद्व पीटिशन फाइल कर उनके क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं। वैसे तो सभी मामलों में क्षतिपूर्ति हेतु कर्मकार प्रतिकार अधिनियम 1923 के अंतर्गत सक्षम न्यायालय में पीटिशन देना होता है, जहां से प्रतिकर बस मालिक या टैक्सी मालिक से प्राप्त किया जाता है, परन्तु अब इस नये अधिनियम की धारा–167 में यह व्यवस्था कर दी गयी है कि कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम में पीटिशन नहीं दिया गया तो मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में पीटिशन देकर बस मालिक या टैक्सी मालिक के क्षतिपूर्ति के रूपये प्रतिकर प्राप्त किया जा सकता है।

12. दावा न्यायाधिकरण में दुर्घटना कारित होने के बाद कब तक पीटिशन दायर की जा सकती है :–

जब किसी व्यक्ति की दुर्घटना से नुकसान होता है तो निश्चय ही उसको प्रतिकर प्राप्त करने हेतु पीटिशन फाइल करनी पड़ती है। इस सम्बन्ध में पहले यह व्यवस्था थी कि दुर्घटना कारित होने के एक वर्ष के अन्दर पीटिशन फाइल कर दी जाये परन्तु अब इसको समाप्त करते हुए दावा न्यायाधिकरण में पीटिशन को घटना कारित होने से एक वर्ष के अन्दर फाइल करना जरूरी नहीं है। अपितु यदि दावा फाइल करने में विलम्ब का संतोषजनक स्पष्टीकरण है तो पीटिशन को एक वर्ष की अवधि बीतने के बाद भी फाइल किया जा सकता है। वैसे प्रयत्न यही रहना चाहिए कि प्रतिकर प्राप्त करने का प्रतिकर दावा शीघ्र अति शीघ्र दाखिल कर दिया जाये क्योंकि दावा न्यायाधिकरण से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिकर दावा दाखिल होने पर यथासंभव 6 माह के अंदर उसका निस्तारण कर देवें।

13. मोटर यान दुर्घटना होने पर प्रतिकर निर्धारण करने की प्रक्रिया :–

जब किसी व्यक्ति की मृत्यु दुर्घटना से होती है तो निश्चय ही उसके परिवार वालों को क्षति स्वाभाविक होती है। जहां तक प्रतिकर की मात्रा का प्रश्न है, वह मृतक की स्थिति को देखते हुए यह भिन्न–भिन्न हो सकती है। यदि मृतक मजदूर है तो निश्चय ही उसके परिवार वालों को जितनी क्षति होगी, वह एक डाक्टर की मृत्यु से होने वाली क्षति की मात्रा से भिन्न होगी। इसी प्रकार एक नवयुवक की मृत्यु तथा एक वृद्व व्यक्ति की मृत्यु में भी क्षति की मात्रा या भिन्नता होगी चूंकि नवयुवक को प्रकृति रूप में कई वर्ष तक जीना था जबकि एक बूढ़े व्यक्ति की यदि दुर्घटना में मृत्यु होती है तो कुछ वर्षो तक बुढ़ापे के कारण और जीवित रहता, इसलिए मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने वाले व्यक्ति की आय, आयु एवं अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही प्रतिकर की मात्रा को निर्धारित किया जाता है। इस सम्बन्ध में मोटर यान अधिनियम की अनुसूची–2 में प्राणघातक/क्षतिकारित दावे हेतु तृतीय पक्षकार को प्रतिकर के भुगतान की सूची में व्यापक विवरण दिया गया है। जिसका एक उदाहरण देकर स्पष्ट किया जाता है :–

जब किसी व्यक्ति को मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने पर 40–45 वर्ष की आयु थी तो उसकी जो मासिक आय होगी अर्थात यदि वह 3000/– रुपये प्रति माह कमाता था तो वह अपने पर भी खर्च करता है या देता है, प्रतिमाह आय से 1/3 राशि घटाकर 2000/– रुपये प्रतिमाह की दर से वार्षिक आय लगायी जायेगी जो कि इसमें 2000×12ंत्र24000 रुपये बनती है और इस 24000 पर 45 वर्ष की आयु के व्यक्ति के लिए 13 का गुणांक माना गया है। अतः 24000×13 त्र 312000 कुल इतनी धनराशि सामान्य क्षतिपूर्ति के रूप में स्वीकार की जायेगी। इसके अतिरिक्त अन्तयेष्टि के खर्चे के लिए रु. 2000/–, यदि मृतक हिताधिकारी पति या पत्नी रहे तो उस क्षति की रकम 5000/– रुपये में स्वीकार किया जाये और इसी तरह सम्पदा को हुए घाटे की रकम के रूप में 2500/– रुपये की रकम देय होगी। अतः इस मामले में 45 वर्ष के मृतक को उसके परिवार वालों को कुल रकम इस प्रकार देय होगी –

मृतक की मासिक आय 3000.00
जिस पर 1/3 स्वयं मृतक पर खर्च होने इत्यादि के रूप में कम कर दिया जाता है और यह 2000.00 प्रतिमाह
वार्षिक आय 2000×12 ंत्र 24000
चूंकि 45 वर्ष मृतक पर गुणांक 13 का स्वीकार है।
24000×13 त्र 312000.00
इस पर अन्तयेष्टि का खर्चा 2000.00
मृतक पति/पत्नी के साथ छूटने पर क्षति 5000.00
सम्पदा से हुए क्षति का खर्च 2500.00
कुल क्षतिपूर्ति : 321500.00
इस प्रकार अधिनियम में दिये गये अन्य गुणांक इस प्रकार हैं :–
यदि मृतक की आयु 15 से 20 वर्ष है तो गुणांक 16
.... 20 से 25 17
.... 25 से 30 18
.... 30 से 35 17
.... 35 से 40 16
.... 40 से 45 15
.... 45 से 50 13
.... 50 से 55 11
.... 55 से 60 8
.... 60 से 65 5

14. जिसकी आय की निश्चित जानकारी न हो अर्थात मजदूर हो तो प्रतिकर निर्धारण करने की प्रक्रिया :

जब किसी सरकारी नौकरी या आयकर देने वाले व्यक्ति की मोटर दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उसके बारे में आय की मात्रा का निर्धारण आसानी से किया जा सकता है क्योंकि उसको मासिक वेतन मिलता था या वह सरकार को निश्चित आमदनी के आधार पर आयकर अदा करता था परन्तु जहां मृतक कोई मजदूर हो और उसकी मजदूरी के बावत कोई निश्चित आय का अनुमान लगाना सुगम न हो तो उस स्थिति में इस अधिनियम में यह व्यवस्था की गयी है कि ऐसे मृतक व्यक्ति के लिए उसको कम से कम 15000/– रुपये आर्थिक आय मान ली जाये तो 1/3 स्वयं पर खर्च को मानते हुए यदि उसको 45 वर्ष की आयु में मृत्यु होती है तो उस पर को 13 का गुणांक लगाते हुए कुल सामान्य नुकसानी के रूप में कुल धनराशि 1000×13=13000/– रुपये के अतिरिक्त उस पर अन्त्येष्टि के रूप में 2000/– रुपये एवं संग छूटने पर 5000/– रुपये कुल 7000/– रुपये जोड़ने पर यह राशि 137000/– रुपये होगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत गुणांक को अधिनियम की अनुसूची 2 में किया गया है जिसका वर्णन ऊपर किया जा चुका है।

15. मोटर दुर्घटना में चोटें आने पर प्रतिकर निर्धारण करना :

जहां तक तरफ अधिनियम की धारा–140(2) के अंतर्गत जिस व्यक्ति को चोटों के कारण स्थायी निर्योग्यता होती है तो उसे उसके कारण 25000रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त आहत व्यक्ति को जीवन काल में जो विशेष नुकसान होता है उसको भी उपलब्ध कराया जाता है इसके अतिरिक्त जो उसकी दवाई पर खर्च होता है उसको मानसिक कष्ट होता है। इसके लिए भी नुकसान की भरपाई की जाती है। इसलिए आहत व्यक्ति का दवाईयों पर खर्च होने के सभी बिल रखने चाहिए और यदि वह छुट्टी पर रहता तो उसके लिए कितना वेतन के रुपये का नुकसान हुआ है और इस प्रकार के जो अन्य सामान्य और विशेष नुकसान होते हैं उन सबकी क्षतिपूर्ति हेतु प्रतिकर उपलब्ध कराया जाता है।

16. लोक अदालत से मोटर दुर्घटना दावों का सुलह द्वारा निस्तारण :

प्रायः जिन वाहनों द्वारा दुर्घटना की जाती है वह सभी बीमित होती है और जब किसी वाहन का बीमा हो जाता है तो उसके द्वारा की गई क्षति को पूरा करने का दायित्व बीमा कम्पनी का होता है। अब चूंकि बीमा कम्पनी पर क्षतिपूर्ति की राशि को असीमित कर दिया गया है। अतः दावा न्यायाधिकरण द्वारा जो भी प्रतिकर की धनराशि निर्धारित की जाती है। वह पूर्ण राशि बीमा कम्पनी को ही देनी होती है। अतः बीमा कम्पनी के अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मामलों को लोक अदालत द्वारा अधिक से अधिक सुलह समझौतों द्वारा निस्तारण करना चाहते हैं। चूंकि मोटरयान अधिनियम में अब मृतक की आयु के अनुसार गुणांक की मात्रा निर्धारित होती है इसलिए प्रतिकर की राशि को निर्धारित करने मे भी आर्थिक कठिनाई नही होती। इसलिए लाके अदालत के माध्यम से यदि वादों को निपटान किया जाये तो इससे दानो पक्षों को लाभ होता है। लोक अदालत मोटर प्रतिकर के दावों को तभी सुलह से निस्तारण करना संभव होता है, जब आवेदन वाहन चालक का वैध लाइसेंस, मोटर फिटनेस सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं वैध बीमा पालिसी के दस्तावेजों को बीमा कम्पनी को उपलब्ध कराये अन्यथा बीमा अधिकारी द्वारा सुलह करने में कानूनी अड़चन आती है और सुलह करने में कतराते हैं।

17. प्रतिकर की धनराशि डिक्री होने पर उसकी प्राप्ति की प्रक्रिया :–

जब दावा न्यायाधिकरण द्वारा मृतक के आश्रित परिवार वालों अर्थात् विधिक प्रतिनिधियों द्वारा की गई प्रतिकर पीटिशन या मोटर दुर्घटना में आहत व्यक्ति द्वारा प्रतिकर पीटिशन स्वीकार होने के बाद निर्धारित प्रतिकर राशि को डिक्री कर दिया जाता है तो उसको प्राप्त करने के लिए वारण्ट जारी करने की व्यवस्था इस अधिनियम में इस प्रकार की गई है कि डिक्रीदार दावा न्यायाधिकरण से वारण्ट जारी कराता है जो कि जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से निष्पादित किया जाता है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट ऐसा रिकवरी वारण्ट रैवयू की रिकवरी के रूप में निष्पादित करता है। इसलिए एक बार दावा न्यायाधिकरण से प्रतिकर की धनराशि डिक्री होने पर उसकी वसूली आसानी से हो सकती है।

18. यदि दुर्घटना कारित वाली वाहन या उसके चालक का पता न हो अर्थात् वाहन अन्जान हो तो सोलेशियम स्कीम 1989 में प्रतिकर प्राप्त किया जा सकता है :–

प्रायः यह देखा गया है कि रात में गांव में आसपास सड़क के किनारे पैदल ग्रामवासियों की ट्रक या अन्य मोटर टक्कर मारकर भाग जाती है जिससे अंधेरे में न तो मोटर वाहन का पता चलता है और न ही उसके चालक की जानकारी हो पाती है। इस प्रकार कभी–कभी सड़क पर ग्रामवासियों को वाहन द्वारा कुचलकर सड़क पर मरे हुए पड़ा देखा जाता है। इस प्रकार कभी–कभी सड़क पर ग्रामवासियों को वाहन द्वारा कुचलकर सड़क पर मरे हुए पड़ा देखा जाता है इन सब वाहन से मरे या चोट खाये व्यक्ति के सम्बन्ध में प्रतिकर के लिए मोटरयान अधिनियम की धारा–166 में दावा न्यायाधिकरण के सम्मुख पीटिशन फाइल करना इसलिए संभव नहीं होता क्योंकि न तो गाड़ी के नम्बर का पता है और न ही उसके मालिक एवं बीमा कम्पनी की जानकारी होती है, ऐसे मामलों को राहत देने के लिए सोलेशियम स्कीम 1989 बनाई गयी है, जिसमें प्रतिकर की कार्यवाही करने की प्रक्रिया इस प्रकार है –

(क) घटना घटित होने से छः माह के अन्दर प्रार्थना पत्र देना होगा :–

जब किसी व्यक्ति को अंजान वाहन कुचल कर उसकी मृत्यु कर गई हो और वाहन का कुछ भी पता न हो तो मृतक के परिवार वालों द्वारा घटना की तिथि से छः माह के अन्दर पीटिशन फाइल किया जाना जरूरी है। इसलिए ऐसी घटना होने पर इसकी सूचना पुलिस को कर देनी चाहिए ताकि छः माह के अन्दर पीटिशन की जा सके।

(ख) यह प्रार्थना पत्र उपखण्ड अधिकारी को दिया जायेगा –

जहां यह घटना घटित हुई है। उस घटना के अंतर्गत आने वाली उपखण्ड अधिकारी को यह प्रार्थना पत्र दिया जाता है जो प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद घटना से सम्बन्धित प्रथम इत्तला रिपोर्ट, पंचनामा एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतियां प्राप्त करके और जहां पर किसी व्यक्ति को ऐसी अन्जान वाहन से चोट आयी हो तो उसकी आघात रिपोर्ट प्राप्त करके अपनी जांच

प्रारम्भ करता है ऐसी जांच अधिकारी जो कि उस क्षेत्र का एस.डी.एम. होता है से यह अपेक्षा की जाती है कि वह इस प्रार्थना पत्र को एक माह के अन्दर जांच अधिकारी प्रार्थना पत्र का निस्तारण करके प्रतिकर की राशि को उपलब्ध कराने सम्बन्धी अपनी संस्तुति जिलाधिकारी अर्थात जिला मजिस्ट्रेट को भेजता है। तब उस अन्जान गाड़ी के मृतक के परिवार वालों को और यदि अन्जान गाड़ी से किसी व्यक्ति को चोटें आयी हो तो उस व्यक्ति को प्रतिकर की धनराशि का भुगतान कराया जाता है।

(ग) अन्जान गाड़ी से दुर्घटना होने पर प्रतिकर की राशि सीमित है :–

यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु अन्जान गाड़ी से होती है तो उस मृतक व्यक्ति के परिवार वाले सोलेशियम स्कीम 1989 के अंतर्गत **25,0**000/– रुपये की कुल राशि प्रतिकर के रूप में प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार किसी व्यक्ति को गंभीर चोटें अन्जान गाड़ी द्वारा दुर्घटना से आती है तो वह भी प्रार्थना पत्र देकर कुल 12000/– रुपये से अधिकतम राशि प्रतिकर के रूप में प्राप्त कर सकता है।

इस प्रकार यदि मोटर वाहन दुर्घटना से जब किसी को नुकसान होता है तो उसे चाहिए कि वह इसकी क्षतिपूर्ति के लिए मोटर यान अधिनियम की धारा 166 के अंतर्गत मोटर दावा न्यायाधिकरण में पीटिशन फाइल करना न भूलें। यदि वह आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता से अपने मोटर प्रतिकर की पीटिशन को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करा सकता है।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)
32.	सरल कानूनी ज्ञान माला–32	दहेज
33.	सरल कानूनी ज्ञान माला–33	बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34.	सरल कानूनी ज्ञान माला–34	पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35.	सरल कानूनी ज्ञान माला–35	मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36.	सरल कानूनी ज्ञान माला–36	श्रम कानून
37.	सरल कानूनी ज्ञान माला–37	उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)

38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44 कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46 आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47 उत्तराखण्ड अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2015

विधिक सेवाएं क्या है ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,
7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,
8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,
11. वरिष्ठ नागरिक
12. HIV/एड्स से सक्रमित व्यक्ति

नोटः– क्रम संख्या 1, 7, 9, 10 11 एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :–

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

कार्यपालक अध्यक्ष

सदस्य–सचिव

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

सरल कानूनी ज्ञान माला – 12

भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन : फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in ukslsanainital@gmail.com

भरण पोषण प्राप्त करने की विधि

1. पत्नी का पति से भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार :–

जहां एक तरफ भारतवर्ष में देवी के रूप में नारी की पूजा होती है और जगह–जगह देवी मंदिर मिलते हैं, वहीं दूसरी ओर नारी का जीवन हमेशा पुरुष पर ही निर्भर रहता है। वह जन्म लेने पर पिता पर निर्भर करती है, विवाह होने पर पति पर निर्भर करती है और वृद्ध होने पर बेटे पर निर्भर करती हैं। इस प्रकार जीवन के सभी आयामों में उसे पुरुष पर ही निर्भर होना पड़ता है। जब लड़की के माता–पिता बड़ा करके उसको शिक्षा देकर यौवनावस्था में अपनी लड़की का विवाह कर देते हैं तो उसके बाद वैवाहिक जीवन की शुरूआत पति–पत्नी के रूप में जीवन यापन से होती है। जब महिला पत्नी बन जाती है तो उसे अपने माता–पिता का घर छोड़कर पति के घर पर ही आकर निवास करना होता है। इसलिए माता–पिता अपनी बेटी के बारे में ध्यान देना कम कर देते हैं और उसकी जो भी तकलीफें होती हैं उनके समाधान का दायित्व उसके पति पर ही होता है। जब पति द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता है या कष्ट दिया जाता है या उसे बेघर किया जाता है तो सहारे के लिए वह पत्नी अपने माता–पिता, भाई–बहिन दरवाजा खटखटाती है। इस प्रकार जब पति देखभाल नहीं करता तो दुःखी होकर उसे माता–पिता का सहारा ही लेना पड़ता है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि पति का अपनी पत्नी के प्रति कानूनी दायित्व खत्म हो जाता है बल्कि माता–पिता लड़की को इसलिए सहारा देते हैं ताकि वह अपने पति से अपनी कानूनी अधिकारों को मजबूती से मांग कर सके। माता–पिता को इस बात का प्रयास करना चाहिए कि उनकी विवाहित लड़की कष्ट देने वाले या ध्यान न देने वाले पति से अधिकारों की मांग करे और उसमें सबसे महत्वपूर्ण अधिकार निश्चत ही भरण–पोषण का है क्योंकि रोजमर्रा में रहने–सहने एवं खान–पान की आवश्यकता को पूरा करने के लिए भरण–पोषण हेतु धन की आवश्यकता पड़ती है इसलिए त्वरित भरण–पोषण हेतु सक्षम न्यायालय में आवेदन करना परम आवश्यक है। यह बात भी सर्व विदित है कि हमारे समाज में लड़की के माता–पिता कितने भी धनवान क्यों न हों जब लड़की की शादी हो जाती है तो उसकी जड़ें माता–पिता से कट जाती हैं इसलिए उसे अपने पति से ही भरण–पोषण हेतु मांग करनी होती है और इसके लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 में प्रत्येक विवाहित महिला को अपने पति के भरण–पोषण को प्राप्त करने का अधिकार उपलब्ध किया गया है। लड़की जब अपनी शादी के बाद अपने पति के साथ वैवाहिक जीवन व्यतीत करती है तो पति का घर ही उसका घर होता है इसलिए पति अपनी पत्नी की इस कमजोरी को समझते हुए कभी बिना किसी कसूर के अपनी पत्नी को प्रताड़ित करते हुए उसे बेघर भी कर देता है। ऐसी सूरत में पत्नी को अपने पति का घर छोड़ने पर मजबूर होकर अपने माता–पिता के पास रहना पड़ता है और यह जरूरी नहीं कि ऐसी लड़की के माता–पिता पैसे वाले हों बल्कि वे गरीब भी हो सकते हैं इसलिए ऐसे पति द्वारा छोड़ी गई पत्नी को कभी–कभी किराये का मकान लेकर भी रहना पड़ सकता है और खाने–पीने, रहने–सहने के साथ–साथ मकान के किराये इत्यादि वर भी खर्च होना स्वाभाविक ही है। अतः इन सब के लिए पति से भरण–पोषण हेतु आवेदन देकर मांग की जा सकती है। इस प्रकार प्रत्येक विवाहित पत्नी को अपने पति द्वारा प्रताड़ित करने पर, दुर्व्यवहार करने पर या बिना कसूर के उसको घर से निकालने पर, पति द्वारा अपनी पत्नी के प्रति दायित्वों की पूर्ति यदि नहीं की जाती है तो प्रत्येक पत्नी अपने पति से संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में धारा 125 द.प्र.सं. के अन्तर्गत आवेदन देकर भरण–पोषण की मांग कर सकती है। किसी भी पत्नी द्वारा ऐसे भरण–पोषण को प्राप्त करने के लिए उसका विवाह विधिमान्य होना जरूरी है जिसमें यदि वह स्त्री हिन्दू है तो उसके विवाह के लिए सप्तपदी की रस्म पूरी की गई थी या अग्नि परिक्रमा जैसे संस्कार को पूरा किया गया था और यदि हिन्दुओं में जहां इस प्रकार की प्रथा नहीं है वहां यदि कोई अन्य प्रथा विधिवत विवाह के लिए प्रचलित थी तो उस प्रथा के अनुसार भी वह विवाह विधिमान्य विवाह माना जाता है। प्रायः इसकी आवश्यकता तभी पड़ती है जब कोई व्यक्ति अपने विवाह को विधिवत मानने से इन्कार करता है क्योंकि यदि कोई स्त्री किसी व्यक्ति के साथ रखैल के रूप में रहती है तो वह विधिवत विवाहिता पत्नी नहीं कही जा सकती और उसे अपने पति से इस धारा 125 द.प्र.सं. के अन्तर्गत भरण–पोषण का अधिकार नहीं दिया गया। इसलिए इस बात पर ध्यान देना जरूरी होता है कि प्रत्येक विवाहित पत्नी को अपने पति से भरण–पोषण प्राप्त करने हेतु विधिमान्य विवाहित होना जरूरी है।

2. बच्चों को अपने माता–पिता से भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार :–

मनुष्य का बच्चा जब जन्म लेता है उसे पहले दिन से ही नहीं बल्कि बचपन से लेकर जवानी प्राप्त होने तक उसका लालन–पालन शिक्षा इत्यादि की विधिवत देखभाल करने का दायित्व भी उसके माता–पिता पर होता है। जहां जानवर का बच्चा पैदा होते ही कुछ समय तक उसकी देखभाल उसके माता–पिता करते हैं उसके बाद वह स्वयं ही अपना जीवन यापन करता है वहां आदमी के बच्चे को लाड़ प्यार से बचपन में पालना और उसको शिक्षा देकर अपने पैरों पर खड़ा करने हेतु उसके माता–पिता को देखभाल करनी होती है। इसलिए कानून में भी इस बात की पर्याप्त व्यवस्था की गई है कि बच्चे के भरण–पोषण में उसके माता–पिता द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय और यदि बच्चों को उनके माता–पिता भरण–पोषण उनके स्तर के अनुसार उपलब्ध नहीं कराते तो वह न्यायालय का सहारा लेकर अपने माता–पिता से ऐसे अधिकारों की पूर्ति हेतु मांग कर सकता है। भरण–पोषण में प्रायः बच्चों की देखभाल का सारा बोझ मां पर ही पड़ता है क्योंकि मां ही घर की सारी देखभाल करती है। बच्चों को नहलाती, खिलाती, स्कूल भेजती है और उनके जीवन में संस्कार डालकर उनके सामाजिक जीवन को सुदृढ़ करती है जब कि पिता का कार्य प्रायः धन कमाकर घर को चलाना होता है। यदि पिता अपनी संतान के प्रति लापरवाह हो जाता है और कमाई घर पर नहीं देता तो उसकी संतान का सारा बोझ बच्चों की मां पर पड़ जाता है, तब वह मजदूरी करके या नौकरी करके या अन्य कोई कार्य इत्यादि द्वारा घर चलाने के लिए कमाई करनी पड़ती है और बच्चों को पालना पड़ता है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह अपने बच्चों के भरण–पोषण संबंधी दायित्वों के प्रति अपने पति को पूरी छूट दे बल्कि ऐसी मां को चाहिए कि बच्चों के भरण–पोषण हेतु उनके पिता से उन्हें भरण–पोषण हेतु धनराशि उपलब्ध कराए। प्रायः बच्चे चूंकि मां के पास रहते हैं इसलिए जहां पति उसको घर से निकाल देता है या भरण–पोषण हेतु अपने दायित्वों की पूर्ति नहीं करता तो उसमें पति कि विरूद्व आवेदन देकर भरण–पोषण की धनराशि निर्धारित करें तो उसमें वह पत्नी के भरण–पोषण के खर्चे की धनराशि नियत करने के साथ–साथ बच्चों के खाने–पीने, कपड़े पहनने, रहन–सहन शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ पिता के स्तर के अनुसार जीवन यापन के जितने खर्चे होते हैं उनका ध्यान रखकर उनको भरण–पोषण की धनराशि निर्धारित करना चाहिए। इस प्रकार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्ग केवल पत्नी को ही भरण–पोषण का अधिकार उपलब्ध नहीं कराया गया है बल्कि उनकी संतान को भी अपने रहन–सहन इत्यादि खर्चों के संबंध में भरण–पोषण के रूप में अधिकार उपलब्ध है।

3. तलाकशुदा पत्नी को अपने भूतपूर्व पति से एवं अवैध बच्चों को भी भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार है :–

पति–पत्नी का रिश्ता कानून द्वारा ही स्थापित होता है जिससे परिवार की आधारशिला रखी जाती है। कभी–कभी यह रिश्ता कायम होने के बाद चल नहीं पाता और आपसी मन मुटाव या एक दूसरे की ज्यादतियों के कारण यह रिश्ता टूट जाता है लेकिन इससे जहां तक भरण–पोषण संबंधी पत्नी के अधिकारों का प्रश्न है वह स्वतः समाप्त नहीं हो जाते है क्योंकि यदि विवाहित पत्नी का अपने पति से तलाक हो जाता है तो तलाक के बाद यदि वह दूसरी शादी नहीं करती और अपने जीवन में भी कोई जारता का कृत्य नहीं करती और उसके पश्चात् ऐसा कोई साधन नहीं है कि वह जीवन यापन करने में समर्थ हो तो उस स्थिति में निश्चत ही वह अपने भरण–पोषण हेतु अपने पूर्व पति से भरण–पोषण भत्ते की मांग कर सकती है। इसके लिए हर धर्म में चाहे वह हिन्दू हो, मुस्लिम हो, ईसाई धर्म हो या कोई और ऐसी सभी तलाकशुदा स्त्रियों को अपने तलाकशुदा पति से धारा 125 द.प.सं. में भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार उपलब्ध कराया गया है। बशर्ते ऐसा तलाकशुदा स्त्री भरण–पोषण करने में असमर्थ हों और उसने दूसरी शादी न की हो तथा वह जारता की दशा में नहीं रह रही हो।

इसी प्रकार जिन बच्चों को अपने पिता का पता न हो अर्थात उनके माता–पिता द्वारा विधिमान्य विवाह न किया गया हो परन्तु इस बात की जानकारी हो कि उनका पिता कौन था जिससे उसकी मां ने जन्म दिया था तो ऐसे अवैध बच्चे भी अपने भरण–पोषण हेतु इस अधिनियम की धारा 125 में मांग कर सकते हैं। प्रायः जब लड़कियां भटक जाती हैं या वह अत्याचार का

शिकार हो जाती है तो उनसे जो संतान उत्पन्न होती हैं उस संतान का स्वयं में अपना कोई दोष नहीं होता है इसलिए जहां ऐसे संतान पैदा करने वाली मां को इस बात की ठोस जानकारी हो कि उनकी अवैध संतान किस व्यक्ति से उत्पन्न हुई तो निश्चत ही ऐसी मां का यह दायित्व हो जाता है कि वह उस संतान के भरण–पोषण हेतु उस व्यक्ति से भरण–पोषण उपलब्ध कराये जो उसे पैदा करने वाला है। इसलिए भरण–पोषण हेतु आवेदन इन बच्चों की ओर से ऐसे व्यक्ति के विरूद्व दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत किया जा सकता है, जिसमें इस बात को सिद्व किया जाना आवश्यक होगा कि वह व्यक्ति वास्तव में ऐसे अवैध संतान को पैदा करने वाला है और इसके भरण–पोषण का दायित्व उसी का है इसलिए इस अवैध संतान को पैदा करने वाली मां को ऐसी प्रत्यक्ष या परिस्थितिजन्य साक्ष्य अपने पास रखनी चाहिए जो ऐसे अवैध संतान की ओर से दिए गये भरण–पोषण आवेदन में पेश किया जा सकें जिससे ऐसे व्यक्ति के विरूद्व यह सिद्व किया जा सके कि वह संतान उसी की अवैध संतान है ताकि आसानी से भरण–पोषण प्राप्त किया जाना सम्भव हो सके।

4. माता–पिता को अपने बच्चों के भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार है :–

आजकल के युग में जहां परिवार नियोजन के कारण मां–बाप प्रायः दो या तीन बच्चे ही पैदा करते हैं और उनमें यदि बच्चे निकट या स्वार्थी निकल आते हैं तो माता–पिता का बुढ़ापा दुःखमय बन जाता है। भरण–पोषण में प्रायः बच्चों से मां–बाप इस बात की आशा रखते हैं कि वह उनके बुढ़ापे का सहारा होंगे और वैसे भी कोई माता–पिता अपने बच्चों का पालन करके बड़ा करने एवं शिक्षा देने में अपना जो भी मन इकट्ठा किया गया होता है वह पूरा उस पर खर्च कर देते हैं। इसलिए उनकी यह आशा करना स्वाभाविक ही है कि बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा होंगे लेकिन यह दुःख की बात है कि वर्तमान स्वार्थी युग में बच्चे अपने माता–पिता के दायित्वों को भूल जाते हैं कि बुढ़ापे में माता–पिता को उनकी जरूरत होती है तो वह उनकी अनदेखी कर देते हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु अब माता–पिता इस अधिनियम की धारा 125 के अन्तर्गत अपने बच्चों से भरण–पोषण का मांग कर सकते हैं और उनको भी भरण–पोषण प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है जिसमें यदि वह अपना भरण–पोषण करने में असमर्थ हो तो वह अपने बच्चों से भरण–पोषण प्राप्त कर सकें। इसमें यदि ऐसे माता–पिता की संतान लड़की भी हो और वह कमाती है तो ऐसी लड़की का भी यह दायित्व है कि वह अपने माता–पिता, जो भरण–पोषण करने में असमर्थ हों, उनकी देखभाल करें और यदि वह ऐसा नहीं करती तो निश्चय ही जो माता–पिता अपने भरण–पोषण में असमर्थ हैं वह लड़के के साथ–साथ अपनी लड़की से भी भरण–पोषण की मांग करने हेतु इसे अधिनियम की धारा 125 में आवेदन कर सकते हैं।

5. भरण–पोषण हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया :–

भरण–पोषण हेतु आवेदन देने के लिए किसी प्रकार की कोई कोर्ट फीस की आवश्यकता नहीं है बल्कि एक साधारण रूप में प्रार्थना पत्र जिले के सक्षम मजिस्ट्रेट न्यायालय में देकर भरण–पोषण की मांग की जाती है। अब प्रश्न यह उठता है कि यह न्यायालय कौन सा होता है जहां इस आवेदन को मजिस्ट्रेट के सम्मुख दिया जाना है इसके लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 126 में यह व्यवस्था की गई है कि आवेदन देने वाले व्यक्ति चाहे वह विवाहित पत्नी हो या बच्चे हों या माता–पिता हों उस जिले के न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं जिस जिले में वह निवास करता है। इसके अतिरिक्त ऐसे जिले के मजिस्ट्रेट के सम्मुख भी यह आवेदन किया जा सकता है, जहां वह व्यक्ति निवास करता है, जिससे भरण–पोषण प्राप्त किया जाना होता है या ऐसे जिले में यह आवेदन किया जा सकता है, जहां अन्तिम बार ऐसा व्यक्ति पत्नी के साथ या अधर्मज संतान की माता के साथ उसने निवास किया हो। इस तरह तीन स्थानों में से एक स्थान पर यह प्रार्थना पत्र दे सकते हैं, जहां भरण–पोषण का आवेदन करने वाला निवास करता है या जिसके विरूद्व आवेदन किया गया, वह निवास करता हो या जिस स्थान पर दोनों अन्तिम बार एक साथ निवास किये हो। इसलिए अब इस बात की किसी को कोई असुविधा नहीं हो सकती कि आवेदन कहीं दूर जाकर दिया जाना होगा बल्कि आवेदनकर्ता के निवास स्थान के जिले में सक्षम न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में जाकर भरण–पोषण हेतु आवेदन किया जा सकता है।

6. भरण–पोषण के रूप में कितनी धनराशि प्राप्त की जा सकती है :–

नई विधि में भरण–पोषण की धनराशि की मात्रा असीमित है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह पत्नी हो, बच्चों हों या मां–बाप हों अपना जीवन यापन एवं भरण–पोषण करने के लिए धन की आवश्यकता होती है। निश्चत ही भरण–पोषण प्राप्त करने वाले व्यक्ति के स्तर के अनुसार खर्चे की मात्रा में विभिन्नता हो सकती है। क्योंकि यदि कोई मजदूर है तो उसके भरण–पोषण की मात्रा भिन्न होगी और व्यापारी या दुकानदार होने पर उसके जीवन का स्तर भिन्न होगा, इसलिए जहां तक भरण–पोषण की धनराशि की मात्रा का प्रश्न है, वह केवल भोजन, वस्त्र, आवास की आवश्यकताओं आदि का ही ध्यान नहीं रखा जाता है अपितु पति की आय और उसकी हैसियत को भी ध्यान में रखा जाता है। न्यायालय से यह आशा की जाती है कि भरण–पोषण की राशि जीवन स्तर के अनुरूप होनी चाहिए। एक मामले में प्रार्थिनी सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल की पत्नी थी, जिसमें पति की मासिक आय 20,000.00 रुपये थी और ऐसी पत्नी के भरण–पोषण हेतु न्यायालय द्वारा 500.00 रुपये की धनराशि निर्धारित की गई लेकिन यह भरण–पोषण की राशि इसलिए उपलब्ध कराई गयी थी क्योंकि उस समय इस भरण–पोषण की धारा 125 के अन्तर्गत अधिकतम धनराशि 500 रुपये ही दी जा सकती थी। पुरानी विधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत भरण–पोषण हेतु उपलब्ध कराई गई थी उसमें भरण–पोषण की अधिकतम राशि 500 रु. निर्धारित थी। कहने का तात्पर्य यह है कि भरण–पोषण प्राप्त करने वाले प्रार्थी के आवश्यकताएं कितनी भी क्यों न हो लेकिन न्यायालय अधिकतम राशि 500 से अधिक नहीं दे सकती थी, परन्तु अब यह स्थिति नहीं है क्योंकि अब धारा 125 को अधिनियम संख्या 50 सन् 2001 में संशोधित करके यह व्यवस्था कर दी गई है कि न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में भरण–पोषण हेतु जो आवेदन किया जायेगा उसमें भरण–पोषण की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी। अतः जितनी भी भरण–पोषण धनराशि दिया जाना न्याय संगत होगा न्यायालय उसे देने में सक्षम होगी। अब कोई भी व्यक्ति भरण–पोषण हेतु मांग करेगा तो उसके स्तर के अनुसार उसे जितनी भरण–पोषण की आवश्यकता होगी उतनी धनराशि न्यायालय देने में सक्षम है। जैसे ऊपर उल्लेख किया गया है कि लै. कर्नल के पत्नी के भरण–पोषण के नाम में न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरानी विधि में अधिकतम 500 रुपये ही दे सकता था। अब इस नई विधि के अनुसार जितनी भरण–पोषण की आवश्यकता हो तथा न्यायालय उचित समझता हो अर्थात् 5000 रुपये या उससे अधिक राशि जो पहले नहीं दी जा सकती थी अब वह देने में मजिस्ट्रेट सक्षम है। इस प्रकार पुरानी भरण–पोषण विधि को बदलकर अब नई भरण–पोषण विधि के अन्तर्गत धारा 125 में असीमित भरण–पोषण की धनराशि प्राप्त की जा सकती है।

7. अन्तरिम भरण–पोषण प्राप्त करने की प्रार्थना को न्यायालय द्वारा 60 दिनों के अन्दर तय किया जाना आवश्यक है :–

सर्व प्रथम यह जानकारी करना आवश्यक है कि अन्तरिम भरण–पोषण से क्या अभिप्राय है चूंकि जब भरण–पोषण का आवेदन न्यायालय में द.प्र.सं. की धारा 125 में दिया जाता है तो उसमें निश्चत ही कार्यवाही में दोनों पक्षों को सुनकर एवं साक्ष्य लेखबद्व करने के बाद उसका निस्तारण किया जाना संभव होता है। इस कार्यवाही में समय लगना स्वाभाविक है, परन्तु जहां एक भरण–पोषण की आवश्यकता का प्रश्न है, उसमें व्यक्ति को अपनी जरूरतों को पूरा करने में इतना लम्बा इंतजार निश्चय ही कष्टदायी होता है क्योंकि उसे रोजमर्रा की जरूरतों के लिए अपने संबंधियों से सहायता लेनी होगी जबकि इसमें उसका कोई दोष नहीं होता है। इसलिए भरण–पोषण की कार्यवाही के दौरान न्यायालय से अन्तरिम भरण–पोषण हेतु मांग की व्यवस्था अब नई विधि के अन्तर्गत धारा 125 में की गई है, जिसमें भरण–पोषण की कार्यवाही की सुनवाई के दौरान अन्तरिम भरण–पोषण देने हेतु मांग की जा सकती है और न्यायालय का यह दायित्व है कि ऐसी अन्तरिम भरण–पोषण की प्रार्थना करने पर उसकी सुनवाई के लिए विपक्षी को नोटिस देने के बाद 60 दिन के अन्दर ही उसका निस्तारण करें। भरण–पोषण के आवेदन की सुनवाई के चलते अन्तरिम भरण–पोषण की राशि उपलब्ध कराई जाती है और इसमें न्यायालय चाहे तो पक्षकारों का साक्ष्य लिए बगैर उनके शपथ पत्रों के आधार पर ही अन्तरिम भरण–पोषण देने का आदेश कर सकता है। जिसमें न्यायालय को अपना ध्यान इस बात पर केन्द्रित करना होता है कि आवेदन के त्वरित भरण–पोषण की जरूरतों को पूरा करने हेतु अन्तरिम रूप से भरण–पोषण उपलब्ध किया

जा सके। ताकि भरण—पोषण करने में प्रार्थी को कोई कष्ट न हो। जहां पक्षकारों के बीच में विवाह होना संबंधी कोई झगड़ा नहीं होता है। अर्थात दोनों पति—पत्नी होना स्वीकार करते हैं वहां अन्तरिम भरण—पोषण का प्रार्थना पत्र तुरन्त तय हो जाता है और जहां ऐसा झगड़ा हो उसे भी निस्तारण करने में इसलिए कोई अड़चन नहीं आती क्योंकि मुख्य पीटीशन जो भरण—पोषण हेतु लम्बित है उस पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता जो केवल पक्षकारों के साक्ष्य के बाद तय किया जा सकता है। अतः न्यायालय को चाहिए कि इस नई विधि का अनुपालन करते हुए अन्तरिम भरण—पोषण के प्रार्थना पत्र का 60 दिन के अवधि के अन्दर ही निस्तारण करें ताकि जिस उद्देश्य के लिए यह नई विधि बनाई गई है, उसकी पूर्ति की जा सके।

8. अन्तरिम भरण—पोषण की धनराशि वसूल करने की प्रक्रिया :—

यदि न्यायालय द्वारा भरण—पोषण का आदेश होने के बाद उसका भुगतान करने में कोई अड़चन पैदा की जाय तो उसका उद्देश्य ही सप्ताह हो जात हैं। इसलिए जब नई विधि में यदि अन्तरिम भरण—पोषण की धनराशि को अदा करने में आनाकानी की जाती है तो ऐसे व्यक्ति को न्यायालय जेल भेज सकता है। जिसमें न्यायालय के माध्यम से ऐसे व्यक्ति के विरूद्व गिरफ्तारी वारण्ट जारी कराकर एक माह तक जेल में भी भेजा जा सकता है। इसलिए सभी अन्तरिम भरण—पोषण प्रार्थना पत्र देने वाले प्रार्थियों को चाहिए कि जब न्यायालय द्वारा अन्तरिम भरण—पोषण आदेश दिया जाता है तो उसकी प्राप्ति के लिए उसे ऐसे व्यक्ति के विरूद्व आवश्यकता पड़ने पर वारण्ट जारी करने के लिए भी मांग कर लेनी चाहिए ताकि अन्तरिम भरण—पोषण न देने के संबंध में जो जुर्माना देने या सजा देने का प्राविधान है, उसकी शक्ति का प्रयोग करते हुए अन्तरिम भरण—पोषण की अदायगी में कोई ढील न बरती जाए। इसी प्रकार जहां तक मुख्य भरण—पोषण के आवेदन का प्रश्न है, उसका निस्तारण होने के बाद जो भरण—पोषण की धनराशि के आदेश पारित किये जाते हैं, उसे भी उपलब्ध कराने के लिए न्यायालय को चाहिए कि वह इस नई विधि के अन्तर्गत जो भरण—पोषण की राशि अदा न करने के संबंध में जुर्माना या सजा देने का प्रावधान है, उसको सख्ती से लागू करें जिससे कि भरण—पोषण की विधि के जो प्राविधान है, उसकी पूर्ति किया जाना संभव हो सके। हर भरण—पोषण प्राप्त करने वाले व्यक्ति को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसके भरण—पोषण की धनराशि किसी रूप में तीन वर्ष या उसे अधिक समय से अधिक वाजिव न हो अर्थात इस अवधि से पहले ही उसे भरण—पोषण की धनराशि वसूली हेतु कार्यवाही करने के लिए सक्षम न्यायालय के सम्मुख अपना आवेदन कर लेना चाहिए।

9. भरण—पोषण की नई विधि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 में दी गई है। पत्नी सन्तान और माता—पिता के भरण—पोषण के लिए आदेश :—

125, पत्नी, सन्तान और माता—पिता के भरण—पोषण के लिए आदेश :—

(1) यह पर्याप्त साधनों वाला कोई व्यक्ति

(क) अपनी पत्नी का, जो अपना भरण—पोषण करने में असमर्थ है। या

(ख) अपनी धर्मज या अधर्मज अवयस्क संतान का चाहे विवाहित हो या न हो, जो अपना भरण—पोषण करने में असमर्थ है। या

(ग) अपनी धर्मज या अधर्मज संतान का (जो विवाहित पुत्री नहीं है) जिसने वयस्कता प्राप्त कर ली है, जहां ऐसी संतान किसी शारीरिक या मानसिक असामान्यतया या क्षति के कारण अपना भरण—पोषण करने में असमर्थ है। या

(घ) अपने पिता या माता का, जो अपना भरण—पोषण करने में असमर्थ है, भरण—पोषण करने में उपेक्षा करता है या भरण—पोषण करने में इंकार करता है तो प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट ऐसी उपेक्षा या इंकार के साबित हो जाने पर ऐसे व्यक्ति को यह निर्देश दे सकता है कि वह अपनी पत्नी या ऐसी संतान, पिता या माता के भरण—पोषण के लिए ऐसे मौसिक दर पर, जिसे मजिस्ट्रेट ठीक समझे, मासिक भत्ता दे और उस भत्ते का संदाय ऐसे व्यक्ति को करें जिसको संदाय करने का मजिस्ट्रेट समय—समय पर निर्देश दें परन्तु मजिस्ट्रेट खण्ड (ख) में निर्दिष्ट अवयस्क पुत्री के पिता को निर्देश दे सकता है कि वह उस समय तक ऐसा

भत्ता दे जब तक वह वयस्क नहीं हो जाती है यदि मजिस्ट्रेट का संतुष्ट हो जाता है कि ऐसी अवयस्क पुत्री, यदि वह विवाहित हो, पति के पास पर्याप्त साधन नहीं है।
(आगे यह उपबन्धित किया जाता है कि उप धारा के अधीन मासिक गुजारा भत्ता की कार्यवाही लम्बित रहते हुए अन्तरिम मासिक गुजारा भत्ता या कार्यवाही में हुए व्यय को जैसा मजिस्ट्रेट युक्तियुक्त समझे, ऐसे व्यक्ति को अपनी पत्नी, बच्चों एवं माता–पिता का अदायगी का आदेश समय–समय पर दे सकेगा। आगे यह उपबन्धित किया जाता है कि इस प्रकार के अन्तरिम मासिक गुजारे–भत्ते या कार्यवाही में हुए व्यय संबंधी आवेदन पत्र का निस्तारण जहां तक संभव हो ऐसे व्यक्ति पर नोटिस तामीली की तिथि से 60 दिन के अन्दर कर दिया जाना चाहिए।)

स्पष्टीकरण :– यह अध्याय के प्रयोजनों के लिए –

(क) अवयस्क से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके बारे में भारतीय वयस्कता अधिनियम 1875 (1875 का 9) के उपबन्धोंके अधीन यह समझाा जाता है कि उसने वयस्कता प्राप्त नहीं की है।

(ख) पत्नी के अन्तर्गत ऐसे स्त्री भी है जिसके पति ने उससे विवाह विच्छेद कर लिया है और जिसने पुर्नविवाह नहीं किया है।

(2) (इस प्रकार मासिक गुजारे भत्ते या अन्तरिम मासिक गुजारे भत्ते एवं कार्यवाही में हुए व्यय के संबंध में प्रतिकर का भुगतान आदेश की तिथि से, या मासिक गुजारे भत्ते या अन्तरिम मासिक गुजारे भत्ते एवं कार्यवाही के व्यय के संबंध में दिए गए आवेदन पत्र की तिथि से, जैसा भी मामला हो, देय होगा।)

(3) यदि कोई व्यक्ति, जिसे आदेश दिया गया हो, उस आदेश का अनुपालन करने में पर्याप्त कारण के बिना असफल रहता है तो उस आदेश के प्रत्येक भंग के लिए कोई मजिस्ट्रेट देय रकम को ऐसी रीति से उद्गृहीत किए जाने के लिए वारण्ट जारी कर सकता है, जैसी रीति जुर्माना उद्गृहीत करने के लिए उपबन्धित है और उस वारण्ट के निष्पादन के पश्चात प्रत्येक मास के न चुकाए गए पूरे (गुजारा भत्ता या अन्तरिम गुजारा भत्ता एवं कार्यवाही व्यय जैसा भी मामला हो) या इसके किसी भाग के लिए ऐसे व्यक्ति को एक मास तक की अवधि के लिए, अथवा यदि वह उससे पूर्व चुका दिया जाता है तो चुका देने के समय तक के लिए कारावास का दण्डादेश दे सकता है।

परन्तु इस धारा के अधीन देय किसी रकम की वसूली के लिए कोई वारण्ट तब तक जारी न किया जायेगा जब तक उस रकम को उद्गृहीत करने के लिए, उस तारीख से जिसको वह देय हुई, एक वर्ष की अवधि के अन्दर न्यायालय से आवेदन नहीं किया गया है। परन्तु यह और कि यदि ऐसा व्यक्ति इस शर्त पर भरण–पोषण करने की प्रस्थापना करता है कि उसकी पत्नी उसके साथ रहे और वह पति के साथ रहने से इंकार करती है तो ऐसा मजिस्ट्रेट उसके द्वारा कथित इंकार के किन्ही आधारों पर विचार कर सकता है और ऐसी प्रस्थापना के लिए किए जाने पर वह इस धारा के अधीन आदेश दे सकता है। यदि उसका समाधान हो जाता है कि ऐसा आदेश देने के लिए न्यायासंगत आधार है।

स्पष्टीकरण :– यदि पति ने अन्य स्त्री से विवाह कर लिया है या वह रखैल रखता है तो यह उसकी पत्नी द्वारा उसके साथ रहने से इन्कार का न्यायसंगत आधार माना जाएगा।

(4) कोई पत्नी अपने पति से इस धारा के अधीन (गुजारा भत्ता या अन्तरिम गुजारा भत्ता एवं कार्यवाही व्यय जैसा भी मामला हो) प्राप्त करने की इकदार न होगी, यदि वह जारता की दशा में रह रही है अथवा यदि वह पर्याप्त कारण के बिना अपने पति के साथ रहने के इन्कार करती हो अथवा यदि वे पारस्परिक सम्मति से पृथक रह रहे हैं।

(5) मजिस्ट्रेट यह साबित होने पर आदेश को रद्द कर सकता है कि कोई पत्नी जिसके पक्ष में इस धारा के अधीन आदेश दिया गया है जारता की दशा में रह ही है अथवा पर्याप्त कारण के बिना अपने पति के साथ रहने से इंकार करती है अथवा पर्याप्त कारण के बिना अपने पति के साथ रहने में इंकार करती है अथवा वे पारस्परिक सम्मति से पृथक रह रहे हैं।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ङ) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1. सरल कानूनी ज्ञान माला–1 उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2. सरल कानूनी ज्ञान माला–2 पषुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3. सरल कानूनी ज्ञान माला–3 वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4. सरल कानूनी ज्ञान माला–4 उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5. सरल कानूनी ज्ञान माला–5 सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6. सरल कानूनी ज्ञान माला–6 महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7. सरल कानूनी ज्ञान माला–7 वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8. सरल कानूनी ज्ञान माला–8 भ्रश्टाचार निवारण विधि
9. सरल कानूनी ज्ञान माला–9 मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10. सरल कानूनी ज्ञान माला–10 मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11. सरल कानूनी ज्ञान माला–11 मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12. सरल कानूनी ज्ञान माला–12 भरण–पोशण प्राप्त करने की विधि
13. सरल कानूनी ज्ञान माला–13 उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14. सरल कानूनी ज्ञान माला–14 झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15. सरल कानूनी ज्ञान माला–15 किषोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निशेध विधि
16. सरल कानूनी ज्ञान माला–16 मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17. सरल कानूनी ज्ञान माला–17 बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18. सरल कानूनी ज्ञान माला–18 नषीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19. सरल कानूनी ज्ञान माला–19 उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20. सरल कानूनी ज्ञान माला–20 मजदूरों के कानूनी अधिकार
21. सरल कानूनी ज्ञान माला–21 प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22. सरल कानूनी ज्ञान माला–22 दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23. सरल कानूनी ज्ञान माला–23 प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24. सरल कानूनी ज्ञान माला–24 हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25. सरल कानूनी ज्ञान माला–25 बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006
26. सरल कानूनी ज्ञान माला–26 उपभोक्ता संरक्षण कानून
27. सरल कानूनी ज्ञान माला–27 राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28. सरल कानूनी ज्ञान माला–28 घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29. सरल कानूनी ज्ञान माला–29 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30. सरल कानूनी ज्ञान माला–30 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31. सरल कानूनी ज्ञान माला–31 तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32 दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33 बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34 पुलिस षिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35 मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36 श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37 उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44 कानून की जानकारी आखिर क्यों ?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46 आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47 उत्तराखण्ड अपराध से पीडित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48

विधिक सेवाएं क्या हैं ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,
7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,

8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,
11. वरिष्ठ नागरिक।
12. HIV/एडस से सक्रमित व्यक्ति

नोटः— क्रम संख्या 1, 7, 9, 10, 11, एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :—

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

आर0 के0 खुल्बे
एच.जे.एस.
सदस्य—सचिव

न्यायमूर्ति मनोज कुमार
कार्यपालक अध्यक्ष

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

सरल कानूनी ज्ञान माला – 13

उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन : फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in ukslsanainital@gmail.com

उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि

1. मनुष्य के मरने के बाद उसकी सम्पत्ति उत्तराधिकारियों को प्राप्त होती है :–

प्रायः समाज में हर व्यक्ति के पास चल और अचल सम्पत्ति होती है जिसको वह जीवित रहते हुए प्रयोग में लाता है। मनुष्य की मृत्यु के बाद वह अपनी सम्पत्ति का न तो प्रयोग कर सकता है और न ही उसकी सुरक्षा कर सकता है। इसलिए उसकी इस सम्पत्ति का प्रयोग एवं सुरक्षा का अधिकार उसके उत्तराधिकारियों को दिया जाता है। मनुष्य खाली हाथ आता है और खाली हाथ चला जाता है। इसलिए मनुष्य के मरने के बाद उसकी सम्पति के मालिक भी उनके उत्तराधिकारी होते हैं। जिस धर्म का मृतक व्यक्ति होता है अर्थात वह हिन्दू है तो हिन्दू विधि के अनुसार उसके उत्तराधिकारी मृतक व्यक्ति की सम्पत्ति से अपना हिस्सा प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार यदि मुसलमान है तो मुस्लिम विधि के अनुसार मृतक व्यक्ति का वारिस सम्पत्ति में हिस्सा प्राप्त कर सकता है। लेकिन जहां तक मृतक द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पति के रूप में ऋण या प्रतिभूति का प्रश्न है, उसमें मृतक व्यक्ति चाहे हिन्दू हो या चाहे मुसलमान हो या किसी और धर्म का हो, उस मृतक की ऋण या प्रतिभूति को प्राप्त करने हेतु भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम की धारा–370 के अंतर्गत उस उत्तराधिकारी को न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होता है, क्योंकि उत्तराधिकार प्रमाण मिलने के बाद ही ऐसे मृतक द्वारा छोड़ी गई सम्पति , उदाहरणार्थ–बैंक के लाकर में छोड़ा गया उसका धन बैंक में जमा धनराशि डिवेन्चर, बचत पत्र, शेयर, बीमा पालिसी का धन, पेंशन का धन प्राप्ति के अधिकार प्राप्त किये जा सकते हैं।

2. उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ती है :–

मृतक व्यक्ति जो चल सम्पत्ति को अपने पीछे छोड़ जाता है, व सम्पत्ति यदि अन्य व्यक्यिों के पास होती है तो वह व्यक्ति मृतक की चल सम्पत्ति को लौटाने के लिए इस बात की सावधानी बरतेगा कि मृतक की सम्पत्ति को उसी के वास्तविक उत्तराधिकारी को ही लौटाई जाए क्योंकि यदि कोई गलत व्यक्ति मृतक की सम्पत्ति को प्राप्त कर लेता है तो उसकी जिम्मेदारी ऐसे व्यक्ति पर थोपी जाती है जिसने उस मृतक की अचल सम्पत्ति को दिया गया था। परन्तु जहां मृतक की चल सम्पत्ति के बावत न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाता है तो उसे ऐसे देनदार व्यक्ति के लिए दी जाती है कि वह मृतक की सम्पति को उसी व्यक्ति को दे दें जिसके नाम न्यायालय द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। इसलिए प्रायः देखा गया है कि जहां मृतक की चल सम्पत्ति के बावत उत्तराधिकारियों में आपस में झगड़ा होता है वहां सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तराधिकारियों को न्यायालय में मृतक की चल सम्पत्ति के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र लाने के लिए कहा जाता है। जिस व्यक्ति के पास मृतक की चल सम्पति होती है वह बिना किसी जोखिम उठाये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र में उल्लिखित धनराशि हो या जी.पी.एफ. धनराशि हो या मृतक की पेंशन हो, उसमें प्रायः मृतक द्वारा जो नामिनी नियुक्त कर दिया जाता है, यह धनराशि देय हो सकती है। संबंधित विभाग यहि चाहे तो वह बिना उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के इस धनराशियों का भुगतान कर सकता है। परन्तु जहां ऐसे मामले में संदेह हो या एक से अधिक दावेदार हो तो निश्चय ही संबंधित विभाग अपनी–अपनी सुरक्षा के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का सहारा लेते हुए ऐसी धनराशि को उन्हीं व्यक्तियों को दे सकता है जिनका नाम न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। अतः जहां पर देनदार व्यक्ति उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र के आधार पर मृतक की चल सम्पत्ति का भुगतान कर देता है तो उसका दायित्व खत्म हो जाता है।

3. उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अंतर्गत कर्ज वचन पत्र प्रतिभूति इत्यादि अर्थात चल सम्पत्ति क्या अभिप्राय है :–

मृतक व्यक्ति चल एवं अचल सम्पत्ति को अपने पीछे छोड़ जाता है, जिसमें केवल चल सम्पत्ति में ऋण इत्यादि की बावत ही न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है। जहां मृतक द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पत्ति का प्रश्न है, उसके लिए मृतक के उत्तराधिकारियों को अपने–अपने हिस्से की मांग हेतु न्यायालय में वाद योजित करने की जरूरत पड़ती है। जहां पर पक्षकारों के बीच में आप में झगड़ा नहीं होता हो वहां ऐसे संबंधित उत्तराधिकारी मृतक द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पत्ति के बावत यदि वह कृषि भूमि हो तो नामान्तरण (म्यूटेशन) हेतु प्रार्थना पत्र देकर सम्पत्ति को अपने नाम करवा सकते हैं और यदि भूमि, मकान या अन्य कोई अचल सम्पत्ति हो तो उसके लिए नगरपालिका में अपना नाम चढ़वा सकते हैं परन्तु जहां पर मृतक के उत्तराधिकारियों के बीच अपने अपने हिस्सों का झगड़ा होता है या वह उत्तराधिकारी मानने से इंकार करते हैं तो उस स्थिति में बंटवारे का मुकदमा

सिविल न्यायालय में किया जाता है, जिसमें उत्तराधिकारी अपने हक में मृतक द्वारा छोड़ी गई चल सम्पत्ति जो यदि कर्जे वचन पत्र, प्रतिभूति के अंतर्गत परिभाषा में आती है, उसके बावत केवल सक्षम न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। अब प्रश्न यह उठता है कि जो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा–370 के अंतर्गत मृतक द्वारा छोड़े गए कर्जे वचन पत्र इत्यादि चल सम्पत्ति की बावत ही उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। उसमें प्रतिभूति के अंतर्गत यह कौन–कौन चल सम्पतियों से संबंधित होती है। इस संबंध में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 370 (2) में प्रतिभूति को जो परिभाषित किया गया है, वह इस प्रकार है :–

इस भाग के प्रयोजनों के लिए प्रतिभूति से अभिप्रेत हैं–

(क) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार का कोई वचन पत्र, डिवेन्चर, स्टॉक या अन्य प्रतिभूति।

(ख) भारत के राजस्व पर संसद के अधिनियम द्वारा पारित कोई बन्ध पत्र, डिबेन्चर या वार्षिकी।

(ग) किसी कम्पनी या अन्य निगमित संस्था का कोई स्टांक या डिबेन्चर या उसमें शेयर।

(घ) किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा या उसके निमित जारी किया गया कोई डिबेन्चर या धन के लिए कोई अन्य प्रतिभूति।

(ड़) कोई अन्य प्रतिभूति जिसे राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस भाग के प्रयोजनों के लिए प्रतिभूमि के रूप में घोषित करें।

इस परिभाषा से यह विदित होता है कि मृतक द्वारा चल सम्पत्ति की प्रकृति में कर्जे जिसमें मृतक का रखा गया धन, शेयर, जेवर आदि प्रकृति की सम्पत्ति है और न्यायालय द्वारा पारित डिक्री भी ऐसे कर्जे की परिभाषा में आती है। जिसमें बावत मृतक के उत्तराधिकारियों को मृतक की ऐसी कर्जे, चल सम्पत्ति को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। अतः इसी प्रकृति की अन्य चल सम्पत्ति जो कर्ज की प्रकृति के अनुकूल हो इत्यादि के लिए केवल न्यायालय से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करके कर्जे वचन पत्र इत्यादि को ऐसे व्यक्ति से प्राप्त किया जा सकता है, जिसके पास मृतक ने ऐसी सम्पत्ति छोड़ी हो।

4. उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र किस न्यायालय में दिया जाना होगा :–

जब भी किसी मृतक व्यक्ति को कर्ज या प्रतिभूति संबंधी अचल सम्पत्ति के बावज उसके उत्तराधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है तो उसके लिए आवेदन उसी न्यायालय में किया जायेगा, जिसमें मृतक निवास करता हो परन्तु जहां पर ऐसी स्थिति हो कि मृतक का कोई नियमित निवास नहीं था उस स्थिति में जहां पर मृतक की मृत्यु हुई हो उस स्थान के न्यायालय के क्षेत्राधिकार में यह पिटीशन दी जा सकती है। लेकिन यहां मृतक का निवास स्थान स्पष्ट हो तो निश्चय ही प्रार्थना पत्र उसी न्यायालय में देय होगा जहां पर मृतक का निवास था। उदाहरणतया यदि मृतक चमोली का रहने वाला है और वह दिल्ली में कुछ समय के लिए नौकरी करता था परन्तु उसका निश्चित निवास स्थान नहीं था और उसके द्वारा पीछे छोड़ी गई ग्रेच्यूटी, जी.पी.एफ. या बैंक में रखी धनराशि के बावत मृतक के उत्तराधिकारियों में कोई झगड़ा है या संबंधित व्यक्ति को देने में कोई परेशानी है तो उस स्थिति में मृतक की इस सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का प्रार्थना पत्र चमोली में प्राप्त करना होगा क्योंकि मृतक स्थायी रूप से चमोली में ही निवास करता था क्योंकि मृतक का दिल्ली में कोई नियत स्थान नहीं था। जिला न्यायालय या उसके समकक्ष न्यायालय में प्रार्थना पत्र देना होगा। इस बावत व्यवस्था भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 371 में की गई है जो कि उपबन्धित करता है कि प्रमाण पत्र अनुदत्त करने की अधिकारिता रखने वाला न्यायालय वह जिला न्यायाधीश जिसकी अधिकारिता के भीतर मृतक अपनी मृत्यु के समय मामूली तौर से निवास करता था या यदि उस समय उसका कोई नियत निवास स्थान नहीं था तो जिला न्यायाधीश जिसकी अधिकारिता के भीतर मृतक की सम्पति का कोई भाग पाया जाता है। वह न्यायालय इस भाग के अधीन प्रमाण पत्र अनुदत्त कर सकेगा।

जहां तक प्रार्थना पत्र के प्रारूप का प्रश्न है उसमें मुख्यतः उन सभी उत्तराधिकारियों के नाम का भी उल्लेख किया जाना होगा एवं मृतक द्वारा छोड़ी गई चल एवं प्रतिभूति संबंधी चल सम्पत्ति में किसका कितना हिस्सा होगा उसके लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की जानी होगी। इसके लिए अधिनियम धारा–372 उपबन्धित करती है जो इस प्रकार है–

प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने हेतु ऐसे प्रमाण पत्र के लिए आवेदन सिविल प्रक्रिया संहिता द्वारा उसके निमित्त किसी वाद को हस्ताक्षरित और सत्यापित करने के लिए विहित रीति से आवेदक द्वारा या उसके निमित हस्ताक्षरित और सत्यापित अर्जी द्वारा जिला न्यायाधीश को किया जायेगा और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां दी जायेगी अर्थात–

(क) मृतक की मृत्यु का समय।
(ख) मृतक का उसकी मृत्यु के समय मामूली निवास स्थान और यदि ऐसा निवास स्थान उस न्यायाधीश की, जिसे आवेदन किया गया है, अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर नहीं था, तब उन सीमाओं के भीतर जहां मृतक की सम्पत्ति है।
(ग) मृतक का कुटुम्ब या अन्य निकट के नातेदार और उस निवास स्थान।
(घ) वह अधिकार जिस पर अर्जीदार दावा करता है।
(ङ) प्रमाण पत्र के अनुदान के लिए या यदि वह अनुदत्त किया गया है तो उसकी विधि मान्यता के लिए इस अधिनियम की धारा–370 या किसी अन्य उपलब्ध के अधीन किसी अन्य अधिनियम के अधीन किसी अड़चन का अभाव। और
(च) वे ऋण और प्रतिभूतियां जिनकी बावत प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया है।
(2) यदि अर्जी में ऐसा कोई प्राक्कथन है जिसके उसे सत्यापित करने वाले व्यक्ति को मिथ्या होने का या तो ज्ञान है या विश्वास है या उसके सत्य होने का विश्वास नहीं है तो उस व्यक्ति के बारे में ये माना जाएगा कि उसने भारतीय दण्ड सहिता की धारा 198 के अधीन अपराध किया है।
(3) उत्तराधिकारी अवयस्क है तो उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का प्रार्थना पत्र उनकी ओर से अभिभावक द्वारा दिया जाना होगा।

5. कोई भी उत्तराधिकारी केवल अपने हिस्से के लिए भी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने में सक्षम :–

किसी भी मृतक द्वारा छोड़ी गई चल सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए जरूरी नहीं है कि सभी सत्ताधिकारी संयुक्त रूप से अपने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन करें, बल्कि कोई भी उत्तराधिकारी अपने हिस्से के संबंध में सक्षम न्यायालय में आवेदन देकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है। चूंकि उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का प्रार्थना पत्र देने के साथ–साथ मृतक द्वारा जो चल सम्पत्ति कर्ज के रूप में छोड़ी है उसके मूल्य के अनुसार ही निर्धारित धनराशि पर कुछ प्रतिशत कोर्ट फीस जमा करनी होती है, जिस कोर्ट फीस की धनराशि से कोर्ट स्टाम्प पेपर खरीदकर न्यायालय उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करता है। इसलिए यदि किसी मृतक द्वारा एक लाख की एफ.डी.आर. अपने पीछे छोड़ी गई है और बैंक के अधिकारी मृतक की इस धनराशि को बिना उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के भुगतान न करें और ऐसे मृतक द्वारा अपने पीछे चार उत्तराधिकारियों को छोड़ गया हो तो प्रत्येक उत्तराधिकारी पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये प्राप्त करने का अधिकारी होगा। उस स्थिति में यदि केवल एक ही उत्तराधिकारी मृतक की इस सम्पत्ति में से 25 हजार रुपये की धनराशि को प्राप्त करना चाहता है तो वह अपने हिस्से के लिए 25 हजार रुपये की धनराशि को प्राप्त करना चाहता है तो वह अपने हिस्से के लिए 25 हजार रुपये के बावत सक्षम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर इस 25 हजार रुपये की धनराशि पर कोर्ट फीस देनी होगी और न्यायालय उचित कार्यवाही करने के बाद इस 25 हजार रुपये के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम होगा।

6. उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से मलिकियत (टाइटिल) का निर्धारण नहीं किया जाता :–

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का मुख्य उद्देश्य मृतक की ऋण एवं प्रतिभूति संबंधी चल सम्पत्ति के अंतर्गत कब्जा जिस व्यक्ति के पास होता है उसको सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ–साथ इस बात की भी सुविधा प्राप्त करनी होती है कि मृतक द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति के बावत टम्परेरी रूप से इसका समाधान हो जाय क्योंकि यदि पक्षकारों के बीच में भविष्य में कोई झगड़ा हो तो उसमें कई वर्ष लग जाते हैं उसमें अंतिम फैसला होने तक मृतक द्वारा छोड़ी गई अचल सम्पत्ति खटाई में न पड़ सके और जहां तक देनदार व्यक्ति का प्रश्न है उसका हित भी किसी जोखिम में न रहे इसलिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र केवल मृतक की सम्पत्ति के बारे में किसी प्रकार की मलिकियत का निर्धारण नहीं किया जाता है। अतः यदि पक्षकारों के बीच गहरे झगड़े हो और वे एक दूसरे को मृतक का उत्तराधिकारी न मानते हो तो निश्चय ही सिविल न्यायालय द्वारा जो वास्तविक उत्तराधिकारी पाया जायेगा वह अन्ततोगत्वा मृतक की सम्पत्ति का असली वारिस माना जायेगा। यदि किसी व्यक्ति के नाम उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है और उसे सिविल न्यायालय द्वारा वास्तविक वारिस नहीं पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति को मृतक की सम्पत्ति को उस व्यक्ति को लौटाना होगा जो मृतक

का वास्तविक उत्तराधिकारी विधिक रूप से घोषित किया जाता है। इस प्रकार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक के उत्तराधिकारियों के मलिकियत अधिकारों को अंतिम रूप से निस्तारण नहीं कर सकता।

7. उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की कार्यवाही न्यायालय के समक्ष संक्षिप्त प्रकृति की होगी :—

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का दायरा बड़ा सीमित होता है क्योंकि मृतक के उत्तराधिकारियों का अंतिम निर्णय नहीं होता जो वास्तव में सिविल न्यायालय द्वारा होता है। इसलिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने में न्यायालय जिसको प्रथम दृष्टया उत्तराधिकारी पाता है, उसके हक में वह उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 373 में आवेदन सुनवाई की प्रक्रिया का वर्णन किया गया है जो इस प्रकार है —

आवेदन की प्रक्रिया :—

(1) यदि जिला न्यायाधीश का यह समाधान हो जाता है कि आवेदन को ग्रहण करने के लिए आधार है तो वह उसकी सुनवाई के लिए एक दिन नियत करेगा और आवेदन की और उसकी सुनवाई के लिए नियम दिन की सूचना।

(क) ऐसे किसी व्यक्ति पर तामील कराएगा जिसे न्यायाधीश की राय में आवेदन की विशेष सूचना दी जानी चाहिए और

(ख) न्याय सदन के किसी सहज दृश्य स्थान पर लगवाएगा और ऐसी अन्य रीति से यदि कोई हो, प्रकाशित कराएगा जैसा न्यायाधीश इस निर्मित उच्च न्यायालय द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन रहते हुए ठीक समझे और नियत दिन को या उसके पश्चात् यथाशक्त शीघ्र प्रमाण पत्र के अधिकार का संक्षिप्त रीति से विनिश्चय करने के लिए अग्रसर होगा।

(2) जब न्यायाधीश यह विनिश्च करता है कि उसके लिए आवेदन का अधिकार है तो न्यायाधीश उसे प्रमाण पत्र के अनुदान के लिए आदेश देगा।

(3) यदि न्यायाधीश ऐसे विधि या तथ्य के प्रश्नों का अवधारण किये बिना जो संक्षिप्त कार्यवाहियों में अवधारण के लिए अधिक जटिल और कठिन प्रतीत होते हैं, प्रमाण पत्र के अधिकार का विनिश्चय नहीं कर सकता है तो भी यदि आवेदन प्रमाण पत्र के लिए प्रथम दृष्टया सर्वोत्तम हक रखने वाला प्रतीत होता है तो वह उसे प्रमाण पत्र का अनुदान कर सकेगा।

8. न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की विषय वस्तु में किन बातों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है :—

जब न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्रथम दृष्टया जांच बद आवेदक के नाम उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करना उचित पाया गया है तो उस स्थिति में निश्चय ही आवेदक के हक में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करना होता है। यह उत्तराधिकार प्रमाण पत्र अकेले या संयुक्त रूप से अलग—अलग पक्षकारों के नाम जारी किया जा सकता है। भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 374 में स्पष्ट कर दिया गया है कि न्यायालय द्वारा जारी किए गए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र में किन—किन बातों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। इस बावत मुख्यतः मृतक द्वारा अपने पीछे छोड़े गए शेयर हो तो उन शेयरों पर ब्याज, स्थानान्तरण करना आदि बातों का भी उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा ताकि ऐसे उत्तराधिकारा प्रमाण पत्र द्वारा मृतक के उत्तराधिकारी की जो अधिकार प्राप्त होते हैं उनका यह व्यापक पत्र द्वारा मृतक के उत्तराधिकारी को जो अधिकार प्राप्त होते हैं उनका वह व्यापक रूप से उपयोग कर सकते हैं। न्यायालय द्वारा जो उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाता है उसके लिए निश्चय ही जितनी धनराशि की ऋण या प्रतिभूति संबंधी अचल सम्पति के बावत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी होता है, उसी मात्रा के अनुसार ही कोर्ट फीस जमा की जाती है। जिस कोर्ट फीस की धनराशि से स्टाम्प पेपर आदि क्रय कर उस पर ही उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। इस बावत पूर्ण विवरण अधिनियम की धारा 374 में है जो इस प्रकार है।

जब जिला न्यायाधीश कोई प्रमाण पत्र अनुदत्त करता है तब वह उन ऋणों और प्रतिभूतियों को विनिर्दिष्ट करेगा जो प्रमाण पत्र के लिए आवेदन में उपवर्णित है और उसके द्वारा उस व्यक्ति को, जिसे प्रमाण पत्र अनुदत्त किया गया है, प्रतिभूतियों या उनमें से किसी—

(क) पर ब्याज या लाभांश प्राप्त करने या,

(ख) परक्रामण या अन्तरण करने या,

(ग) पर ब्याज या लाभांश प्राप्त करने और उनका पराक्रामण या अन्तरण करने या उनमें से कोई कार्य करने के लिए सशक्त कर सकेगा।

9. उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को रद्द भी किया जा सकता है :–

कभी–कभी गलत व्यक्ति द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र धोखे से न्यायालय से जारी कराया जाता है और जब मृतक के वास्तविक उत्तराधिकारियों की जानकारी होती है तो उनको अधिकार है कि ऐसे उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को रद्द करने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दे सकते हैं, जिसमें भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 288 में व्यवस्था की गई है कि यदि कोई व्यक्ति न्यायालय को धोखा देकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करवा लेता है तो उसे न्यायालय द्वारा रद्द करवाया जा सकता है। कभी–कभी स्वयं न्यायालय को भी स्वतः ज्ञात हो जाय कि उसके द्वारा जो उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया है, वह भी धोखे से दिया गया है तो न्यायालय को यह अधिकार है कि वह ऐसे जारी किए गये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र को रद्द कर सकता है।

10. प्रमाण पत्र का प्रभाव :–

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र किसी प्रकार की न्यायालय की डिक्री का रूप नहीं होता बल्कि यह मात्र एक प्रमाण पत्र होता है जो मृतक की कर्ज या वचन पत्रों की सम्पत्ति को प्राप्त करने का अधिकार उत्तराधिकारी को देने के साथ–साथ उस चल सम्पत्ति के देनदार को सुरक्षा प्रदान करता है। इसकी बावत अधिनियिम की धारा 381 में इसके प्रभाव का उल्लेख इस प्रकार किया गया है इस भाग के उपबन्धों के अधीन रहते हुए जिला न्यायाधीश का प्रमाण पत्र उसमें विनिर्दिष्ट ऋणों के देनदार या ऐसी प्रतिभूतियों पर दायी है, और धारा 370 के किसी उल्लंघन या किसी अन्य त्रुटि के होते हुए भी ऐसे सभी व्यक्तियों को, उस व्यक्ति को जिसे प्रमाण पत्र अनुदत्त किया गया था, ऐसे ऋणों की बावत सद्भावित रूप से किए गए सभी संदायों या उसके साथ प्रतिभूतियों की बावत किये गये सभी व्यवहारों के संबंध में पूर्ण परित्राण प्रदान करेगा।

11. न्यायालयों द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पर देय कोर्टफीस का विवरण :–

जब उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया जाता है तो जितने कर्जे या बचनपत्र इत्यादि सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की जाती है तो उस सम्पत्ति पर निर्धारित कोर्टफीस न्यायालय में जमा की जाती है। जिस धनराशि से न्यायालय द्वारा स्टाम्प पेपर खरीद कर उसके ऊपर यह उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। यह कोर्टफीस की क्या मात्रा है, उनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

1.	20,000.00 रुपये तक	2.50 प्रतिशत
2.	20,000.00 रुपये से 50,000.00 रुपये तक	3.35 प्रतिशत
3.	50,001.00 रुपये से 1,00,000.00 रुपये तक	3.75 प्रतिशत
4.	1,00,001.00 रुपये से 2,00,000.00 रुपये तक	5.00 प्रतिशत
5.	2,00,001.00 रुपये से 3,00,000.00 रुपये तक	6.25 प्रतिशत
6.	3,00,001.00 रुपये से 4,00,000.00 रुपये तक	7.50 प्रतिशत
7.	4,00,000.00 रुपये से 5,00,000.00 रुपये तक	8.25 प्रतिशत
8.	8,00,000.00 रुपये से अधिक	8.75 प्रतिशत।

इस बावत प्रमाण–पत्र का क्या प्रारूप होगा। इसका वर्णन अनुसूची–8 में दिया गया है जो इस प्रकार है –

प्रमाण पत्र और विस्तारित प्रमाण–पत्र का प्रारूप .... का न्यायालय

प्रेषिती, क–ख

आपने निम्नलिखित ऋणों और प्रतिभूतियों के बारे में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के भाग 10 के अधीन प्रमाण पत्र के लिए तारीख ३३३को आवेदन किया है, अर्थात्

ऋण

क्र. सं. ऋण का नाम आवेदन की तारीख को यदि ऋण किसी लिखित द्वारा प्रतिभूति है तो उसका वर्णन और ब्याज सहित ऋण की उसकी तारीख रकम।

——

प्रतिभूतियां

——

क्र. संख्या प्रमाण–पत्र के लिए प्रतिभूति का आवेदन की तारीख — वर्णन

सुभिन्नक संख्यांक — प्रतिभूमि का नाम शीर्षक या वर्ग — प्रतिभूमि की रकम या समतुल्य मूल्य को प्रतिभूति की बाजार मूल्य

——

तद्नुसार यह प्रमाण पत्र आपको अनुमन्य किया जाता है कि यह प्रमाण पत्र आपको उन ऋणों का संग्रह करने के लिए उन प्रतिभूतियों पर ब्याज लाभांश प्राप्त करने के लिए उनका परक्रामण करने के लिए अन्तरण करने के लिए सशक्त करता है।

तारीख..

....का न्यायालय जिला न्यायाधीश।

12. उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के कुछ नमूनें :–

चूंकि मृतक द्वारा छोड़ी गई कर्ज, वचन पत्र या प्रतिभूमि सम्पत्ति अचल सम्पति के लिए ही उसके उत्तराधिकारी न्यायालय से प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः इस सम्बन्ध में मृतक द्वारा छोड़ी गई सम्पति आर्मी ग्रुप इन्श्योरेंस एवं बैंक में फिक्स डिपोजिट सम्बन्ध दो नमूनों का यहॉ उल्लेख किया जा रहा है जिसमें उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के आवेदन देने की प्रक्रिया का आसानी से प्राप्त किया जा सकता है, ऐसे आवेदन पत्र के कुछ नमूने इस प्रकार है :–

मृतक व्यक्ति के उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने बावत् आवेदन पत्र

महोदय,

प्रार्थिनी निम्नलिखित निवेदन करती है –

1– मृतक का नाम	:	मदन लाल
2– मृतक की मृत्यु का दिनांक	:	4.12.95
3– मृतक की मृतक की मृत्यु की समय साधारण निवास स्थान	:	ग्राम पाडुलर प.क्षे. एवं तहसील कर्णप्रयाग जिला चमोली।
4– मृतक की सम्पत्ति का विवरण	:	आर्मी ग्रुप इन्श्योरेंश में 30,000.00 रूपये।
5– मृतक के रिश्तेदार व उनसे सम्बन्ध	:	श्रीमती कल्पेश्वरी देवी (पत्नी) कु. संगीता उर्फ संजू उम्र 13 वर्ष (पुत्री)
	:	मोदन उर्फ आशी उम्र 8 वर्ष (पुत्र)

6– धारा 372 किस तरह लागू है	:	प्रार्थीगण हिन्दू हैं।
7– अधिकार जिसके अन्तर्गत की	:	हिन्दू उत्तराधिकार अधिकार पत्र प्रार्थना गई दिया गया है।
8– धनराशि एवं जमानतें	:	प्रार्थिनी मृतक मदन लाल की एक मात्र विवाहित पत्नी तथा मृतक के नाबालिग बच्चों की प्राकृत अभिभावक हैं तथा प्रार्थिनी के पति महर रेजीमेंट में सेना में सेवारत थे, जिनकी मृत्य दिनांक 4–12–1995 को हुई जिसका नम्बर 9211092 है । जिनकी आर्मी ग्रुप इन्श्योरेंस स्कीम (फण्ड) में 30,000.00 रूपये तथा प्रार्थिनी उन्हे प्राप्त करने की उत्तराधिकार है।

ह. प्रार्थिनी

मैं कि प्रार्थिनी श्रीमती कल्पेश्वरी देवी उपरोक्त प्रार्थना पत्र में लिखी समस्त इमारते को अपने निजी एवं विश्वास से सही एवं विश्वास से सही एवं सत्य होना स्वीकार करती हूँ।

दिनांक :–

ह.प्रार्थिनी

मृतक व्यक्ति के उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र चाहने बाबत् आवेदन–पत्र का प्रारूप

महोदय,

प्रार्थी निम्नलिखित निवेदन करता है –

1– मृतक का नाम	:	स्व. श्रीमती माहेश्वरी देवी पत्नी स्व. कुंवर सिंह
2– मृतक की मृत्यु का दिनांक	:	27–07– 1996
3– मृतक की साधारण निवास	:	ग्राम नैन प.वृ. त्रिशूल तहसील पोखरी, जिला चमोली
4– मृतक की सम्बन्धित सम्पत्ति का फिक्स में	:	भारतीय स्टेट बैंक पोखरी में विवरण डिपोजिट सं. एस. डी. 23–ए –313539 41,774,00 रूपये।
5– मृतक के रिश्तेदार व उनसे सम्बन्ध	:	वास देव सिंह उम्र 25 वर्ष (पुत्र) संदीप सिंह उम्र 14 (पुत्र) नाबालिग
6– अधिकार जिसके	:	अन्तर्गत प्रार्थना पत्र हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम।
7– ऋण व जमानतें	:	उपरोक्त फिक्रा नं. 4 में वर्णित है।
8– अन्य विवरण	:	महोदय दिनांक 27–7–96 प्रार्थी को माता स्व. श्रीमती माहेश्वरी देवी पत्नी श्री कुंवर सिंह की मृत्यु हो चुकी है। प्रार्थी की माता के नाम भारतीय स्टेट बैंक, पोंखरी में एम.डी. ए/23–315339 मेंकुल रकम 41,774.00 रूपये जमा है। प्रार्थी नं.1 का भाई संदीप उम्र 14 साल नाबालिक है जिस कारण नाबालिग भाई की ओर से प्रार्थी सं.1 उक्त रकम को प्राप्त करने का एकमात्र अधिकारी है।

अतः निवेदन है कि प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र जारी करने की कृपा की जाय।

दिनांक :– 22.07.2002 ह. प्रार्थी

सत्यापन

मैं वासुदेव सिंह उपरोक्त समस्त इबारतें को अपने निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही एवं सत्य होना सत्यापित करता हूँ भगवान मेरी सहायता करें।

दिनांक :– 22.07.2002 ह. प्रार्थी

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊॅगा/छुपाऊॅगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1.	सरल कानूनी ज्ञान माला–1	उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2.	सरल कानूनी ज्ञान माला–2	पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3.	सरल कानूनी ज्ञान माला–3	वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4.	सरल कानूनी ज्ञान माला–4	उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5.	सरल कानूनी ज्ञान माला–5	सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6.	सरल कानूनी ज्ञान माला–6	महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7.	सरल कानूनी ज्ञान माला–7	वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8.	सरल कानूनी ज्ञान माला–8	भ्रष्टाचार निवारण विधि
9.	सरल कानूनी ज्ञान माला–9	मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10.	सरल कानूनी ज्ञान माला–10	मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11.	सरल कानूनी ज्ञान माला–11	मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12.	सरल कानूनी ज्ञान माला–12	भरण–पोषण प्राप्त करने की विधि
13.	सरल कानूनी ज्ञान माला–13	उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14.	सरल कानूनी ज्ञान माला–14	झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15.	सरल कानूनी ज्ञान माला–15	किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि
16.	सरल कानूनी ज्ञान माला–16	मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17.	सरल कानूनी ज्ञान माला–17	बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18.	सरल कानूनी ज्ञान माला–18	नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19.	सरल कानूनी ज्ञान माला–19	उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20.	सरल कानूनी ज्ञान माला–20	मजदूरों के कानूनी अधिकार
21.	सरल कानूनी ज्ञान माला–21	प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22.	सरल कानूनी ज्ञान माला–22	दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23.	सरल कानूनी ज्ञान माला–23	प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24.	सरल कानूनी ज्ञान माला–24	हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25.	सरल कानूनी ज्ञान माला–25	बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006
26.	सरल कानूनी ज्ञान माला–26	उपभोक्ता संरक्षण कानून
27.	सरल कानूनी ज्ञान माला–27	राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28.	सरल कानूनी ज्ञान माला–28	घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29.	सरल कानूनी ज्ञान माला–29	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30.	सरल कानूनी ज्ञान माला–30	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31.	सरल कानूनी ज्ञान माला–31	तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32 दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33 बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34 पुलिस शिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35 मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36 श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37 उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44 कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46 आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47 उत्तराखण्ड अपराध से पीड़ित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2015

विधिक सेवाएं क्या है ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,

7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,
8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,
11. वरिष्ठ नागरिक
12. HIV/एड्स से सक्रमित व्यक्ति

नोटः– क्रम संख्या 1, 7, 9, 10 11 एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :–

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

कार्यपालक अध्यक्ष

सदस्य–सचिव

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

सरल कानूनी ज्ञान माला – 15

किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन : फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in ukslsanainital@gmail.com

किशोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निषेध विधि

1— किशोर द्वारा अपराध करने से अभिप्राय :—

जब किसी व्यक्ति के द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो उस व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार करके जेल में भेजती है और ऐसे व्यक्ति के विरूद्व न्यायालय में मुकदमा विचारण करने के बाद उसे सजा दी जाती है,परन्तु जहां कोई व्यक्ति किशोर हो तो उस किशोर द्वारा अपराध करने पर पुलिस को उसे गिरफ्तार करके जेल भेजने का अधिकार नही है । और न ही न्यायालय को ऐसे किशोर को अपराध में दण्डित करके सजा देने का अधिकार है। इसका कारण यह है कि अपराध कारित करने वाला व्यक्ति किशोर है क्योंकि उसकी सोच इतनी परिपक्व नहीं होती कि उसके द्वारा किये गये कार्यो व परिणामों का वह आभास कर सके, इसलिए ऐसे किशोर द्वारा किये जाने पर पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर उसे जेल भेजने के स्थान पर किशोंरों के लिए स्थापित सम्प्रेषण गृह में रखा जाता है और न्यायालय द्वारा विधि का उल्लंघन करने में सम्मिलित पाये जाने पर उस किशोर को विशेष गृह मे भेजा जाता है ताकि सजा देने के स्थान पर उसका संरक्षण, विकास एवं पुनर्वास किया जा सके। अब प्रश्न यह उठता है कि किस व्यक्ति को किशोर कहा जा सकता है। जहां एक तरफ किशोरों द्वारा किये गये अपराध के बावत पूर्ण व्यवस्था नये बनाये गये कानून किशोर न्याय (बालकों की देख—रेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 में की गयी है जिसके अन्तर्गत ही अपराध करने वाले किशोर के विरूद्व सारी कार्यवाही की जाती है इस अधिनियम में विधि विवादित बालक का नाम दिया गया है अतः किशोर अपराधी किशोर न कहकर विधि विवादित किशोर के नाम से जाना जायेगा। इस प्रकार कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो उसके द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो उसको एक साधारण व्यक्ति की तरह अपराधी के रूप में पुलिस एवं न्यायालय द्वारा बर्ताव करके दण्डित नहीं किया जायेगा।

2— किशोर की आयु के निर्धारण करने की प्रक्रिया :—

निश्चय ही किसी व्यक्ति के किशोर होने के लिये यह सिद्व होना आवश्यक है कि उसकी आयु 18 वर्ष से कम हो तभी उसको किशोर होने का लाभ उपलब्ध कराया जा सकता है इसलिये यदि कोई व्यक्ति किशोर होने का दावा करता है तो उसे अपनी आयु के सम्बन्ध में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध कराना आवश्यक है इसलिए किसी व्यक्ति को किशोर मानने से पहले उस व्यक्ति की आयु के सम्बन्ध में सम्यक जांच की जायेगी और इस प्रायोजन के लिये वैसा साक्ष्य लेना जैसा आवश्यक है जिसमें उसकी आयु का यथासंभव उल्लेख करते हुए इस निष्कर्ष को अभिलिखित करना होगा कि वह व्यक्ति किशोर या बालक है अथवा नहीं। ऐसी किसी जांच करने के लिए साक्ष्य लेना आवश्यक बताया गया है अतः केवल शपथ—पत्र ही पर्याप्त नहीं है।

3— पुलिस द्वारा किशोर अपराधी को पकड़ने पर जेल नहीं भेजा जा सकता है :—

जब किसी किशोर अथवा बालक द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो ऐसे किशोर को पुलिस द्वारा पकड़ने पर उसे न तो हवालात में रखा जायेगा और न ही उसे जेल भेजा जा सकता है। जहां एक तरफ किशोर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस को भी विशेष किशोर पुलिस होनी चाहिये वहां दूसरी ओर ऐसे किशोर को पुलिस द्वारा किसी मजिस्ट्रेट के सम्मुख न पेश करके इस नई विधि के अन्तर्गत गठित किसी किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जायेगा और ऐसे गिरफ्तार किये गये किशोर को जेल में न भेजकर सम्प्रेक्षण गृह में भेजा जायेगा। पुलिस द्वारा ऐसे अपराध करने वाले किशोर को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस थाने में भार साधक अधिकारी द्वारा या विशेष किशोर पुलिस यूनिट द्वारा जब ऐसे किशोर अपराधी को गिरफ्तार किया जाता है तो उस किशोर के माता—पिता किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष उस किशोर को हाजिर करते समय उपस्थित हो सकें और इसके साथ—साथ पुलिस का यह भी दायित्व है कि वह ऐसे किशोर की गिरफ्तारी की सूचना परिवीक्षा अधिकारी को भी दे ताकि वह गिरफ्तार किये गये किशोर के पूर्व वृतान्त और पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा अन्य तात्विक परिस्थितियों को प्राप्त करके बोर्ड को अवगत करा सकें, और किशोर न्याय बोर्ड द्वारा जांच की जा सके। पुलिस का यह भी दायित्व है कि किशोर या बालक के पकड़े जाने की दशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी सुचना उपलब्ध कराये जाये ताकि बालक को तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध करायी जा सके।

4— किशोर अपराधी अथवा विधि विवादित बालक की जमानत :—

जब किसी अपराध करने वाले किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के सम्मुख पुलिस द्वारा पेश किया जाता है तो बालक न्याय बोर्ड ऐसे किशोर से यह विश्वास होने पर कि यदि उसे छोड़ा जाता है तो किसी ज्ञात अपराधी के सहचर में नहीं आयेगा या उस किशोर का भविष्य नैतिक, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक खतरे में नहीं पडेगा या उसके छोड़े जाने से न्यायिक उद्देश्य विफल नहीं होगा तो किशोर न्याय बोर्ड ऐसे अपराध करने वाले बालक को जमानत पर छोड़ सकता है। यदि ऐसे बालक को जमानत पर छोड़ा जाना उचित नहीं समझा जाता तो किशोर न्याय बोर्ड ऐसे बालक के विरूद्व जांच करने के उद्देश्य से जांच की लम्बित अवधि के लिये उसे कारागार भेजने के स्थान पर सम्प्रेक्षण गृह या सुरक्षा के किसी अन्य स्थान पर भेजा जायेगा । इसी प्रकार विशेष किशोर पुलिस यूनिट या पुलिस थाना के भार साधक अधिकारी को भी यह अधिकार दिया गया है कि वह बालक को छोड़े जाने के लिए युक्तियुक्त आधार पाता है तो वह उसे जमानत पर छोड़ सकता है और जब तक वह जमानत पर रिहा नहीं होता, ऐसे अपराध करने वाले बालक को हवालात में न रखकर सम्प्रेषण गृह में तब तक रखा जायेगा, जब तक कि किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश नहीं किया जाता। इस प्रकार यदि बालक को जमानत पर नहीं छोड़ा जाता तो किशोर न्याय बोर्ड उसे कारागार में सुपुर्द करने के बजाय उसे संप्रेषण गृह अथवा सुरक्षा के किसी स्थान पर भेजेगा।

5— किशोर के विरूद्व अपराध के सम्बन्ध में किशोर न्याय बोर्ड द्वारा ही जांच की जा सकती है :—

विधि विवादित बालक के विरूद्व किसी भी अपराध के विचारण के लिए न्यायालय को कोई अधिकार नहीं दिया गया है बल्कि इस नये कानून में किशोर न्याय बोर्ड गठित करने की व्यवस्था है और केवल किशोर न्याय बोर्ड ही किसी बालक के विरूद्व अपराध की जांच करके उचित आदेश पारित कर सकता है। इस किशोर न्याय बोर्ड में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रधान मजिस्ट्रेट के नाम से पद नामित होंगे। चुंकि बालक से सम्बन्धित अपराध की जांच के लिये बाल मनोवैज्ञानिक एवं बाल कल्याण की जानकारी होना आवश्यक है जिनको ध्यान में रखते हुये इसकी नियुक्ति करने की व्यवस्था की गयी ताकि बालकों की समस्याओं को समझते हुये उनके अपराध के सम्बन्ध में जांच करके उनके प्रति न्याय किया जा सके। बालक के विरूद्व अपराध की जांच अब केवल किशोर न्याय बोर्ड ही कर सकता है। इसलिये जब भी किसी बालक द्वारा अपराध किया जाता है तो विशेष किशोर पुलिस द्वारा ऐसे कि बालकों को बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत किया जाना होगा जो अपराध की जांच करेगा और इस जांच की प्रक्रिया उसी प्रकार की होगी जैसा कि दण्ड प्रकिया संहिता में सम्मन केस के मामले में की जाती है। जब तक बालक के विरूद्व जांच विचाराधीन रहती है तो उस दौरान ऐसे बालक को संप्रेक्षण गृह या आर्ब्जवेशन होम में रखा जायेगा और जांच के समाप्त होने के बाद जंहा किशोर न्याय बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि बालक के विरूद्व समुचित जांच करके और उसके सलाह देने और भर्त्सना करने के बाद तथा माता—पिता या संरक्षक को परामर्श देकर बालक को घर जाने की अनुमति दे सकता है। इसके अतिरिक्त यदि बोर्ड उचित पाता है तो अपराध की प्रकृति को देखते हुये बालक को सामुदायिक सेवा करने का आदेश दे सकता है या बालक के माता—पिता को अथवा स्वंय बालक को कोई जुर्माना अदा करने का आदेश दे सकता है, यदि वह बालक 14 वर्ष से अधिक आयु का है और धन अर्जित करता है इसके अतिरिक्त यदि किशोर न्याय बोर्ड उचित पाता है तो बालक को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर छोड़ देने का और उसके माता—पिता, संरक्षक अथवा उपयुक्त व्यक्ति की देखरेख में रखने का निर्देश दे सकता है जो प्रतिभूओं सहित या रहित जैसा कि बोर्ड अपेक्षा करे तीन वर्षो तक की अवधि के लिए बालक के अच्छे आचरण कल्याण का बन्धपत्र निष्पादित करेगा। इसी प्रकार किशोर द्वारा कारित अपराध की प्रकृति को देखते हुए बोर्ड किसी बालक को अच्छे आचरण और कल्याण के लिए अनुकूल संस्था की देखरेख में रखने का भी निर्देश भी कर सकता है। जहां किसी ऐसे बालक को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर छोड़ा जाना उचित नहीं समझा जाता तो उस स्थिति में बोर्ड को यह अधिकार है कि बालक द्वारा अपराध कारित होना पाये जाने पर वह उसे किसी विशेष गृह में भेजने का आदेश पारित कर सकता है। इस प्रकार जहां एक तरफ किसी बालक द्वारा अपराध करने पर भी किसी बालक को अपचारी किशोर न कहकर अब इन नये अधिनियम में विधि विवादित बालक के नाम से बुलाया जायेगा वहां दूसरी ओर अपराध की प्रकृति को देखते हुए बालक न्याय बोर्ड ऐसे अपराध करने वाले बालक को अच्छे आचरण पर उसके माता—पिता या संरक्षक या किसी अनुकूल

संस्था की देखरेख में छोड़ सकता है और यदि ऐसा छोड़ना उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो ऐसे विधि विवादित किशोर को जेल न भेजकर उसे विशेष गृह में ही भेजने का आदेश पारित किया जायेगा।

6– किसी भी बालक द्वारा गम्भीर अपराध करने पर विशेष गृह के स्थान पर निरोध कारावास में रखना :–

किसी भी बालक द्वारा जब कोई अपराध किया जाता है तो उसके द्वारा अपराध को कारित पाये जाने पर उसके विरूद्व जांच करने के बाद आदेश न्यायालय द्वारा न करके किशोर न्याय बोर्ड द्वारा किया जाता है लेकिन इस बात के लिये स्पष्ट व्यवस्था कर दी गयी है कि ऐसे किसी बालक को मृत्यु या आजीवन कारावास के दण्डादेश से दण्डित नहीं किया जायेगा अथवा उसे जुर्माना अदा करने में विफल होने पर कारागार में सुपुर्द नहीं किया जायेगा।

7– किसी भी बालक के विरूद्व साधारण अपराधी व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही नहीं की जा सकती है :–

यदि कोई अपराध बालक एवं अन्य साधारण व्यक्ति द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है तो उस अपराध के विचारण करने में जहां साधारण व्यक्ति के विरूद्व अपराध न्यायालय में विचारण होगा वहीं बालक के विरूद्व ऐसा अपराध न्यायालय के सम्मुख विचारण नहीं होगा बल्कि किशोर न्याय बोर्ड द्वारा जांच की जायेगी इसलिये बालक एवं उस व्यक्ति के विरूद्व जो बालक नहीं है संयुक्त रूप से कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

8– किशोर अथवा बालक के प्रति क्रूरता करना, भीख मंगवाना, उनका दुरुपयोग करना या बालकों का मादक पेय या स्वापक औषधि एवं नशीले पदार्थ देने के लिए प्रयोग करना अपराध है :–

यदि कोई व्यक्ति किशोर या बालक का वास्तविक भार या उस पर नियंत्रण रखते हुए किशोर पर प्रहार करे, उसका परित्याग करता है, खुला छोड़ देता है या जान बूझकर उसकी उपेक्षा करता है वह उस किशोर या बालक को संभाव्यतः अनावश्यक मानसिक या शारीरिक पीड़ा कर सकता है। वह ऐसी अवधि के कारावास से जो तीन बषों तक हो सकती है या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति किशोर या बालक को भीख मांगने के लिए नियोजित या प्रयुक्त करता है वह ऐसी अवधि के कारावास से जो पॉच वर्षो तक की हो सकती है। दण्डनीय होगा और जुर्माना का भागी होगा। जो कोई व्यक्ति किसी किशोर या बालक को किसी लोक स्थान में किसी स्वापक औषिधि या मनःप्रभावी पदार्थ को किसी सम्यक रूप से अर्हित चिकित्सा व्यवसायी के आदेश या बीमारी की स्थिति के सिवाय देता है या देना कारित करता है वह ऐसी अवधि के कारावास से जो सात वर्षो तक ही हो सकती है और जुर्माने का भी दायी होगा। इसी प्रकार यदि किसी किशोर अथवा बालक का उसकि नियोक्ता द्वारा किया जाता है तो उस व्यक्ति को इस नये अधिनियम में पॉच वर्ष की सजा एवं जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रावधान भी किया गया है कि किसी बालक की पहचान जिसके संबध में कोई पांच, अन्वेषण या न्यायिक कार्यवाही गतिमान है, की पहचान से संबंध में किसी समाचार पत्र, मैगजींन, ध्वनि–दृश्य मीडिया या संचार के किसी माध्यम द्वारा सर्वजनिक नही किया जा सकता है। इसी प्रकार पुलिस द्वारा भी ऐसे बालक के चरित्र प्रमाण पत्र में बालक पर चहे किसी मामले का उल्लेख नहीं किया जा सकता। उक्त प्रावधान का उल्लंधन करने वाले व्यक्ति को 6 माह तक की अवधि का कारावास तथा जुर्माना या दोनों दण्डित किया जा सकता है।

किसी बालक की खरीद–फरोख करने वाले व्यक्ति को पॉच वर्ष तक का कारावास तथा जुमाने या दोंनों से दण्डित किया जा सकता है। किसी बालक को किसी बाल संरक्षण संस्था के कर्मचारी द्वारा शरीरिक रू‍ से प्रताणित किये जाने पर दोषी व्यक्ति दस हजार रूपये का अर्थदण्ड किया जा सकता है।

किसी बालक के उग्रवादी संगठन द्वारा इस्तेमाल करना पाये जाने पर सात साल तक की अवधि के कारावास तथा जुमाना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान किया गया है। उपरोक्त कृत्य को अपराध का दर्जा दिया गया है

8– 16 से 18 वर्ष तक की आयु के विधि विवादित बालक द्वारा जधन्य अपराध व्यक्ति करने में संलिप्त होना पाये जाने पर प्रारंभिक निर्धारण।

नवीनतम किशोर न्याय विधी के अन्तर्गत ऐसे अपराधों, जिनमें न्यूनतम सात वर्ष तक की अवधि के मध्य तक कारावास से दण्डनीय अपराधी को गंभीर प्रकृति तथा तीन वर्ष तक की अवधि के 'लधु प्रकृति' ( ) के अपराधी की क्षेणी में रखा गया है।

ऐसे बालक, जो कि 16 वर्ष या इससे अधिक आयु का है, तथा किसी जघन्य अपराध करने में सम्मिलित होना पाया जाता है, तब किशोर न्याय बोर्ड द्वारा ऐसे बालक का प्रांरभिक निर्धारण किया जायेगा। ऐसे प्रांरभिक निधार्रण अपराध कारित करने की बालक की मानसिक व शरीरिक क्षमता तथा / अपराध के परिणामों व परिस्थितियॉ के समक्षने की योग्यता के परिणामें में किया जायेगा। प्रांरभिक निर्धारण करने हेतु किशोर न्याय बोर्ड द्वारा अनुभवी मनोचिकित्स को व मनोसमजिक कार्यकताओं की सहायता की जा सकती है। ऐसे अनुभवी विशेषतों का पैनल जिला बाल संरक्षण यूनिट द्वारा तैयार किया जायगा।

ऐसे निर्धारण उपरांत बालक के मामले का विचारण एक व्यस्क अभियुक्त के समान चलाये जाने हेतु बाल न्यायालय ( ) को संरक्षित किया जा सकता है। बाल न्यायालय, पॉस्को अधिनियम के अन्तर्गत नोटिफाईड अपर सत्र न्यायाधीश स्तर का न्यायालय होना है। जहॉ पोस्को कोर्ट पृथक से गणित नही है वहॉ पर उक्त जिले के सत्र न्यायाधीश को पोस्को न्यायालय की शक्तियॉ प्राप्त है।

यदि प्रांरभिक निर्धारण के उपरोक्त किशोर न्याय बोर्ड का यह विचार है कि ऐसे बालक का मामला बोर्ड द्वारा निस्तारित किया जाना चाहिए, तथा किशोर न्याय बोर्ड द्वारा ही मामले की सुनवायी करते हुए जॉच की जा सकती है।

9— नई विधि में बालक के लिए जेल के स्थान पर संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह एवं सुरक्षा के स्थान की व्यवस्था :—

यदि पुलिस या बोर्ड द्वारा किसी बालक को अपराध करने पर जमानत पर नहीं छोड़ा जाता है तो उसकी जांच के दौरान उसे संप्रेक्षण गृह में रखा जायेगा और अपराध करना पाये जाने पर उसको जेल के स्थान पर विशेष गृह में रखे जाने की व्यवस्था है। जहां पर कोई बालक अपराध करते समय सोलह वर्ष से अधिक आयु का और 18 वर्ष से कम आयु का था तो ऐसे किशोर द्वारा गम्भीर प्रकृति का अपराध करने पर उसे सुरक्षा के स्थान पर रखा जायेगा जो कि कारागार नहीं होता। अतः बालक के साथ अपराध करने की दशा में कैदियों जैसा व्यवहार करना मना है।

10— देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक के लिये गृह की व्यवस्था :—

यदि कोई बालक गृह विहीन अथवा जीवन निर्वाह के किसी दृश्यमान साधन के बिना पाया जाता है मानसिक या शारीरिक रूप से रोगग्रस्त है, और उसका सहारा देने वाला कोई नहीं हैं या जिस बालक के माता—पिता बालक पर नियंत्रण स्थापित करने के योग्य नहीं है या उसके इच्छुक नहीं हैं या वह बालक लैंगिक दुरुपयोग अथवा अवैध कार्यो का शिकार हो रहा है या वह दैवी आपदा या किसी सशस्त्र संघर्ष का शिकार हो गया है ऐसे सभी बच्चों को अधिनियम में देख—रेख या संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों से परिभाषित किया गया है। इन सबके लिए बालक कल्याण समिति की व्यवस्था की गयी है जिनका कर्तव्य इन बालकों को संरक्षण, उपचार, विकास और पुनर्वास की व्यवस्था करना है।

11— देखरेख और संरक्षण वाले बालकों को बालक कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाना :—

ऐसे बालकों को कोई पुलिस अधिकारी या विशेष पुलिस का अधिकारी या कोई लोक सेवक या रजिस्ट्रीकृत स्वयंसेवी संस्था प्रस्तुत कर सकती है या स्वयं बालक भी उपस्थित हो सकता है जिसके बाद समिति द्वारा जांच पूरी हो जाने पर यदि उस बालक का कोई परिवार या दृष्यमान सहारा नहीं है तो वह उस बालक को बालक गृह में तब तक रूके रहने की अनुमति दे सकती है जब तक कि उसके लिये उपयुक्त पुनर्वास नहीं प्राप्त कर लिया जाता अथवा वह 18 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता। इस प्रकार बालक गृह को राज्य सरकार स्वयं या स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर ऐसे बालकों के प्रवेश और उसके बाद उनकी देखरेख, उपचार, शिक्षा, प्रशिक्षण, विकास और पुनर्वास की व्यवस्था करती है।

12— बालक श्रमिकों से जोखिम भरे काम की मजदूरी करवाना अपराध है :—

बाल श्रम (प्रतिषेध विनियम) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जिस व्यक्ति की आयु 14 वर्ष से अधिक नहीं है वह बालक कहा जाता है और ऐसे बालक जो 14 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष तक की आयु वाले बालक तथा किशोर कहा गया है ऐसे किशोर से किसी भी प्रकार श्रम कराने जाना प्रतिषेध किया गया है उक्त प्रावधान था उलल्धन करने पर न्यून्तम छः माह से तीन वर्ष तक की अवधि से आरावास तथा रू0 20,000 /— से रू0 25,000 तक के जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है। यदि जोखिम भरा काम मजदूरी के रूप में कराया जाता है तो ऐसे काम कराने वाले व्यक्ति को इस अधिनियम के अन्तर्गत कम से कम 6 माह का कारावास जो 3 वर्ष तक हो सकेगा या जुर्माने से जो

20,000/– से कम नहीं हो सकेगा किन्तु जो रू0–30,000/– तक हो सकेगा अथवा दोनों से दण्डित किया जायेगा। जहां तक जोखिम भरा कार्य का प्रश्न है वह इस अधिनियम के अन्तर्गत इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि ईमारत का निर्माण कराना, सड़क बनाना, ऊन की धुलाई कराना, गलीचा बुनना, सीमेन्ट की बोरियों को अर्न्तवृष्ट करते हुए सीमेन्ट बनाना, चमड़ा निर्माण, इत्यादि सभी कार्य की मजदूरी को जोखिम भरा कहा जायेगा जो व्यक्ति किसी बालक से जिसकी आयु 14 वर्ष से कम है ऐसा जोखिम भरा काम लेता है उसे दण्डित किये जाने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी पुलिस अधिकारी या निरीक्षक को इसकी सूचना कर सकता है ताकि ऐसे बाल श्रमिक के अपराध करने वाले व्यक्ति के विरूद्व सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय में परिवाद योजित करके दण्डित कराया जा सके। जहां तक किसी बाल श्रमिक की 14 वर्ष से कम आयु के निर्धारण का प्रश्न है उसके लिऐ विधिवत चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र आयु के बारे में निश्चय साक्ष्य होगा।

13– बालकों के श्रम को गिरवी करना अपराध है :–

यदि ऐसे किसी बालक जिसकी आयु 15 वर्ष से कम है उसके माता–पिता या संरक्षक ऐसे बालक के श्रम को गिरवी करने के लिए मौखिक या लिखित करार करके उसके बदले में कोई सुविधा या अन्य लाभ प्राप्त करते हैं तो वह कृत्य बालक (श्रम गिरवीकरण) अधिनियम 1933 के अन्तर्गत अपराध है जिसमें जो कोई माता–पिता या संरक्षक अपने बालक के श्रम गिरवीकरण के लिए ऐसा करार करेगा तो वह जुर्माना से जो रु0–200/– तक होगा दण्डित किया जायेगा।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद –

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)
2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति
(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ
(ग) स्त्री या बालक
(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ
(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया
हुआ व्यक्ति।
(च) औद्योगिक कर्मकार
(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित
(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।
4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हो तो उसका परिणाम?
5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें
(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि
(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि
(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी
पता –
नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1. सरल कानूनी ज्ञान माला–1 उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2. सरल कानूनी ज्ञान माला–2 पषुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3. सरल कानूनी ज्ञान माला–3 वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4. सरल कानूनी ज्ञान माला–4 उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5. सरल कानूनी ज्ञान माला–5 सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6. सरल कानूनी ज्ञान माला–6 महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7. सरल कानूनी ज्ञान माला–7 वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8. सरल कानूनी ज्ञान माला–8 भ्रश्टाचार निवारण विधि
9. सरल कानूनी ज्ञान माला–9 मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10. सरल कानूनी ज्ञान माला–10 मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11. सरल कानूनी ज्ञान माला–11 मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12. सरल कानूनी ज्ञान माला–12 भरण–पोशण प्राप्त करने की विधि
13. सरल कानूनी ज्ञान माला–13 उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14. सरल कानूनी ज्ञान माला–14 झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15. सरल कानूनी ज्ञान माला–15 किषोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निशेध विधि
16. सरल कानूनी ज्ञान माला–16 मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17. सरल कानूनी ज्ञान माला–17 बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18. सरल कानूनी ज्ञान माला–18 नशीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19. सरल कानूनी ज्ञान माला–19 उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20. सरल कानूनी ज्ञान माला–20 मजदूरों के कानूनी अधिकार
21. सरल कानूनी ज्ञान माला–21 प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22. सरल कानूनी ज्ञान माला–22 दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23. सरल कानूनी ज्ञान माला–23 प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24. सरल कानूनी ज्ञान माला–24 हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25. सरल कानूनी ज्ञान माला–25 बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006
26. सरल कानूनी ज्ञान माला–26 उपभोक्ता संरक्षण कानून
27. सरल कानूनी ज्ञान माला–27 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28. सरल कानूनी ज्ञान माला–28 घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29. सरल कानूनी ज्ञान माला–29 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30. सरल कानूनी ज्ञान माला–30 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31. सरल कानूनी ज्ञान माला–31 तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32 दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33 बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34 पुलिस षिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35 मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36 श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37 उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 शिक्षा का अधिकार– निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 समाज कल्याण संबंधी सरकारी योजनाएं
44. सरल कानूनी ज्ञान माला–44 कानून की जानकारी आखिर क्यों?
45. सरल कानूनी ज्ञान माला–45 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षझा अधिनियम, 2012
46. सरल कानूनी ज्ञान माला–46 आपदा प्रबंधन
47. सरल कानूनी ज्ञान माला–47 उत्तराखण्ड अपराध से पीडित सहायता योजना, 2013
48. सरल कानूनी ज्ञान माला–48

विधिक सेवाएं क्या हैं ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

''भूमि का तात्पर्य धारा 109, 143 और धारा 144 तथा अध्याय सात को छोड़ कर शेष अधिनियम से ऐसे भूमि से है जो किसी के अधिकार या कब्जे में कृषि बागवानी या पशुपालन जिसमें मत्स्य पालन और कुक्कुट पालन भी है, से सम्बन्म रखने वाले किसी प्रयोजन से हो'' इस तरह से भूमि शब्द को दो अर्थो में प्रयुक्त किया गया है।

(1) सामान्य :

प्रथमतः सामान्य अर्थ में भूमि का अभिप्राय जमीन से है, चाहे उस पर खेती हो रही हो या इमारत बन रही हो या बंजर जलाच्छादित एवं कब्रिस्तान ही क्यों न हो, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम या अन्य विधियों में भूमि शब्द का प्रयोग इसी सामान्य अर्थ में होता है।

(2) तकनीकी अर्थ में :

तकनीकी अर्थ में भूमि का अभिप्राय ऐसी भूमि से है जो कृषि, बागवानी और पशुपालन के प्रयोजनार्थ उपयोग में लायी जाये, अधिनियम में भूमि के अर्थ को दोनों रूप में प्रयोग किया गया है, सामान्य एवं तकनीकी धारा 109, 143, 144 एवं अध्याय 7 में भूमि का प्रयोग सामान्य अर्थ में किया गया है, जिसका अर्थ है जमीन चाहे वह कृषि प्रयोजनार्थ प्रयोग की जाती रही हो या खाली हो इस प्रकार भूमि शब्द का अर्थ व्यापक रूप में प्रयोग होता है, क्योंकि भूमि का मुख्य उद्देश्य मनुष्य का जीवन यापन है, चाहे वह किसी भी अर्थ से प्रयोग में लायी जाये।

1– खेती जमीन का प्रयोग :

खेती जमीन से तात्पर्य उस भूमि से भी है जो पशुपालन आदि के प्रयोग में ली जाती है गढ़वाल में मुख्यतः खेती जमीन का प्रयोग सदैव से कृषि के लिए किया गया है और आज भी यहॉ का मुख्य व्यवसाय खेती है किन्तु समय और परिस्थिति बदलने के साथ–साथ यहॉ खेती जमीन का प्रयोग विभिन्न व्यवसाय के लिये किया जा रहा है। इस प्रकार आज खेती जमीन का प्रयोग निम्न रूप में किया जाता है :–

(1) **कृषि हेतु जमीन का प्रयोग :** मुख्य रूप से खेती जमीन का प्रयोग कृषि कार्य के लिए किया जाता है। कृषक की अपनी भूमि पर भी प्रतिबन्धित होगा यदि वह ऐसी फसल को बोता हो या उसे उत्पादन करता है जो समाज के हित के लिये नुकसानदायक हो, या जिसे सरकार द्वारा प्रतिबन्धित किया गया हो जैसे अफीम, सुलपा, चरस आदि। तब वह दण्ड का भागी होगा। ''बीज डालकर फसल पैदा करना मात्र कृषि नहीं है'' किन्तु खेती जमीन का मुख्य उद्देश्य कृषि करना है।

2– बागवानी :

(1) बागवानी का आशय उस भूखण्ड से है, जिसमें वृक्षारोपण इस प्रकार किया गया है, जिससे कुछ समय अथवा पेड़ों के बड़ा होने पर उसका प्रयोग किसी अन्य कार्य के लिये न किया जा सके। इस प्रकार भूमि पर लगाये गये पेड़ बाग कहलाते हैं, जिन पेड़ों का प्रयोग इमारती लकड़ी आदि के लिये किया जाता है।

(2) दूसरे अर्थ में बाग भूमि वह भूखण्ड है जिस पर जोतदार विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाता है, जिसमें फलदार वृक्ष, फल, साग–सब्जी, आदि पैदा करता है इस तरह से खेती भूमि का प्रयोग बागवानी के लिये भी किया जाता है।

3— पशुपालन :

खेती भूमि का प्रयोग पशुपालन के लिये भी किया जाता है चाहे वह भूमि कृषि योग्य हो या बंजर। पशुपालन में मात्र गाय, भैंस या सूअर ही नहीं बल्कि मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, खरगोश आदि सभी सम्मिलित होंगे। इसमें वह भूमि भी सम्मिलित होगी जो चारागाह, निजी जंगल भी हैं, जिन पर कोई भी भू–स्वामी अपना वैध अधिकारी रखता हो।

4— इमारत के लिए :

कोई भी भू–स्वामी अपनी भूमि का प्रयोग इमारत के लिए कर सकता है भले ही वह उस भूमि पर कृषि करता हो। आज हर व्यक्ति भवन बनाकर उस पर विभिन्न उद्योग या व्यवसाय प्रारम्भ कर अपनी आजीविका करता है, किसी भी भवन स्वामी को भवन निर्माण के लिए वैध भूमि की आवश्यकता होती है, और किसी तरह पहले वह उक्त भूमि का स्वामित्व प्राप्त करेगा, तत्पश्चात उसका प्रयोग खेती जमीन पर भवन/इमारत का निर्माण करके उसे किराये पर उठाकर, स्वयं उसका प्रयोग किसी व्यवसाय के लिए करके या किसी उद्योग धन्धे को लगाकर, इसका उक्त रूप से प्रयोग कर सकता है।

5— खान के लिए :

भूमि के भीतरी भाग से खुदाई करके कोयला, लोहा, अभ्रक तथा अन्य खनिजों जिस क्षेत्र या भूखण्ड से निकाली जाती हैं व खान में जो महत्वपूर्ण सम्पादन लिया होती है, वह जमीन के भीतरी हिस्से में की जाती है। खान से तात्पर्य ऐसी खोज और खुदाइयों से है जिसमें खनिज पदार्थो की प्राप्ति का कार्य किया जाता है, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 3 (17) खान को परिभाषित करती है। लेकिन जिस भूमि में खान हो उसका स्वामित्व सरकार का होता है और जोतदार की हैसियत मात्र लेसी की होती है।

(2) खेती जमीन का मालिकाना कैसे मिलता है ? (धारा 171 से 175)

(क) उत्तराधिकारी से :—

विधान मण्डल ने उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम द्वारा भूमि विधि के क्षेत्र से धर्म को हटाकर बहुत प्रशंसनीय कार्य किया है। जोतदार की मृत्यु पर उसकी भौमिक सम्पदा धारा 171 से 175 में वर्णित उत्तराधिकारियों को जाती है, न कि उसकी वैयक्तिक विधि के उत्तराधिकारियों को। इस प्रकार इस अधिनियम में जमींदारी के साथ–साथ वैयक्तिक विधि का भी उन्मूलन किया गया। भूमि विधि से धर्म तो हट गया किन्तु लिंग भेद बना रहा, तदानुसार यदि कोई जोतदार मरता है, तो उसी भूमि का उत्तराधिकार धारा 171 के प्राविधानों के अनुसार होगा। कोई स्त्री जोतदार मरती है तो उसकी भूमि का न्यायगमन धारा 172 के प्रावधानों के अनुसार होगा। दिनांक 19–9–1997 से भूमिधर के मरने पर यदि उसकी पत्नी जीवित है तो पुत्रों के साथ उसको भी हक मिलेगा लेकिन धारा 174 में वर्णित उत्तराधिकारियों को छोड़कर स्त्री का अधिकार सीमित ही है।

भूस्वामी की मृत्यु होने पर उत्तराधिकारी का नाम दाखिल करने की प्रक्रिया :—

विवादरहित होने की दशा में :—जब किसी भूस्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसका वारिस उसकी मृत्यु की सूचना संबंधित क्षेत्र के पटवारी/लेखपाल को देगा और पटवारी उस तथ्य की सत्यता की संक्षिप्त जांच के उपरान्त अपने विभागीय प्रपत्र (प.क.11) भरकर विवाद रहित होने की दशा में सुपरवाइजर कानूनगो को देगा और उसके आदेश पर मृतक की संपत्ति से मृतक का नाम काटकर उसके वारिस का नाम दर्ज कर देगा।

विवादित होने की दशा में :— यदि पटवारी अथवा लेखपाल या सुपरवाइजर कानूनगो को इस बात की जानकारी होती है कि उक्त मामला विवादग्रस्त है तो वह उस मामले को तहसीलदार को भेज देगा और तहसीलदार मामले से संबंधित उभयपक्षों को सुनने के पश्चात् अपना निर्णय देगा और यदि कोई पक्ष तहसीलदार के निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है तो वह उसकी अपील असिस्टेंट कलेक्टर के न्यायालय में तथा इसके विरूद्व कमिश्नर के न्यायालय में कर सकेगा।

(ख) खेती की जमीन के क्रय करने पर मालिकाना :

(धारा 8/54) – खेती जमीन को संक्राम्य अधिकार वाले भूमिधर अधिनियम में बनाये गये नियमों के अनुसार अन्य को सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 54 के अनुसार विक्रय कर सकता है। विक्रय की परिभाषा ''विक्रय ऐसी कीमत के बदले में स्वामित्व का अन्तरण है जो दी जा चुकी हो या

दिये जाने का वचन दिया गया हो या जिसका कोई भाग दे दिया गया हो और अन्य भाग को देने का वचन दिया हो।'' विक्रय या किसी भूमि पर क्रय द्वारा स्वामित्व प्राप्त करने के लिए या स्थावर सम्पत्ति की दशा में या किसी उत्तरभोग या अमूर्त की दशा में अन्तरण केवल रजिस्ट्रीकृत लिखित द्वारा किया जा सकता है। जब एक विक्रय विलेख होता है तो सम्पत्ति अन्तरण की धारा 8 सपठित 54 की शर्तो के अधीन साधारण तौर पर विक्रेता का हक अन्य तथ्य के बारे में विचार किये बिना ही विक्रय विलेख की रजिस्ट्रीकरण के क्रेता के पास चला जाता है, इस प्रकार विक्रय रजिस्ट्रीकृत हो जाने के पश्चात् स्वामित्व क्रेता को प्राप्त होगा। किन्तु किसी भी खेती जमीन का विक्रय वैध नहीं होगा, यदि अधिनियम में प्रतिबन्धित भू– भाग का विक्रय किया गया हो या अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्ति द्वारा अपनी अन्य जाति के व्यक्तियों को बेची गयी हो। अनुसूचित जाति का व्यक्ति अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार ही भूमि का विक्रय कर सकेगा। लेकिन विशेष परिस्थितियों में जिलाधिकारी को प्रार्थना–पत्र देने पर जिला अधिकारी उस प्रार्थना–पत्र की सत्यता की जांच संबंधित क्षेत्र के परगना अधिकारी से करायेगा और परगना अधिकारी अपनी जांच आख्या देने में इस बात का पता करेगा कि क्या अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्ति के द्वारा विक्रय की जा रही भूमि को क्रय करने के लिए उसी ग्राम तहसील जिला आदि का व्यक्ति जो कि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का क्रय करने के लिए उपलब्ध है या नहीं। यदि उसी अनुसूचित जाति/जनजाति का व्यक्ति क्रय करने को तैयार है तो ऐसे में भी किसी दूसरी जाति के व्यक्ति उक्त भूमि बेचने की अनुमति नहीं दी जायेगी। लेकिन जिलाधिकारी ऐसी अनुमति तभी देगा जब उसके पास 62.5 नाली भूमि हो।

(ग) खेती जमीन को पट्टे पर प्राप्त करना :

सरकार किसी भी व्यक्ति को भूमि किसी भी प्रयोजन हेतु या कृषि प्रयोजन हेतु पट्टे पर दे सकती है किन्तु इस पर प्रतिबन्ध यह है कि उस व्यक्ति के पास कुल भूमि जो पट्टे पर दी जा रही हो, उसको जोड़कर 12 एकड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(घ) खेती जमीन की मालिकाना वसीयत द्वारा :

धारा 169 व ज0वि0 एवं भू0व्य0अधि0 एवं लॉ आफ विल्स :– अधिनियम 1950 में जोत न्यायगम के दो ढंग बताये गये हैं।

(1) वसीयत द्वारा धारा 169 व 170

(2) र्विसीयत उत्तराधिकार द्वारा धारा 171–175

पहले प्रकार के उत्तराधिकार को वसीयत उत्तराधिकार और दूसरे प्रकार को निर्वसीयत उत्तराधिकार कहते हैं,

वसीयत भी अनु0 जाति अथवा अनु0 जनजाति का व्यक्ति अनु0 जाति/ अनु0 जनजाति के व्यक्ति को ही करेगा, अन्य जाति के व्यक्तियों को नहीं करेगा।

(1) 2 (क) में की गयी व्यवस्था को छोड़कर कोई भी संक्रामक अधिकारों वाला भूमिधर अपने खाते में या किसी भाग की वसीयत कर सकता है। 2(क) में अनु0जाति/अनु0 जनजाति के संक्रामक अधिकार वाले भूमिधर के सम्बन्ध में वसीयत करने के विषय में धारा 157 क, तथा 157 ख के निर्देश लागू होंगे जैसे कि उनके जीवन काल में लागू होते हैं।

(3) उपधारा (1) के निर्देशों के अधीन की जाने वाली प्रत्येक वसीयत किसी विधि आचार या व्यावहकृत प्रथा में किसी बात के रहते हुए भी लिखित और दो साक्षियों द्वारा साक्षीकृत होंगी। किसी भी असंक्राम्य अधिकारों वाले भूमिधर को या आसामी को अपने खाते या उसके भाग की वसीयत किसी वसीयतकर्ता की अपनी सम्पत्ति सम्बन्धी इरादे की विधिक घोषणा है, जिससे वह अपने मरणोपरान्त कार्यान्वित करना चाहता है। वसीयत का आशय किसी सम्पत्ति के ऐसे दान से है जो मरणोपरान्त प्रभावी हो इस अधिकार पर तीन प्रतिबन्ध हैं –

(1) कि बिना पूर्व कलेक्टर की आज्ञा के कोई अनु0 जाति का संलाम्य अधिकार वाला भूमिधर किसी गैर अनु0 जाति के पक्ष में वसीयत नहीं करेगा।

(2) कि अनु0 जाति का भूमिधर किसी गैर अनु0 जाति के पक्ष में वसीयत नहीं कर सकता।

(3) वसीयत लिखित होनी चाहिए साथ ही दो साक्ष्यों द्वारा साक्षीकृत होना चाहिए, अर्थात वसीयत द्वारा मरणोपरान्त वसीयतकर्ता की वसीयत की गई सम्पत्ति का अधिकार जिसके पक्ष में वसीयत की गई हो उसे चले जायेगा, वसीयतकर्ता अपने जीवनकाल में वसीयत सम्पदा का विक्रय, वक्शीस, बन्धक अथवा अन्तरण भी कर सकता है। इसके प्रति वसीयतकर्ता का स्वत्व समाप्त होकर अन्तरण के पश्चात् अन्य का हो जायेगा। वसीयतकर्ता मात्र अपनी सम्पत्ति

की वसीयत कर सकता है। यह बात अलग है कि अपनी सम्पत्ति के साथ अन्य की सम्पत्ति अथवा वह सम्पत्ति जिसमें उसका स्वामित्व न हो जैसे वह सम्पत्ति जो 12 वर्ष से अधिक समय तक दूसरे व्यक्ति के कब्जे में चली गयी हो और वसीयतकर्ता का स्वामित्व समाप्त हो गया हो, और ट्रांसफर विधि में बेदखल किया गया हो अर्थात सीमाबाधित हो गया हो। इन सभी सम्पत्तियों की वह वसीयत कर सकता है किन्तु वसीयतदार उसी सम्पत्ति को पाने का अधिकारी होगा जो उस समय वसीयतकर्ता के स्वामित्व में थी।

(ङ) दान द्वारा खेती जमीन की मालिकाना :

दान के विषय में सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 122 के अनुसार खेती जमीन का दान, द्वारा भी मालिकाना प्राप्त किया जाता है। दान किसी वर्तमान जगम या स्थावर सम्पत्ति का वह अन्तरण है जो एक व्यक्ति द्वारा, जो दाता कहलाता है, दूसरे व्यक्ति को, जो अदाता कहलाता है, स्वेच्छाया और प्रतिफल के बिना किया गया हो और अदाता की ओर से प्रतिगृहित किया गया हो, ऐसा प्रतिग्रहण दाता के जीवन काल में और अदाता की और जब तक वह देने के लिए सक्षम है करना होगा यदि प्रतिग्रहण से पूर्व अदाता मर जाता है तो दान शून्य हो जाता है। सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 123 एवं 129 मौखिक दान से संबंधित मामलों पर मुस्लिम विधि को अधिक्रान्त नहीं करती है। यह आवश्यक नहीं होता है कि इस प्रकार स0अ0अधि0 की धारा 123 एवं 129 द्वारा यथापेक्षित एक रजिस्ट्रीकृत लिखित होनी चाहिए। यदि लिखित में निष्पादन होता है और इसका निष्पादन दान करने के साथ समयकालीन होता है तो उस मामले में लिखित को रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 17 के अधीन यथापेक्षित अवश्य होना चाहिये, जिस दान में वर्तमान और भावी सम्पत्ति दोनों समाविष्ट हो वह भावी सम्पत्ति के विषय में शून्य है (धारा 124 स0अ0अ0)

(च) भूमि आबंटन द्वारा प्राप्त करना धारा 195 से 198 एवं धारा 122 :

भूमि प्रबन्ध समिति परगना अधिकारी/सहायक कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति लेकर किसी भूमि में, जो धारा 132 में वर्णित भूमि के अलावा हो, किसी व्यक्ति का दाखिला असंक्राम्य अधिकारी वाले भूमिधर के रूप में कर सकती है। यदि ऐसी भूमि 132 में वर्णित है तो आसामी के रूप में कर सकती है किन्तु यह अधिनियम द्वारा विनियमित होगी, किसी अनु0जनजाति के खेतिहर मजदूर को यह भूमि प्रदान की जाती है, परन्तु 3 एकड़ से अधिक भूमि आबंटित नहीं की जा सकेगी एवं अन्य व्यक्तियों को भी यह भूमि आबंटित की जा सकेगी किन्तु एक सीमा से अधिक किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जायेगी। इस श्रेणी में भूतपूर्व सैनिक के परिवार के सदस्य, जो सैनिक सेवाकाल के दौरान मर गया हो, विकलांग सैनिक, हरिजन खेतिहर मजदूर एवं अन्य व्यक्ति जो धारा 195 के अधीन आता हो, ऐसे आबंटन सूची में ऐसे व्यक्तियों के नाम धारा 198 में निर्मारित तारतम्य में रखे जायेंगे तथा धारा 195 या 197 में निर्दिष्ट कोई भूमि किसी व्यक्ति को चाहे, वह असंक्राम्य अधिकार वाला हो या आसामी आबंटित की जायेगी, तथा यदि कोई व्यक्ति राज्य सरकार द्वारा आबंटित भूमि पर इस अधिनियम का उल्लंघन कर इस भूमि पर काबिज हो वहां सहायक कलेक्टर आबंटी या पट्टेदार के आवेदन पर भूमिधर को कब्जा दिलायेगा और स्वप्रेरणा से ऐसा कब्जा दिया जा सकता है। धारा 122 के अर्न्तगत आवास स्थल के लिए भूमि का आबंटन किया जा सकता है जिस तरह मारा 198 कृषि हेतु भूमि के आबंटन का प्रावधान करती है उसी प्रकार धारा 122 के प्रावधान भी लागू होंगे। यहां पर यह भी लिखना युक्तिसंगत होगा कि कुमाऊ एवं गढ़वाल में ग्राम सभाओं में भूमि धारा 117 में निहित नहीं है।

(छ) चिरकाल से गैरकानूनी काबिज होने पर :

शासन द्वारा 16 फरवरी 1981 को इस संबंध में शासनादेश सं0–150/27/76 (806) –राजस्व–6 दिनांक 16 फरवरी 1981 के द्वारा यह आदेश जारी किया कि जिस व्यक्ति का राज्य की भूमि पर वर्ष 1975 से या इससे पूर्व का कब्जा निर्विवादित रूप से चला आ रहा हो उस भूमि से उसे बेदखल नहीं किया जायेगा बल्कि उसे मुक्त भूमि का पट्टा जारी किया जायेगा। इस प्रकार गैरकानूनी रूप से काबिज व्यक्ति को भूमि पर अधिकार प्राप्त होता है।

खेती जमीन का मुख्य दस्तावेज :

खेती जमीन के मुख्य दस्तावेजों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

(क) अधिकार अभिलेख :

प्रत्येक गॉव के लिए यह एक अधिकारों का अभिलेख होता है। यह धारा 234 के अर्न्तगत निर्मित नियमों द्वारा निर्धारित अपवादों के अधीन होता है, अधिकार अभिलेख एक ऐसा रजिस्टर होता है जो धारा 32 में वर्णित है, भू–राजस्व अधिनियम की धारा 53 के अर्न्तगत अभिलेख अधिकारी द्वारा

तैयार किया जाता है, उपर्युक्त का संशोधन बंदोबस्त अवधि के समय लेखपाल द्वारा तैयार किया जाता है, धारा 33 के अन्तर्गत वार्षिक रजिस्टर होता है।

(ख) गॉव रजिस्टर :

यह रजिस्टर धारा 31 के अन्तर्गत कलेक्टर द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में तैयार कराया जाता है जिसमें (1) नयी प्रक्रिया से प्रभावित क्षेत्र (2) एहतमाली खेती वाले क्षेत्र और (3) जिसकी माल गुजारी पूर्णतः या अंशतः समाप्त कर दी गयी हो वाले क्षेत्र में दर्ज होते हैं।

खेती जमीन के मुख्य दस्तावेज जो लेखपाल द्वारा तैयार किये जाते हैं :

लैण्ड रिकार्डस मैनुअल की धारा 25 के अनुसार 22 विलें हैं, में महत्वपूर्ण अभिलेख।

(1) नक्शा

(2) खसरा

(3) सीमा द्योतक चिन्हों की सूची

(4) खतौनी

(5) दिनचर्या वही

(6) आज्ञापुस्तक

(7) खेवट

(8) किसानबही

1— **नक्शा** : प्रत्येक गॉव का एक नक्शा होता है, इस नक्शे पर गॉव की चौहद्दी दर्ज रहती है, गॉव के साथ–साथ प्रत्येक खेत की चौहद्दी का पता इससे लगता है, नक्शा मोमी कागज, कपड़ा लगे कागज या ऑचल क्लाथ पर बनाया जाता है लेखपाल प्रत्येक गॉव के प्रत्येक खेत में खुद जाकर तीन बार निरीक्षण करेगा। लेखपाल के इस दौरे को राजस्व भाषा में पड़ताल कहते है। पहली खरीफ पड़ताल, दूसरी रवि पड़ताल और तीसरी जायद पड़ताल कहते हैं। प्रत्येक पड़ताल पर लेखपाल नक्शे का मिलान खेत से करेगा, सभी परिवर्तन लाल स्याही से दर्शित होंगे। भूमि का यह महत्वपूर्ण अभिलेख है यदि इसमें भूल या गलती हुई तो सभी अभिलेखों में गलती होगी लेकिन पड़ताल बंद कर दी गई है।

2— **खसरा :** खसरे में नक्शे में दिये गये खेतों का विस्तारपूर्वक विवरण होता है, यह प्रत्येक वर्ष तैयार किया जाता है, इसमें 22 खानें होते हैं कृषि आंकड़े एवं खतौनी के लिए जितनी तथ्यों की आवश्यकता पड़ती है वे सब लेखपाल द्वारा खसरे में लिखित होती है इस रजिस्टर में निम्न सूचनायें अंकित होती हैं।

(1) भूखण्ड का नम्बर (2) भूखण्ड (खेतों का रकबा) (3) जोतदार का नाम आदि।

3— **सीमा द्योतक चिन्हों की सूची :** इस अभिलेख से सीमा और बन्दोबस्त चिन्हों का विवरण होता है, यह कागजात किसी विवादग्रस्त भूमि या सीमा–विवाद को निपटाने में पर्याप्त मदद करता है यह अभिलेख खसरे के साथ ही नत्थी रहता है।

4— **खतौनी :**

यह शब्द उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम में कहीं भी अंकित नहीं है, किन्तु अधिनियम की धारा 33 में वर्णित वार्षिक रजिस्टर ही खतौनी के नाम से जाना जाता है।

इसमें केवल 13 खाने होते हैं, जोतदार का पूर्ण विवरण कब्जे की अवधि, मालगुजारी का विवरण विशेषतया होता है आम कागजात में नहीं। जब कभी भूमि के कब्जे में परिवर्तन हो जाये, तो इस रजिस्टर में दाखिल खारिज प्रक्रिया से कब्जे के अनुसार कलेक्टर या जैसा यहॉ विदित हो तहसीलदार या कानूनगो के बिना कोई परिवर्तन के व्यवहार इसमें उल्लिखित नहीं किया जायेगा, किन्तु लैण्ड रिकार्डस मैनुअल के पैरा क–153 के अन्तर्गत लेखपाल अपने आप दो मामलों में परिवर्तन कर सकता है। (1) खेतों का **विवरण/विभाजन** के सम्बन्ध में (2) अवयस्क के मामलों में अभिभावक का नाम एवं अवयस्क की उम्र खाना दो में जब वह 18 वर्ष से कम है।

5— **दिनचर्या बही :** इसमें लेखपाल के प्रतिदिन के कार्यो/कर्तव्यों का वर्णन होता है, इसमें 60 पृष्ठ होंगे। एक वर्ष के लिए यह डायरी होगी, जो एक अगस्त से 31 जुलाई तक के लिए होगी। रजिस्टर कानूनगो के यहॉ जमा कर दिया जायेगा, पैरा 49 की घटनायें लिखी जानी आवश्यक होगी।

6— आज्ञा पुस्तक : यह एक पुस्तिका है जिसे लेखपाल सदैव अपने पास रखेगा, जिसमें कानूनगो द्वारा दिये गये सभी आदेशों एवं कार्य करने के संबंध में हिदायत लिखी होंगी।

7— खेवट : खेवट जमींदारी प्रथा के समय रखा जाता था किन्तु 1950 के पश्चात इसे बन्द कर दिया गया है, जब कोई जमींदार मर जाता था या सम्पत्ति का अन्तरण कर देता था तो दाखिल खारिज की प्रक्रिया उसी प्रकार होती थी जैसा अब खतौनी से की जाती है।

8— किसानबही : किसानबही पटवारी/लेखपाल द्वारा तैयार की गई वह दस्तावेजी पुस्तक है जो कि किसान के पास रहती है और वह तैयार कर्ताओं द्वारा मात्र 10 रू0 शुल्क दिये जाने पर किसान को उपलब्ध की जाती है। किसानबही पर किसान की खेती, उसका प्रकार, मात्रा व हक संबंधी विवरण होता है जिससे कि किसान अपनी भूमि की जानकारी रखता है। इस पुस्तक में उसके भूमि के खण्डों का नम्बर भी अंकित होता है जिससे कि किसान अपनी भूमि की पहचान करता है।

खेती जमीन में खसरा और खतौनी का महत्व

किसी भी भू–स्वामी को जिसे अपनी भूमि का अधिकार प्राप्त है, यदि उसे स्वामित्व साबित करना है वह चाहे सरकार के समक्ष हो या किसी अन्य के समक्ष इसमें खसरा तथा खतौनी का विशेष महत्व होता है, जो निम्न प्रकार से है –

1— खसरे का महत्व :

खसरे में भूमिधर की भूमि का पूर्ण विवरण होता है, कृषि आंकड़े एवं खतौनी के लिए जितने तथ्यों की आवश्यकता होती है वे सभी खसरे से प्राप्त की जाती है, भले ही खसरा स्वयं अधिकार अभिलेख नहीं है किन्तु अधिकार अभिलेख की आधारशिला है और समस्त कृषि सम्बन्धी आंकड़ों का श्रोत है, इसमें कृषि सम्बन्धी सभी तथ्य दर्ज होते हैं, लैण्ड रिकार्डस मैनुअल का पैरा क–55 खसरा और चित्र अनुरक्षित करने के लिए लेखपाल के कुछ कर्तव्यों को नियमित करता है। भले ही आज इसका अनुपालन नाममात्र का या नहीं होता हो, खसरे से किस खेत में किसका कब्जा है उनकी मेड़ों में हुए परिवर्तन का ज्ञान होता है, इस प्रकार खेती से सम्बन्धित समस्त जानकारी खसरे से ज्ञात होती जाती है।

2— खतौनी का महत्व :

खतौनी में जोतदारों का पूर्ण वर्णन होता है, कि वे किस हैसियत से भूमि को धारण किये हैं, दाखिल खारिज में स्वामित्व प्राप्ति का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, पुरानी खतौनी से नई खतौनी तैयार की जाती है, परिवर्तन लाल स्याही से अंकित होगा जिससे ज्ञात रहे कि यह परिवर्तन हो चुका है यदि जोतदार कोई स्त्री है और उसे भूमि उत्तराधिकार से प्राप्त है तो स्त्री जोतदार के पश्चात उत्तराधिकारी का नाम लिखा होगा, इससे खेतों का विभाजन एवं एकत्रीकरण का विवरण अंकित होता है। अवयस्क का विवरण मिल जाता है, और सबसे महत्व न्यायालय की सन्तुष्टि खतौनी से की जाती है कि जोतदार उक्त भूमि का स्वामी है। ज0उ0 एवं भू0वय0अमि0 213–226 तक।

खेती जमीन पर लगान अदायगी

जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 के लागू होने तथा जमींदारी प्रथा समाप्त होने के पश्चात जोतदार का सरकार से सीधा सम्बन्ध स्थापित हुआ, अधिनियम का अध्याय 10 भू–राजस्व का निर्धारण तथा उसकी वसूली सम्बन्धी नियम बनाता है, अधिनियम के प्रभाव में आने से पूर्व भू–राजस्व निर्धारण तथा वसूली उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम 1901 के द्वारा प्रकासित होती थी, 1950 के अधिनियम के अनुसार उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम के अध्याय 5–8 तक धारा 58–188 तक तथा बीच की भी कुछ धारायें निरस्त की गयी, इस प्रकार भू–राजस्व का निर्धारण एवं वसूली उ0प्र0 ज0उ0 एवं भू0 सुधार अधि0 1950 की धारा 241–294 के अनुसार प्रकासित होती है।

मालगुजारी एक टैक्स है जो भूमि पर उसकी उपज पर लगाया जाता है और यह कर सरकार को इसलिए देय है कि वह सब भूमि का अधिपति है, उपज के बदले यह मालगुजारी नगदी में निर्धारित की गयी है, यह मालगुजारी लगभग दो शताब्दियों तक अपरिवर्तित रही, जमींदार जो भूमिकर जोतदारों से वसूल करते हैं उसको लगान कहा गया और सरकार को देय था वह मालगुजारी होती है, इस तरह देयकर दो भागों में बॉटा गया लगान और मालगुजारी।

लगान और भूराजस्व : लगान तथा भू–राजस्व सिद्वान्त एक ही है, क्योंकि दोनों ही कब्जे के कारण देय होती है, किन्तु व्यवहार में दोनों में निम्न अन्तर है।

(1) भू–राजस्व सरकार द्वारा लगाया गया कर है, जो किसी अधिनियम में बनाये गये नियमानुसार लगाया जाता है।

(2) किन्तु लगान संविदानुसार लगाया जाता है भूमिधर सरकार को भू–राजस्व देते हैं जबकि आसामी अपने असल काश्तकार को या गॉव सभा को लगान देता है।

(3) लगान संविदा की वस्तु है यह पक्षकारों के करार से परिवर्तित की जा सकती है भूराजस्व सरकार द्वारा।

भू–राजस्व देने का दायित्व (धारा 243) ''किसी जोत में सभी भूमिधर संयुक्त रूप से और पृथक रूप से तत्समय निर्धारित भू–राजस्व की अदायगी के लिये राज्य सरकार के प्रति जिम्मेदार होंगे'' भू–राजस्व का यह जिम्मेदारी न केवल भूमिधर पर है बल्कि उन सब पर है जो भूमिधर के स्वत्व को उत्तराधिकार, क्रय दान आदि से प्राप्त करते हैं ऐसे व्यक्ति देय भूराजस्व के बकाये के लिए जिम्मेवार होंगे।

धारा 241 : के अनुसार किसी जोत का निश्चित किया भू–राजस्व उस पर सर्वप्रथम वरीयत भार होगा उसे जोत की फसलों आदि जो पोत पर हो तथा उससे होने वाली आय चाहे वह लगान के रूप में हो अथवा सम्पत्ति के प्रयोग के लाभ, उस पर भू–राजस्व वसूल किया जा सकता है।

भू–राजस्व की वसूली : भू–राजस्व की वसूली का दायित्व राज्य सरकार पर है, राज्य सरकार जैसे उचित समझे वसूली का प्रबन्ध कर सकती है, जिले की भू–राजस्व वसूली का दायित्व जिला कलेक्टर पर है जिले की प्रत्येक तहसील का तहसीलदार अपनी तहसील की भू–राजस्व की वसूली की जिम्मेवार होता है, वसूली प्रत्येक तहसील में नियुक्ति अमीन द्वारा की जाती है, इन अमीनों का पर्यवेक्षण नायब तहसीलदार या तहसील द्वारा की जाती है, इन अमीनों का पर्यवेक्षण नायब तहसीलदार या तहसील द्वारा होती है, अमीन प्रत्येक भूमिधर के यहॉ जाकर भू–राजस्व की वसूली करेगा। प्राप्त रकम की वसूली के बदले रसीद देगा, जिस पर विस्तृत विवरण होगा, जोतदार अपना भू–राजस्व तहसील में जाकर भी जमा कर सकता है। वसूली जमाबन्दी रजिस्टर में दर्ज होगी, बकाया भू–राजस्व की वसूली धारा 279 के अधीन होगी। इसमें वसूली के सात तरीके हैं मॉग–पत्र, गिरफ्तारी, कुर्की, विक्रय और रिसीवर की नियुक्ति आदि द्वारा की जा सकती है।

खेती जमीन के लिये कर्ज कैसे प्राप्त होता है

किसी भी जोतदार को या भूमिधर को अपनी जोत या भूमि को विकसित करने के लिये यदि पर्याप्त धन उपलब्ध न हो तो वह उसके विकास के लिये विभिन्न तरीके से कर्ज ले सकता है जैसे :–

1– बैंक द्वारा : भूमिधर को सर्वप्रथम ऋण लेने की सरकार की व्यवस्था बैंक द्वारा की गई भूमिधर बैंक से सीधा कर्ज प्राप्त कर सकता है इसके लिए भूमिधर को बैंक में आवेदन करना पड़ता है, जिसके लिए भूमिधर को अपने भूस्वामित्व का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा और यह पटवारी द्वारा दिया जाता है। यदि कोई भूमिधर पेंशनर है उसे अपनी आय/पेंशन का प्रमाण–पत्र बैंक में जमा करना होगा, बैंक द्वारा तत्सम्बन्धी सभी कागजातों का निरिक्षण करने व सन्तुष्टि के पश्चात बैंक एक निश्चित सीमा तक ही ऋण देगा या फिर भूमिधर की हैसियत के अनुसार ऋण प्रदान करेगा, जिस पर बैंक एक निश्चित दर पर ब्याज लेगा और बैंक को ऋण वापसी की अदायगी किस्तों में करनी होगी, जिस तरह किस्तें जमा की जायेगी उसी तरह ऋण पर ब्याज भी घटता रहेगा। कभी–कभी भूमि ऋण अधिक मात्रा में लेना होता है तो इसके लिए दो जमानती आवश्यक हैं, उन्हे अपनी सम्पदा का पूर्व विवरण बैंक को देना होता है जिससे ऋण मूल, कर्जदार द्वारा न दिया गया तो जमानती उसके जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हैं, बैंक यह शर्ते उसी समय तय कर देता है जब ऋण दिया जाना होता है बैंकों में इसके लिए भूमि विकास बैंक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

2– अन्य रूप में : आज भी भूमि बंधक रखकर या किराये पर देकर ऋण प्राप्त किया जाता है किसी भूमि को निश्चित समय के लिए बंधक रखा जा सकता है जिस पर बंधककर्त्ता ऋण प्राप्त करता है। सम्पत्ति अन्तरण की धारा 58 द्वारा बन्मक को परिभाषित किया गया है, बन्ध विनिर्दिष्ट स्थावर सम्पत्ति में से किसी हित का वह अन्तरण है जो उधार के तौर पर दिये गये या दिये जाने वाले धन के संदाय को या वर्तमान या बाकी ऋण के संदाय को या ऐसे वचन बंध का पालन जिससे धन सम्बन्मी दायित्व पैदा होता है प्रतिभूति करने के प्रयोजन से किया जाता है।

यह ऋण लेने की पौराणिक प्रथा है इसमें बंधक विलेख तैयार किया जाता है जिसमें किसी सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण (धन के रूप में) प्राप्त किया जाता है। जिसकी निश्चित शर्ते होती हैं और उन शर्तो में समयावधि महत्वपूर्ण स्थान रखती है जिसे बैंक के ऋण को लौटाने हेतु बैंक उसकी चल व अचल सम्पत्ति की कुर्की करके अपने धन को वसूल कर सकता है किन्तु बन्धक में ऐसा नहीं होता है, उसमें उसी स्थावर सम्पत्ति की कुर्की या विक्रय किया जा सकता है जो बंधक रखी गयी हो।

खेती जमीन को कब बेचा जा सकता है

भूमि का विक्रय स्वामित्व का स्वतंत्र अधिकार है भूमि के विक्रय के सम्बन्म में सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 54 परिभाषित करती है ''विक्रय ऐसी कीमत के बदले स्वामित्व का अन्तरण है'' किन्तु भूमि को कब बेचा जा सकता है इस सम्बन्ध में कोई उपबन्ध स्पष्ट नहीं है। भूमि/सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम एवं ज0वि0 एवं भू0व्य0अधि0 द्वारा भूमि के विक्रय के सम्बन्ध में प्रतिबन्धों का विस्तृत विवरण दिया गया है। किसी भूमि का विक्रय सामाजिक परिस्थिति एवं व्यक्ति की आवश्यकता के अनुसार किया जाता है। कुछ अपवादों को छोड़कर भूमि का विक्रय आवश्यकता की पूर्ति के लिये किया जाना सम्भावित है। भूमि का विक्रय निम्न रूप में किया जा सकता है :-

1– **न्यायालय के आदेश पर :** जब किसी भूमिधर के विरूद्व डिक्री पारित की जाय तो उसके लिये यह आवश्यक होगा कि उक्त डिक्री के निष्पादन हेतु भूमि का विक्रय करेगा और प्राप्त धन की अदायगी उस भूमि के विक्रय से होगी यह विक्रय आवश्यक विक्रय है, इसके विरूद्व भूमिधर कोई भी बचाव नहीं ले सकता है और विक्रय आवश्यक होगा।

2– **धन की प्राप्ति हेतु :** जब किसी भू–स्वामी को धन की आवश्यकता हो तो स्वामित्व प्राप्त भूमिधर अपनी भूमि का विक्रय रके अपनी आवश्यकता की पूर्तिकर सकता है किन्तु किसी भी भू–स्वामी को विक्रय अधिनियम के अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अधीन करना होता है।

3– **भवन निर्माण हेतु :** भवन निर्माण हेतु भूमि का विक्रय आवश्यक नहीं है किन्तु यह सामाजिक तौर पर किया जाने वाला विक्रय होगा, जो व्यक्ति (क्रेता) की आवश्यकता की पूर्ति के लिए किया जाता है किन्तु विक्रय भू–स्वामी की इच्छा पर निर्भर करता है, और यह विक्रय एक संविदा के अर्न्तगत होता है, जहां किसी व्यक्ति को भवन की आवश्यकता हो और भूमि प्राप्त न हो तो वह विक्रेता से भूमि का क्रय कर सकता है।

4– **ऋण की अदायगी के लिए :** ऋण की अदायगी के लिए किया गया विक्रय विधिक विक्रय होगा यह चाहे किसी भी रूप में किया जाये किन्तु विक्रय द्वारा प्राप्त धन से भू–स्वामी ऋण की अदायगी कर सकता है। इसमें बंधक, कुर्की आदि सम्मिलित है, भूमि ऋण किसी वित्तीय संस्था का हो तो विक्रय विधिक रूप में किया जा सकता है और यदि ऋण अन्यथा हो तो भू–स्वामी ऋण के स्थान पर भूमि का विक्रय ऋणदाता को कर सकेगा।

5– **सामाजिक संस्था की स्थापना के लिए :** जहां किसी सामाजिक संस्था की स्थापना की जा रही हो वहां भूस्वामी चाहे तो अपनी भूमि का विक्रय कर सकता है, जैसे स्कूल, अस्पताल आदि के लिए किया गया हो।

6– **उद्योग धन्धों के प्रयोजनार्थ :** जहां किसी उद्योग धन्धे की स्थापना की जा रही हो और भूमि की आवश्यकता हो तो भूमिधर अपनी भूमि को उक्त आवश्यकता की पूर्ति के लिए बेच सकता है, और भूमि के स्वामी को इसके लिए प्रतिफल के रूप में धन की अदायगी आवश्यक नहीं होगी वह चाहे तो उक्त भूमि के बदले में उद्योग में अपना अंश स्वामित्व के रूप में भी ले सकता है किन्तु यह एक करार के अन्तर्गत होगा।

अन्ततः भूमि का विक्रय भू–स्वामी पर निर्भर रहता है कि वह कब और क्यों अपनी भूमि का विक्रय करेगा। किसी भी भू–स्वामी को भूमि के विक्रय करने पर जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम के प्रतिबन्ध लागू रहेंगे।

धारा 174 के अनुसार उत्तराधिकार का क्रम :

पुत्र–पति–पुत्री–नवासार पुत्री का पुत्र–पिता–माता–भाई–भतीजा–(भाई का पुत्र) बहन–बहन का पुत्र।

खेती जमीन की वसीयत की जा सकती है :

किसी भी सम्पदा की वसीयत करने से पहले यह जानना होगा कि वसीयत है क्या वसीयत का आशय है (वसीयत किसी वसीयतकर्ता की अपनी सम्पत्ति के इरादे की विधिक घोषणा है जिसे वह अपनी मृत्यु के पश्चात कार्यान्वित करना चाहता है याने वसीयत किसी भी किस्म की सम्पत्ति का व्ययन करने का ढंग है) याने वसीयत का आशय सम्पत्ति के ऐसे परिदान से है जो मरणोपरान्त प्रभावी हो मानो एक व्यक्ति मरणोपरान्त अमुख व्यक्ति को सम्पत्ति दे दी जाये।

वसीयत कौन कर सकता है :

खेती जमीन का स्वामी अपनी सम्पत्ति व खेती जमीन की वसीयत कर सकता है उसे संक्रमणी अधिकारी वाला भूमिधर होना चाहिए याने जब किसी व्यक्ति को भूमि का सक्रमणीय अधिकार होगा तभी वह वसीयत कर सकता है।

कोई व्यक्ति कितनी भी वसीयत लिख सकता है किन्तु अन्तिम वसीयत ही प्रभावी होगी। अनु0जाति, अनु0 जनजाति का व्यक्ति अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति से भिन्न जाति के व्यक्ति को वसीयत नहीं कर पायेगा। वह अपनी जाति के व्यक्ति को वसीयत कर पायेगा। वसीयत किये जाने में किसी विशेष कानूनी प्रक्रिया का अपनाया जाना आवश्यक नहीं है, यह पंजीकृत अथवा साधारण दोनों प्रकार की हो सकती है कि किन्तु इसमें कम से कम दो गवाहों का होना आवश्यक है।

वसीयत करने का हक :

किसी भी सम्पत्ति का मालिक अपनी सम्पत्ति की वसीयत कर सकता है इसमें प्रतिबंध यह है कि वसीयत वसीयतकर्ता द्वारा स्वेच्छा से लिखी जानी चाहिए। वह स्वच्छ चित्त होना चाहिए (याने उसके द्वारा वसीयत दबाव या पागलपन में न लिखा होना चाहिए)

वसीयत करने का ढंग :

धारा 169 की उपधारा (3) स्पष्ट शब्दों में वर्णन करती है कि ''वसीयत लिखित होनी चाहिए और दो व्यक्तियों द्वारा साक्षीकृत होनी चाहिए। वसीयत का रजिस्ट्रीकृत होना आवश्यक है, वसीयत रजिस्ट्रीकृत होने से उसे साबित किये जाने में आसानी होती है।

प्रतिबन्ध :

1– यह कि कलेक्टर की आज्ञा बिना कोई अनु0जाति का भूमिधर किसी गैर अनु0जाति के पक्ष में वसीयत नहीं करेगा।

2– अनुसूचित आदिम जाति का संलाम्य अधिकार वाले भूमिधर गैर अनु0जाति आदिम वाले व्यक्तियों के पक्ष में भूमि की
वसीयत नहीं कर सकता।

3– वसीयत लिखित और दो साक्षियों के समक्ष साक्षीकृत होनी चाहिए।

वसीयत सम्पदा : वसीयत की जाने वाली सम्पदा चल या अचल दोनों प्रकार की हो सकती है। वसीयतकर्ता किसी भी सम्पत्ति की वसीयत कर सकता है, जैसे अपने नाम की वह सम्पत्ति, जो 12 वर्ष से अधिक समय तक दूसरे व्यक्ति के गासिवाना कब्जे में चली आ रही हो और वसीयतकर्ता का स्वामित्व ही समाप्त हो गया हो।

राजस्व न्यायालयों के अधिकार और कर्तव्य

उत्तर प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम 1901 अपने में एक महत्वपूर्ण संहिता है, भूमि विधि से सम्बन्धित वाद प्रार्थना–पत्र और मुकदमों में इसी विधि में दी गयी व्यवहार प्रक्रिया काम में लायी जाती है, न कि दीवानी प्रक्रिया संहिता की प्रक्रिया, भले ही दोनों अधिनियम अपने आप में पूर्ण संहिता है

परन्तु राजस्व अधिनियम दीवानी प्रक्रिया संहिता से भिन्न है, अतएव जब तक स्पष्टतया वर्णित न हो, राजस्व न्यायालय एवं राजस्व अधिकारी के सम्मुख दीवानी प्रक्रिया संहिता की प्रक्रियाएं लागू नहीं होंगी, यहॉ राजस्व न्यायालय एवं राजस्व अधिकारों का संक्षिप्त वर्णन किया जा रहा है।

राजस्व अधिकारी :

राजस्व विभाग के पूर्ण क्षेत्र में राजस्व बोर्ड के सदस्य मण्डलायुक्त, कलैक्टर, सहायक कलैक्टर तहसीलदार तथा सहायक तहसीलदार राजस्व अधिकारी की श्रेणी में रखे गये हैं। उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम 1901 की धारा 274 में प्राप्त शक्ति के अनुसार राज्य सरकार व राजस्व बोर्ड के नियमों में विस्तृत विवरण किया गया है। राजस्व अधिकारियों के लिए भूलेख नियमावली में नियम उपलब्ध हैं। इस प्रकार राजस्व अधिकारी अपने कार्य राजस्व नियमावली भूलेख नियमावली अथवा उ0प्र0 ज0वि0 एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 एवं उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम 1901 के अन्तर्गत हो तो उस समय वे राजस्व अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं, इस प्रकार सामान्य रूप में निम्न कार्य राजस्व अधिकार के हैं।

(1) अधीनस्थ अधिकारियों एवं विभाग द्वारा बनाये गये अभिलेखों का निरिक्षण।
(2) उ0प्र0 भू–राजस्व अधिनियम 1901 की धारा 190 के अनुसार भूमि का निरीक्षण।
(3) सम्पत्ति का परिमाप करना।
(4) लिपिकीय अशुद्दि को शुद्व करना।
(5) गॉव सभा तथा स्थानीय निकायों में निहित भूसम्पत्ति का निर्देशन करना।

राजस्व न्यायालयः

यद्यपि सामान्य रूप में विवादों का निर्णय देने का अधिकार सिविल न्यायालय का है, दोनों अधिनियमों 1950 एवंभू0रा0अ0 1901 में बहुत से मामलों के निपटारे और उसके विरूद्व अपील का प्रावधान राजस्व न्यायालय को दिया है। सिविल न्यायालय की प्रक्रिया काफी खर्चीली और अधिक समय लेती है, जबकि राजस्व न्यायालय की प्रक्रिया सरल और सुविधाजनक होती है। इसीलिए दोनों अधिनियम राजस्व के वादों में राजस्व न्यायालयों को एकांकी क्षेत्राधिकर प्रदान करती हैं।

1– **राजस्व न्यायालय लगाने का स्थान :** धारा 189 के अनुसार कमीश्नर अपनी कमीश्नरी में किसी भी स्थान पर न्यायालय लगा सकता है, यदि वह एक से अधिक कमीश्नरी के लिए नियुक्त है तो वह अपने किसी भी स्थान में न्यायालय लगा सकता है, और मामले की सुनवाई कर सकता है, अपने जिले, तहसील के अन्दर किसी भी स्थान में न्यायालय लगा सकते हैं, तहसीलदार का कर्तव्य होगा कि वह अपने जिले की उस तहसील के सिवाय (जहां नियुक्त हैं) अन्य तहसील पर न्यायालय नहीं लगा सकता है। जबकि सहायक कलेक्टर अपना न्यायालय जिले के किसी भी स्थान पर लगा सकता है, नायब तहसीलदार को तहसीलदार की कुछ शक्तियां दी गयी हैं परन्तु वह अपना न्यायालय अपनी तहसील के मुख्यालय पर ही लगायेगा, रेवन्यु बोर्ड अपने प्रदेश के किसी भी जिले में अपना न्यायालय लगा सकता है, धारा 189 राजस्व न्यायालय को शक्ति प्रदान करती है कि वह जब अपने दौरे पर न्यायालय लगा रहे हो तो सब उसका कर्तव्य होगा कि वह एक तरफा फैसला नहीं करना चाहिए। जब पक्षकार एवं गवाहों को खेमे में बुलाया जाये तो उस स्थान एवं दिनॉक का सम्मन में स्पष्टीकरण देना आवश्यक होगा।

2– **भूमि में प्रवेश और पैमाइश करने की शक्ति :** कलेक्टर, बन्दोबस्त अधिकारी तथा उसके अधीनस्थ अधिकारी भूमि में प्रवेश कर सकते हैं पैमाइश सीमा का निर्धारण और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अपने कर्तव्य के निर्वाह के सम्बन्धित प्रयोजनार्थ सभी आवश्यक कार्य कर सकते हैं।

3– **मुकदमों का अन्तरण :** रेवन्यू बोर्ड या कमिश्नर भू–राजस्व अधिनियम के अधीन अवमुक्त होने वाले किसी वांद या कार्यवाही को, जिसके अन्तर्गत विभाजन सम्बन्धी वाद भी सम्मिलित हैं किसी अधीनस्थ राजस्व न्यायालय या राजस्व अधिकारी से किसी अन्य न्यायालय अधिकारी को जो सक्षम हो अन्तरित कर सकता है, या वर्ग में श्रेष्ठ राजस्व न्यायालय अधीनस्थ उक्त वादों को ले सकता है और स्वयं निपटारा करा सकता है।

4– **मुकदमों का एकीकरण :** जहां एक से अधिक मुकदमों के लिए सारतः एक ही प्रश्न हो और उसी वाद हेतु पर आधारित हो और वे एक या अधिक न्यायालयों में विचारधीन हो तो किसी

पक्षकार द्वारा इस न्यायालय के ऊपर वाले किसी न्यायालय में प्रार्थना–पत्र दिये जाने पर एक न्यायालय में इकट्ठे कर दिये जायेंगे और वे केवल एक निर्णय द्वारा विनिश्चित किये जा सकते हैं। एकीकरण वाला प्रार्थना–पत्र ऊपर वाले न्यायालय में सीधे दिये जा सकते हैं मुकदमों को एकीकृत करने का उद्देश्य यह है कि न्यायालय का समय बचे और पक्षकारों को अधिक असुविधा न हो।

5– **साक्ष्य देने और कागजात पेश करने के लिये व्यक्तियों को बुलाने की शक्ति :** कोई न्यायालय कागजात पेश करने और साक्ष्य देने के लिऐ किसी व्यक्ति को बुला सकता है परन्तु जो व्यक्ति दीवानी प्रक्रिया संहिता की धारा 132 और 133 के अन्तर्गत दीवानी न्यायालय में हाजिर होने से मुक्त है वे यहॉ भी निजी हाजिरी से मुक्त रहेंगे। जहॉ ऐसा व्यक्ति जो साक्ष्य एवं कागजात पेश करने के लिये बुलाया गया हो और वह सम्मन का पालन न करे तो उसे गैर जमानती या जमानती आदेश से गिरफ्तार कर बुलाया जा सकता है तथा उसकी सम्पत्ति कुर्क की जा सकती है और उस पर जुर्माना भी किया जा सकता है।

एकतरफा डिक्री : (धारा 200–201) जब कभी कोई पक्षकार सम्मन में वर्णित तिथि पर उपस्थित नहीं होता है तो न्यायालय को अधिकार है कि वह मुकदमे को खारिज कर दें या एकतरफा फैसला दे दें। वादी के उपस्थित न होने में वाद खारिज किया जायेगा और प्रतिवादी के उपस्थित न होने पर वादी के पक्ष में डिक्री की जायेगी किन्तु जब न्यायालय खेमे में या दौरे पर हो तो ऐसा नहीं किया जा सकता है जब तक कि पक्षकारों को समय एवं स्थान पहले से सूचित न किया गया हो किन्तु ऐसे आदेश के विरूद्व प्रतिस्थापन हेतु प्रतिवादी को 15 दिन का समय दिया जाता है और यह समय आदेश के दिन से प्रारम्भ होगा।

आदेश में गलती या चूक को ठीक करने की शक्ति (धारा 202) :

गलती या चूक जो मुकदमें में किसी सारवान भाग को प्रभावित नहीं करती, ऐसे आदेश से 90 दिनों के अन्दर ठीक की जा सकती है इससे न्यायालय द्वारा अपने आप या प्रार्थना–पत्र दिये जाने पर ठीक किये जा सकते हैं।

पंच निर्णय के लिये विवादों को निर्देशित करने की शक्ति (धारा 203–207) :

तहसीलदार को छोड़कर प्रत्येक राजस्व न्यायालय को विवादों को पंच निर्णय को निर्देशित करने का अधिकार है पक्षकारों की सहमति से विवादों को पंच निर्णय के लिये ले सकते हैं। तहसीलदार जो द्वितीय श्रेणी के सहायक कलेक्टर होते हैं कोई भी विवाद पंच निर्णय को नहीं भेज सकते हैं यदि ऐसा होता है, तो यह प्रक्रिया शून्य मानी जायेगी। पंच निर्णय के लिये विवादों को निर्देशित करने की शक्ति केवल उन विवादों में है जो उ0प्र0 भू–राजस्व अधि0 1950 में उठते हैं राजस्व न्यायालय इस शक्ति का प्रयोग वाद की किसी अवस्था में यहां तक कि द्वितीय अपील में भी कर सकता है।

अपीलीय न्यायालय :

(1) अभिलेख अधिकारी
(2) कलेक्टर
(3) कमिश्नर

1– **अभिलेख अधिकारी :** सहायक अभिलेख अधिकारी के आदेश के खिलाफ अपील अभिलेख अधिकारी के यहॉ होगी, और अभिलेख अधिकारी के आदेश या फैसले के विरूद्व अपील नहीं होगी, केवल धारा 219 के अन्तर्गत रेवन्यू बोर्ड को पुनरीक्षण याचिका की जा सकती है।

2– **कलेक्टर :** सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी और सहायक कलेक्टर परगना अधिकारी के आदेश के विरूद्व अपील कमिश्नर के यहां होगी।

3– **कमिश्नर :** कलेक्टर सहायक द्वितीय श्रेणी या तहसीलदार के आदेश के विरूद्व अपील कलेक्टर के यहां होगी और फिर दूसरी अपील कमिश्नर के यहां होगी। धारा 224 के अन्तर्गत आदेश के विरूद्व तहसीलदार एवं सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी की शक्ति से दिये गये फैसले के विरूद्व अपील कमिश्नर के यहां की जाती है।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,

तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)

2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति

(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ

(ग) स्त्री या बालक

(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ

(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया
हुआ व्यक्ति।

(च) औद्योगिक कर्मकार

(छ) युद्ध में शहीद सैनिक आश्रित

(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।

4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?

5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें

(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि

(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि

(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि

(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊँगा/छुपाऊँगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी

पता –

नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1. सरल कानूनी ज्ञान माला–1 उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2. सरल कानूनी ज्ञान माला–2 पषुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3. सरल कानूनी ज्ञान माला–3 वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4. सरल कानूनी ज्ञान माला–4 उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
5. सरल कानूनी ज्ञान माला–5 सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एव उनके परिवार के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त विवरण।
6. सरल कानूनी ज्ञान माला–6 महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार
7. सरल कानूनी ज्ञान माला–7 वैष्यावृत्ति से महिलाओं की सुरक्षा संबंधी कानून
8. सरल कानूनी ज्ञान माला–8 भ्रश्टाचार निवारण विधि
9. सरल कानूनी ज्ञान माला–9 मध्यस्थम एवं सुलह विधि
10. सरल कानूनी ज्ञान माला–10 मोटर दुर्घटना प्रतिकर विधि
11. सरल कानूनी ज्ञान माला–11 मोटर वाहन दुर्घटना रोकने सम्बन्धी विधि एवं दण्ड के महत्वपूर्ण प्राविधान
12. सरल कानूनी ज्ञान माला–12 भरण–पोशण प्राप्त करने की विधि
13. सरल कानूनी ज्ञान माला–13 उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की विधि
14. सरल कानूनी ज्ञान माला–14 झगड़ो को रोकने सम्बन्धी विधि
15. सरल कानूनी ज्ञान माला–15 किषोर अपराध सम्बन्धी नई विधि एवं बालक श्रम निशेध विधि
16. सरल कानूनी ज्ञान माला–16 मानवाधिकार एवं विकलागों के अधिकारों सम्बन्धी विधि
17. सरल कानूनी ज्ञान माला–17 बालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और बालश्रम निवारण में हमारा कर्त्तव्य
18. सरल कानूनी ज्ञान माला–18 नषीले पदार्थों सम्बन्धी दाण्डिक विधि
19. सरल कानूनी ज्ञान माला–19 उत्तराखण्ड राज्य में खेती जमीन का सरल कानूनी ज्ञान
20. सरल कानूनी ज्ञान माला–20 मजदूरों के कानूनी अधिकार
21. सरल कानूनी ज्ञान माला–21 प्रथम सूचना रिपोर्ट/गिरफ्तारी व जमानत के सम्बन्ध में नागरिकों के अधिकार व कर्त्तव्य
22. सरल कानूनी ज्ञान माला–22 दीवानी वादों से सम्बन्धित न्यायालय की प्रक्रिया
23. सरल कानूनी ज्ञान माला–23 प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961
24. सरल कानूनी ज्ञान माला–24 हिन्दू विवाह सम्पत्ति का अधिकार
25. सरल कानूनी ज्ञान माला–25 बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006
26. सरल कानूनी ज्ञान माला–26 उपभोक्ता संरक्षण कानून
27. सरल कानूनी ज्ञान माला–27 राश्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005
28. सरल कानूनी ज्ञान माला–28 घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005
29. सरल कानूनी ज्ञान माला–29 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
30. सरल कानूनी ज्ञान माला–30 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिकारों से सम्बन्धित कानून
31. सरल कानूनी ज्ञान माला–31 तलाक (हिन्दू विवाह अधिनियम)

32. सरल कानूनी ज्ञान माला–32 दहेज
33. सरल कानूनी ज्ञान माला–33 बंदियों के कानूनी अधिकार एवं कानूनी ज्ञान
34. सरल कानूनी ज्ञान माला–34 पुलिस षिकायत प्राधिकरणः एक परिचय
35. सरल कानूनी ज्ञान माला–35 मध्यस्थता सम्बन्धी पुस्तक
36. सरल कानूनी ज्ञान माला–36 श्रम कानून
37. सरल कानूनी ज्ञान माला–37 उत्तराखण्ड की कहानियां (कानूनी ज्ञान सम्बन्धी)
38. सरल कानूनी ज्ञान माला–38 सरकारी सेवा सम्बन्धी पुस्तक
39. सरल कानूनी ज्ञान माला–39 वरिश्ठ नागरिकों के कल्याण संबंधी अधिनियम
40. सरल कानूनी ज्ञान माला–40 एड्स को जानें
41. सरल कानूनी ज्ञान माला–41 मानसिक स्वास्थय अधिनियम, 1987 एवं विकलांगों के कानून एवं अधिकार
42. सरल कानूनी ज्ञान माला–42 षिक्षा का अधिकार– निःषुल्क एवं अनिवार्य षिक्षा
43. सरल कानूनी ज्ञान माला–43 कानून की जानकारी आखिर क्यों?

विधिक सेवाएं क्या हैं ?

विधिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायालय/प्राधिकरण/ट्रिब्यूनल्स के समक्ष विचाराधीन मामलों में पात्र व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

- सरकारी खर्च पर वकील उपलब्ध कराए जाते हैं।
- मुकद्मों की कोर्ट फीस दी जाती है।
- कागजात तैयार करने के खर्च दिए जाते हैं।
- गवाहों को बुलाने के लिए खर्च वहन किया जाता है।
- मुकद्मों के संबंध में अन्य आवश्यक खर्च भी दिये जाते हैं।

निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्र कौन है ?

1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी नागरिक,
2. संविधान के अनुच्छेद–23 में वर्णित मानव दुर्व्यवहार/बेगार के शिकार व्यक्ति,
3. सभी महिला एवं बच्चे,
4. सभी विकलांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति,
5. बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा एवं भूकम्प या औद्योगिक संकट जैसे दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्ति,
6. औद्योगिक क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी मजदूर,
7. जेल/कारागार/संरक्षण गृह/किशोर गृह एवं मनोचिकित्सक अस्पताल या परिचर्या गृह में निरूद्ध सभी व्यक्ति,
8. सभी ऐसे व्यक्ति जिनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय एक लाख या एक लाख रूपये से कम है,
9. भूतपूर्व सैनिक,
10. हिजड़ा समुदाय के व्यक्ति,

11. वरिष्ठ नागरिक।

12. HIV/एड्स से सवंमित व्यक्ति।

नोटः— क्रम संख्या 1, 7, 9, 10, 11 एवं 12 में वर्णित व्यक्तियों के लिये वार्षिक आय की कोई सीमा नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए लिखें या मिलें :—

सभी जिलो में दीवानी न्यायालय में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष (जिला जज) अथवा सचिव से एवं उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में कार्यरत उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अथवा सचिव से।

सदस्य सचिव — माननीय कार्यपालक अध्यक्ष

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल

उत्तराखण्ड

फोन : फैक्स 05942–236552, ई–मेल : slsa-uk@nic.in, ukslsanainital@gmail.com

प्रश्न : बाल विवाह क्या है ?

उत्तर :

- बाल विवाह वह है जिसमें लड़के या लड़की की कम उम्र में षादी की जाती है। यह प्रथा पुराने जमाने से हमारे देष में चली आ रही है। बच्चा एक ऐसा व्यक्ति है जो अभी 18 साल का नहीं हुआ है।
- एक ऐसी लड़की का विवाह जो 18 साल से कम की है या ऐसे लड़के का विवाह जो 21 साल से कम का है बाल विवाह कहलाएगा और इसे बाल विवाह निशेध अधिनियम, 2006 द्वारा प्रतिबंधित किया गया है।

प्रश्न : बाल विवाह के लिए दोशी कौन–कौन है ?

उत्तर :

- 18 साल से अधिक लेकिन 21 साल से कम उम्र का बालक जो विवाह करता है।
- जिस बालक या बालिका का विवाह हो, उसके माता–पिता संरक्षक अथवा वे व्यक्ति जिनकी देखरेख में बालक–बालिका है।
- वह व्यक्ति जो बाल–विवाह को सम्पन्न, संचालित करे अथवा दुश्प्रेरित करे। जैसे बाल विवाह कराने वाला पंडित आदि।
- वह व्यक्ति जो बाल–विवाह कराने में षामिल हो, या ऐसे विवाह करने के लिए प्रोत्साहित करे, निर्देष दे या बाल–विवाह को रोकने में असफल रहे अथवा उसमे सम्मिलित हो। जैसे बाल विवाह में षामिल बाराती, रिष्तेदार आदि।
- वह व्यक्ति जो मजिस्ट्रेट के विवाह निशेध संबंधी आदेष की अवहेलना करे।

प्रश्न : बाल–विवाह के लिए क्या दंड है ?

उत्तर :

- बाल–विवाह के आरोपियों को दो साल तक का कठोर कारावास (ऐसी जेल जहां मेहनत के काम कराये जाते हैं) या एक लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ हो सकते हैं।
- बाल–विवाह कराने वाले (माता–पिता, रिष्तेदार, विवाह कराने वाला पंडित, काजी आदि) भी हो सकता है जिसको तीन महीने तक की कैद और जुर्माना हो सकता है।

प्रश्न : क्या बाल विवाह के अपराध में किसी महिला को भी दंड मिल सकता है ?

उत्तर :

- बाल–विवाह कानून के तहत किसी महिला को कारावास की सजा नहीं दी जा सकती। माता, पालक को भी इस जुर्म में कैद नहीं किया जा सकता, केवल जुर्माना भरना पड़ेगा।
- इस अधिनियम के तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर–जमानती हैं।

प्रश्न : अधिनियम के अनुसार पीड़ित कौन है ?

उत्तर : बालक या बालिका जिसका विवाह हुआ हो और चाहे इसमें उसकी सहमति हो या न हो।

प्रश्न : बाल–विवाह की षिकायत कैसे होगी ?

उत्तर : जिस व्यक्ति का बाल–विवाह करवाया जा रहा हो, उसका कोई रिष्तेदार, दोस्त या जानकार बाल–विवाह के बारे में थाने जाकर पूरी जानकारी दे सकता है। इस पर पुलिस पूछताछ करके मजिस्ट्रेट के पास रिपोर्ट भेजेगी। मजिस्ट्रेट के कोर्ट में केस चलेगा और बाल विवाह साबित होने पर अपराधी व्यक्तियों को सजा दी जाएगी।

प्रश्न : बाल–विवाह निशेध अधिकारी कौन है ?

उत्तर :

- इस कानून के तहत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी।
- अक्षय तृतीया जैसे सामूहिक बाल–विवाहों के अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट के पास बाल–विवाह निशेध अधिकारी की षक्तियां होंगी।
- आवष्यकता पड़ने पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी करके बाल–विवाह निशेध अधिकारी को पुलिस अधिकारी की षक्तियां दी जायेंगी।
- बाल–विवाह निशेध कानून का पालन करने के उद्देष्य से उठाये गये किसी कदम के लिए बाल–विवाह निशेध अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं की जा सकती।

प्रश्न : बाल–विवाह निशेध अधिकारी के कर्तव्य क्या हैं ?

उत्तर :

- उचित कार्यवाही से बाल–विवाह रोकना।
- कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण के लिए प्रमाण इकट्ठे करना।
- समुदाय में लोगों से सलाह–मषवरा करना।
- समुदाय के लोगों में जागरूकता पैदा करना।
- बाल–विवाह निशेध अधिकारी के पास बच्चों की अभिरक्षा, भरण–पोशण और न्यायिक मजिस्ट्रेट से की गई षिकायत के संदर्भ में न्यायालय में आवेदन करने की षक्ति होगी।

प्रश्न : बाल–विवाह निशेध अधिकारी के सहायक कौन होंगे ?

उत्तर : प्रत्येक राज्य सरकार निम्नलिखित को नियुक्त कर सकती है –

- कोई भी सम्मानित व्यक्ति जिसको सामाजिक कार्य करने का अनुभव हो।
- ग्राम पंचायत या नगर पालिका का कोई अधिकारी।
- किसी सरकारी या गैर–सरकारी संस्था का अधिकारी।

प्रश्न : क्या बाल–विवाह को कानूनी रूप से गैरकानूनी (अवैध) घोशित किया जा सकता है ?

उत्तर :

- विवाह बंधन में आने के बाद किसी भी बालक या बालिका की अनिच्छा होने पर उस बाल–विवाह को न्यायालय द्वारा अवैध घोशित करवाया जा सकता है।
- बाल–विवाह के बंधन में बालक/बालिका वयस्क होने के दो साल के अंदर जिला न्यायालय में अर्जी दायर कर सकते हैं।

प्रश्न : क्या बाल–विवाह षुरू से ही अवैध होता है ?

उत्तर : हां। यदि विवाह के लिए बालक/बालिका को उसके कानूनी अभिरक्षक से दूर ले जाया जाए या उसे किसी दूसरे स्थान पर जाने के लिए मजबूर किया जाए।

या

विवाह के लिए बेचा जाए या विवाह के बाद मानव तस्करी की जाए।

या

न्यायिक आदेष का उल्लंघन करके बाल–विवाह आयोजित करवाया जाये।

प्रश्न : क्या बाल–विवाह के रद्द होने के बाद बालिका को भरण–पोशण और निवास का अधिकार है ?

उत्तर :

- जिला न्यायालय उसके पति को भरण–पोशण देने का आदेष देगा, यदि वह वयस्क है। यदि विवाह बंधन में लड़का नाबालिग है तो न्यायालय उसके मां–बाप या अभिरक्षक को यह आदेष देगा। जिला न्यायालय दोनों पक्षों को विवाह में दिए गए गहने, कीमती वस्तुऐं और धन लौटाने के आदेष देगा।
- यदि याचिका/आवेदन बालिका द्वारा दायर की गई है तो न्यायालय उसके पुनर्विवाह होने तक उसके निवास के लिए भी आदेष देगा।

प्रश्न : बाल–विवाह से संबंधित मामलों में याचिका किस न्यायालय में दायर की जा सकती है ?

उत्तर :

- बाल–विवाह कानून के तहत किसी भी राहत के लिये संबंधित निम्नलिखित जिला न्यायालय में अर्जी दी जा सकती है–
- प्रतिवादी के निवास स्थान से संबंधित जिला न्यायालय।
- बाल–विवाह के स्थान पर।
- जिस जगह पर दोनों पक्ष पहले एक साथ रह रहे थे।
- याचिकाकर्ता वर्तमान में जहां रह रहा हो, उससे संबंधित जिला न्यायालय।
-

प्रश्न : बाल–विवाह के क्या कुप्रभाव हैं ?

उत्तर :

- कम उम्र में गर्भाधान के मामलों में वृद्धि।
- समय से पहले प्रसव की अधिक घटनायें।
- माताओं की मृत्यु–दर में वृद्धि।

- गर्भपात और मृत–प्रसव की ऊंची दर।
- षिषु मृत्यु–दर और अस्वस्थता दर में वृद्धि।
- घरेलू हिंसा और लिंग आधारित हिंसा।
- बच्चों के अवैध व्यापार और लड़कियों की बिक्री में वृद्धि।
- बच्चों द्वारा पढ़ाई छोड़ने की घटनाओं में वृद्धि।
- बाल मजदूरी और कामकाजी बच्चों का षोशण।
- लड़कियों पर समय से पहले घरेलू कामकाज की जिम्मेदारी।

प्रश्न : क्या बाल–विवाह रोका जा सकता है ?

उत्तर : हां, समय रहते षिकायत स्वयं करने या रिष्तेदार, दोस्त आदि द्वारा मजिस्ट्रेट के पास दर्ज करने पर आदेष मिलने पर पुलिस ऐसे विवाह को रोकने की कार्यवाही करेगी और दोशी को सजा या जुर्माना हेतु केस दर्ज किया जाएगा।

विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रार्थना – पत्र

सेवा में,

सचिव,
उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति/उपसमिति/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/तहसील विधिक सेवा समिति,
तहसील – जनपद–

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी/विधवा .... निवासी .... विधिक सहायता/परामर्श प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आवेदन करता/करती हूँ–

1. समस्त स्रोतों से मेरी वार्षिक आय रु. 3,00, 000/– (तीन लाख रुपया)तक है (आय प्रमाण पत्र संलग्न है)
2. मैं पात्रता की निम्न श्रेणी में आता हूँ/आती हूँ (जो लागू हो उसके सामने सही का निशान लगायें) :–

(क) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति
(ख) मानव दुर्व्यवहार या बेगार का सताया हुआ
(ग) स्त्री या बालक
(घ) मानसिक रूप से अस्वस्थ
(ड़) बहु विनाश, जातीय हिंसास, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकम्प या औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताया हुआ व्यक्ति।
(च) औद्योगिक कर्मकार
(छ) युद्व में शहीद सैनिक आश्रित
(ज) अभिरक्षा में (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. विधिक सेवा परामर्श की प्रकृति विवाद का कारण, दावे प्रतिवादी आदि का संक्षिप्त विवरण।
4. क्या विधिक सेवा परामर्श प्राप्त करने के लिए पूर्व में कोई प्रार्थना पत्र दिया था? यदि हॉ तो उसका परिणाम?
5. मुझे निम्न प्रकार की कानूनी सहायता वांछित है :–

(1) वाद दायर करने/प्रतिवाद करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सेवायें
(2) कोर्ट फीस की मद में अदा की जाने वाली धनराशि
(3) अभिलेख प्राप्त करने हेतु व्यय की गयी/व्यय होने वाली धनराशि
(4) वाद व्यय की मद में व्यय की गयी धनराशि
(5) केवल विधिक परामर्श

मैं विश्वास दिलाता हूँ/दिलाती हूँ कि विधिक सेवा प्रदान किये जाने की स्थिति में मैं उपलब्ध कराये गये अधिवक्ता तथा जिला प्राधिकरण/उच्च न्यायालय समिति को पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा/करूंगी और किसी भी बात को नहीं छुपाऊॅगा/छुपाऊॅगी।

प्रार्थी/प्रार्थिनी
पता –
नाम –

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकें

1. सरल कानूनी ज्ञान माला–1 — उत्तराखण्ड राज्य में लोक अदालत एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम
2. सरल कानूनी ज्ञान माला–2 — पशुओं की सुरक्षा हेतु बनाये गये महत्वूपर्ण नियमों का संक्षिप्त विवरण
3. सरल कानूनी ज्ञान माला–3 — वन संबंधी कानून की संक्षिप्त जानकारी
4. सरल कानूनी ज्ञान माला–4 — उपभोक्ताओं के लिए बनाए गए कानून का संक्षिप्त विवरण
